डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित | मंगलवार, 11 जुलाई 2023 | वर्ष-40 | अंक-28 | मूल्य ₹ 10.00

ट्रिपल आईटीएम का चतुर्थ दीक्षांत समारोह

विद्यार्थी अपने कार्यों से समस्याओं का समाधान खोजें – राष्ट्रपति

विद्यार्थी आत्म-विश्वास के साथ दुनिया में कदम रखें और आगे बढ़ते जायें। लक्ष्य से निगाह न हटने दें, कोई भी बाधा और चुनौती आपको अपना लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक पाएगी। सफल होकर आप सब दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करें। साथ ही शिक्षा का उपयोग कर देश को आगे ले जायें और अपनी सोच तथा कार्यों से देश और दुनिया की समस्याओं का समाधान ढूंढने में योगदान दें। जीवन में स्वयं से सवाल कर अपने को बेहतर बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहें। ये बातें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान ग्वालियर (ट्रिपल आईटीएम) के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंध संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करती हुईं

ग्वालियर, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने समारोह में परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमैन पद्मविभूषण डॉ. अनिल काकोड़कर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया। साथ ही 7 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। वर्ष 2023 में पास आउट 283 विद्यार्थियों को बीटेक, एमटेक एवं मैनेजमेंट की उपाधियां प्रदान की गईं। राष्ट्रपति ने ट्रिपल आईटीएम में 500 बेड के छात्रावास की आधारशिला भी रखी। साथ ही मलिन बस्तियों के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें पुस्तकें भेंट कीं।

श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि आप सब समाज के उन लोगों के बारे में भी सोचें जो विकास की यात्रा में थोड़े पीछे रह गए हैं। समाज के प्रति उत्तरदायित्व की धारणा आपकी प्रगति के लिये उपयोगी सिद्ध होगी। दूसरों की सहायता करने से स्वयं की क्षमताओं का भी विकास होता है, यह मेरा भी निजी अनुभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि अनुसूचित जनजाति की सबसे बड़ी आबादी मध्यप्रदेश में रहती है। प्रसन्नता की बात है कि मध्यप्रदेश में कमजोर वर्गों एवं महिलाओं का कल्याण करने की भावना के साथ अच्छे कदम उठाए जा रहे हैं। जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत भी मध्यप्रदेश ने ही की है। उन्होंने मध्यप्रदेश की पिछली शहडोल यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे वहां पर पेसा एक्ट का शुभारंभ करने का अवसर मिला था। यह एक्ट जनजातीय समुदाय के लोगों के हित में लागू किया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह इसलिये भी विशेष है क्योंकि संस्थान ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने उपाधियां प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके परिजनों एवं प्राध्यापकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह खुशी की बात है कि ट्रिपल आईटीएम ग्वालियर शिक्षा का एक ऐसा उत्कृष्ट केन्द्र बनने की ओर अग्रसर है जहां उच्च स्तर की शिक्षा और अनुसंधान को निरंतर बढ़ावा मिलेगा। खुशी की बात है कि इस संस्था ने स्थानीय समुदायों की मदद के लिये विभिन्न गतिविधियां शुरू की हैं। संस्थान के विद्यार्थी और प्राध्यापक स्थानीय समुदायों के कमजोर परिवारों के बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आर्थिक लाभ महत्वपूर्ण होता है।

श्रीमती मुर्मु ने ग्वालियर की सराहना करते हुए कहा कि शहर प्रदेश के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक है। यह महलों, मंदिरों और किलों के लिये तो प्रसिद्ध है ही, भारतीय इतिहास में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने मराठाओं के संघर्ष और सिंधिया राजवंश द्वारा ग्वालियर के विकास में दिए गए योगदान का भी विशेष जिक्र किया। साथ ही कहा कि ग्वालियर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिये भी जाना जाता है।

राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि कल्याणकारी राज्य में वही प्रौद्योगिकी सफल है, जिसका उपयोग सामाजिक न्याय के एक साधन के रूप में हो सके। समग्र विकास के लिये जरूरी है कि स्मार्ट उपकरण और प्रणालियां सामान्य लोगों की पहुंच में हों। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि नवाचारों के माध्यम से नागरिकों के कल्याण और विकास के नए समाधान प्रस्तुत करने के लिये तत्परता से कार्य करें। सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ के रूप में युवाओं से देश और समाज को बहुत आशाएं हैं। राष्ट्र का कल्याण युवाओं का लक्ष्य होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज भारत के पास टैलेंट, टेक्नोलॉजी, प्रबंधन और नेतृत्व का संगम है, जो भारत को आने वाले समय में विश्व गुरु बनायेगा। जिस प्रकार 18वीं सदी में औद्योगिक क्रांति के दौरान वैश्विक अर्थ-व्यवस्था को गतिमान रखने के लिये डीजल और पेट्रोल की आवश्यकता थी, उसी प्रकार 21वीं सदी में गति के लिये डाटा ईंधन का काम कर रहा है। एनालेटिक्स, मशीन लर्निंग, बिग डाटा और क्वांटम कम्प्यूटिंग सभी आज के युग की बड़ी आवश्यकता हैं। विद्यार्थी स्वयं इन सभी में महारत हासिल कर, समाज और देश को आगे बढ़ायें।

श्री चौहान ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना स्व. श्री माधव राव सिंधिया ने की थी, जब वे देश के मानव संसाधन विकास मंत्री थे। श्री अटल बिहारी वाजपेयी का मध्यप्रदेश से अटूट नाता रहा है। श्री वाजपेयी ओजस्वी, तेजस्वी और यशस्वी व्यक्तित्व थे। उनके जीवन का संदेश था कि हमको जीवन में कभी हार नहीं मानना है, हमेशा आगे बढ़ते रहना है। विद्यार्थियों को उनके संदेश का अनुकरण कर अपने जीवन को सफल बनाना है। आप सभी को सौभाग्य मिला है कि आप अपनी योग्यता से देश और समाज के लिये कार्य करें। आपको अनिंग के साथ लर्निंग का भी पूरा ध्यान रख कर निरंतर प्रगति करना है।

केन्द्रीय विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि अपने मन में सदैव यह भाव रखें कि हम केवल लक्ष्य की पूर्ति से संतुष्ट न होकर सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करते रहेंगे। साथ ही जिस संस्थान से शिक्षा ग्रहण की है उस संस्थान का मान-सम्मान रखकर देश का गौरव बढ़ाने में योगदान देते रहें। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक तरक्की कर रहा है। कुछ साल पहले तक भारत 11वीं आर्थिक शक्ति हुआ करता था जो अब पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जायेगा। देश का भविष्य निर्माण आप सबके सहयोग से ही होगा।

चंद्रयान-3 की उड़ान
मुख्यमंत्री ने सफल लॉन्चिंग पर इसरो को दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्रप्रदेश के श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर इसरो की समस्त टीम को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि 'भारत दुनिया की चौथी अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की ओर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नित नए कीर्तिमान गढ़ रहे हमारे इस नए मिशन पर दुनियाभर की नजर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि देश के वैज्ञानिकों की मेहनत सार्थक होगी, लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और भारत के इस कीर्तिमान से चांद के विज्ञान को सारी दुनिया जानेगी।'

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

पंचायत पदाधिकारियों के मानदेय में तीन गुना वृद्धि - मुख्यमंत्री

भोपाल, त्रि-स्तरीय पंचायत, राज्य संस्थाओं के प्रतिनिधि ग्रामीण विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मनरेगा फंड सहित अन्य योजनाओं की राशि का सदुपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को आसान बनाने का कार्य किया जाए। संबल योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के लिए सजग और सक्रिय रहें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगल क्लिक के द्वारा मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना में 26 हजार 150 श्रमिकों को 583 करोड़ 36 लाख रुपये की राशि का अंतरण करते हुए कहीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचायत राज प्रतिनिधियों से संवाद में प्रदेश के सरपंच, सचिव और रोज़गार सहायकों वर्चुअली चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक परिवारों को प्राप्त सहायता राशि उनके लिए संबल साबित होगी। जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, उप सरपंच, पंच आदि के मानदेय में लगभग तीन गुना वृद्धि की जा रही है।

श्री चौहान ने कहा कि संबल योजना में दी गई राशि से मजदूर परिवारों की आजीविका की गाड़ी चल सकेगी। संबल योजना की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी। 16 मई 2022 को मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल 2.0) लागू की गई। गरीब श्रमिकों को रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा संकट की स्थिति में आर्थिक सहायता मिले, इस उद्देश्य से योजना प्रारंभ की गई थी। परिवार में किसी के बीमार होने, प्रसूति, दिव्यांगता और असामयिक मृत्यु पर परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दरिद्र नारायण के सेवा के विचार को क्रियान्वित करने के लिए योजना प्रारंभ की गई। पूर्व सरकार ने योजना में पात्र हितग्राहियों के नाम काटने और योजना को बंद करने का श्रमिक विरोधी कार्य किया। हमने इसे पुन: प्रारंभ कर नए आयाम जोड़े। अभियान संचालित कर संबल 2.0 में 17 लाख पात्र नाम जोड़े गए।

सप्त क्रांति से महिलाओं के जीवन में लाया जा रहा है सकारात्मक बदलाव

इंदौर, सप्त क्रांति के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं एवं बेटियों के मान-स्वाभिमान को बढ़ाने, जीवन की सुरक्षा, सशक्त बनाने, कल्याण, शिक्षा तथा स्वास्थ्य में मदद देने और आजीविका के साधन तथा अवसर उपलब्ध कराने के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। महिलाओं एवं बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की पहल की जा रही है। यह एक सामाजिक क्रांति है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में लाड़ली बहनों को प्रदेशान्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में दस तारीख का दिन अब ऐतिहासिक हो गया है। यह दिन बहनों के सम्मान, शान, स्वाभिमान, स्वावलंबन तथा सामाजिक क्रांति का दिन बन गया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में मिल रही राशि को बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह तक किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को आजीविका मिशन में अवसर उपलब्ध करा कर उनकी आमदनी हर माह 10 हजार रुपये तक की जायेगी।

मध्यप्रदेश में बहनों के उत्थान के लिए सप्त क्रांति

- लाड़ली लक्ष्मी योजना
- पंचायत एवं स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण
- शिक्षकों की भर्ती में 50 प्रतिशत तथा पुलिस की भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना
- बहनों के नाम सम्पत्ति की रजिस्ट्री पर 1 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क
- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना
- आजीविका मिशन के माध्यम से हर बहन की आमदनी 10 हजार महीना करने का लक्ष्य। महिला स्व-सहायता समूह को विभिन्न गतिविधियों के लिए बैंकों से 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

8 जुलाई

छात्र और शिक्षक शैक्षिक यात्रा के लिए जापान रवाना

● केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी (जेएसटी) एजेंसी के सहयोग से 63 छात्रों और शिक्षकों के एक दल को जापान के औद्योगिक संगठनों, संग्रहालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों आदि की शैक्षिक यात्रा के लिए जापान रवाना किया। ये दल विभिन्न विषयों की जानकारी एकत्र करेंगे, जो उनके कैरियर में आगे मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। ये युवा शिक्षार्थी केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों के कक्षा 11-12 के विद्यार्थी हैं, जो विभिन्न विषय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के इच्छुक हैं।

● उज्बेकिस्तान के केंद्रीय चुनाव आयोग के निमंत्रण पर भारत के निर्वाचन आयुक्त डॉ. अनूप चन्द्र पांडे वहां होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का निरीक्षण करने के लिए उज्बेकिस्तान में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। मौजूदा राष्ट्रपति सहित चार उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। यह चुनाव उज्बेकिस्तान में इस साल अप्रैल में हुए जनमत संग्रह के बाद अपनाये गये नये संविधान के ढांचे के तहत हो रहा है। इस चुनाव पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की गहरी नजर है।

9 जुलाई

जी20 संस्कृति कार्य समूह की बैठक हम्पी में शुरू

● तीसरी जी20 संस्कृति समूह (सीडब्ल्यूजी) की बैठक कर्नाटक के हम्पी में शुरू हुई। सीडब्ल्यूजी की पहली दो बैठकें खजुराहो और भुवनेश्वर में हुई थीं। हम्पी में तीसरी बैठक में जी20 सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और सात बहुपक्षीय संगठनों से लगभग 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। तीसरी सीडब्ल्यूजी बैठक सीडब्ल्यूजी की 4 प्राथमिकताओं से संबंधित साझा की गई सिफारिशों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर आम सहमति हासिल करने का प्रयास करेगी। संस्कृति कार्य समूह की बैठकें 4 मुख्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

● लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला ने अपनी मंगोलिया यात्रा के अंतिम दिन मंगोलियाई संसद ग्रेट खुराल के अध्यक्ष गोम्बोजावियन जंदानशतार के साथ मुलाकात की। इस दौरान श्री ओम बिड़ला ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह यात्रा भारत और मंगोलिया के बीच मौजूदा रिश्तों को मजबूत करेगी। दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत करने के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

10 जुलाई

विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में मनाया जाएगा एंटी रैगिंग सप्ताह

● देश के सभी इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी, आर्किटेक्चर क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थानों में सत्र के पहले दिन नए छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में एंटी रैगिंग की क्लास चलेगी। इसके अलावा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 12 से 18 अगस्त के बीच एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत पोस्टर, लोगो, स्लोगन, निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवायी जाएगी। इसके माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। वीडियो, लघु फिल्में, पोस्टरों के माध्यम से कैंपस को रैगिंग मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष और विदेशों में कैंपस स्थापित करने वाली समिति के सदस्य प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कारण शैक्षणिक सत्र 2023-24 से भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। नैक ए ग्रेड और शीर्ष एनआईआरएफ रैंकिंग वाले उच्च शिक्षण संस्थान विदेशों में अपना कैंपस स्थापित करने के लिए योग्य होंगे। विदेशों में भारतीय कैंपस स्थापित करने के लिए यूजीसी रेगुलेशन जल्द आएगा। इसके आधार पर आगे विश्वविद्यालय आवेदन कर पाएंगे।

11 जुलाई

आईआईटी मद्रास के विदेशी कैंपस की कक्षाएं होंगी शुरू

● आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी कामकोटि ने बताया कि जांजीबार में आईआईटी मद्रास का कैंपस खुलना संस्थान के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। यहां अक्टूबर से पहले सत्र की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इस परिसर में स्कूल ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग का पहला स्कूल बनेगा। उन्होंने बताया कि यहां स्नातक कोर्स में जेईई एडवांस्ड के बगैर दाखिला मिलेगा। संस्थान का ग्लोबल इंगेजमेंट कार्यालय प्रवेश प्रक्रिया देखेगा। इसमें अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का आईआईटीएम के सीनेट से मंजूर प्रवेश परीक्षा के अनुसार एक स्क्रीनिंग टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर चयन किया जाएगा।

● भारत में नथिंग कंपनी का पहला एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर अगस्त में बेंगलुरु में खोला जाएगा। यह यूजर्स के लिए ग्राहक सहायता और बिक्री के बाद की सर्विस प्रदान करेगा। नथिंग का लक्ष्य इस साल के अंत तक पांच और 2024 तक 20 सर्विस सेंटर लॉन्च करने का है। एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर द्वारा नथिंग ग्राहकों के लिए समय-समय पर सर्विस कैंप भी पेश करेगी।

12 जुलाई

एम्स ने पीएचडी में चयन के लिए इंटरव्यू हटाने का दिया प्रस्ताव

● ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (AIIMS) ने पीएचडी सेलेक्शन प्रोसेस को लिखित परीक्षा के आधार पर करने और सभी चरणों में इंटरव्यू हटाने का प्रस्ताव दिया है। संस्थान ने कहा कि Ph.D. सिलेक्शन में अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से इंटरव्यू को खत्म करने का प्रस्ताव दिया गया है। पीएच.डी. के लिए चयन प्रक्रिया में प्रस्तावित संशोधनों का एक मसौदा तैयार किया गया है। शैक्षणिक अनुभाग को इसकी तुरंत जांच के लिए कहा गया है।

● ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर अब 28 फीसदी की दर से जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा। यह कर खिलाड़ियों की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की अनुशंसा के आधार पर इन गतिविधियों में किए गए भुगतान पर 28 फीसदी कर लगाने का निर्णय लिया गया है।

13 जुलाई

नेपाल में हेलीकॉप्टरों की गैर जरूरी उड़ानों पर लगा प्रतिबंध

● नेपाल के विमानन नियामक ने दो महीने के लिए हेलीकॉप्टरों की गैर-आवश्यक उड़ानों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध दर्शनीय स्थलों की यात्रा पर भी लागू होगा। अभी हाल में पूर्वी नेपाल में माउंट एवरेस्ट के पास एक निजी वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद यह फैसला लिया गया है।

● आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बड़ी राहत दी है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम को अंतिम मंजूरी दे दी है। आईएमएफ के एक अधिकारी के अनुसार कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान को नौ महीने की स्टैंड बाय व्यवस्था को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को आर्थिक संकट से उबारने के लिए बेलआउट प्रोग्राम को मंजूरी दी गई है।

14 जुलाई

आर्टिफिशियल स्फीनर एस्पार्टेम से कैंसर का खतरा

● वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि सॉफ्ट ड्रिंक्स और फूड आइटम को मीठा करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे आर्टिफिशियल स्वीटनर एस्पार्टेम से कैंसर होने का खतरा है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (IARC) एस्पार्टेम को ऐसे पदार्थों की लिस्ट में शामिल करेगी, जिनसे कैंसर हो सकता है या इसका खतरा बढ़ जाता है। पिछले साल फ्रांस में एस्पार्टेम पर एक रिसर्च हुई।

● जापान में टेस्ट के दौरान एक रॉकेट के इंजन में विस्फोट हो गया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि एप्लिलॉन एस रॉकेट के इंजन में टेस्ट के दौरान यह विस्फोट हुआ। टेलीविजन फुटेज में विस्फोट के बाद परीक्षण केंद्र आग की लपटों में घिरा हुआ दिखा। घटनास्थल पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

KOTHARI COLLEGE OF MANAGEMENT, SCIENCE & TECHNOLOGY, INDORE
Affiliated to DAVV, A Higher Education Department of M.P. Govt.
REQUIRED
PRINCIPAL
Department of Management & Commerce : Professor / Assistant Professor
Department of Computer : CS / IT : Assistant Professor
Department of Arts : Assistant Professor :
History, Political Science, Geography & Economics
Department of Social Work : Assistant Professor
Lab Assistant :- Computer / Physics
Training, Placement Officer & Academic Counsellor
Qualification & Pay Scales as per UGC Norms, Candidates have to bring all testimonials in original along with one set of photo copy, certificates. Apply within 7 days.
Scheme No.140, Greater Brajeshwari, Pipliyahana Chouraha, Indore (M.P.)
E-Mail : kotharicollege@gmail.com
Call - 93007-28836
R-48784/2023

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 10 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
PARAMEDICAL
LIMITED SEATS
MPT Masters of Physiotherapy - (Ortho// Neuro// Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT
BPT Bachelor of Physiotherapy* 4½ yrs Degree Course
BMLT Bachelor of Medical Lab Technology* 3 yrs Degree Course
B.Sc Human Nutrition* 3 yrs Degree Course
DMLT Diploma in Medical Lab Technology* 2 yrs Diploma Course
DDT Diploma in Dialysis Technology* 2 yrs Diploma Course
Diploma in
• Anesthesia Technician • Optometric Refraction
• X-Ray Radiographer • Cath lab Technician
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
0755 - 400 5203, 5295, 5281
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)
R-48785/2023

Pt. Moti Lal Nehru Law College, Sagar Road, Chhatarpur (M.P.)
ESTABLISHED IN 1961
Running Course-B.A.LL.B. (5yrs), LL.B. (3yrs) and LL.M.
New courses introduced : B.B.A. LL.B.(Hons) and B.Com. LL.B.
Application invited with Biodata in plain paper, photocopy of all attested supporting documents and a passport size photograph of the candidate. It should be submitted to the undersigned with in 30 days from the date of publication of this advertisement.

No.	Post	No. of the Post	Subject	Qualification	Pay Scale	Experience
1	Assistant Professor	Ten	Law	Minimum qualification as per UGC/M.P. State Govt (College Code 28) and who has passed NET/Slet examination/Ph.D. Should apply.	Basic Pay As per UGC/State Govt./Society Norms	Preference will be given to the candidate who has:- 1. ability of teaching in English 2. having Ph.D. in Law 3. having M.B.A. Degree.
2	Associate Professor	One	Law	Minimum qualification as per UGC/M.P. State Govt (College Code 28) and who has passed NET/Slet examination/Ph.D. Should apply With suitable experience	Basic Pay As per UGC/State Govt./Society Norms	Preference will be given to candidate who has sufficient experience in research work.

The Authority will have right to fill up the vacant posts as desired
Secretary Governing Body
Pt. Moti Lal Nehru Law College,
Sagar Road, Chhatarpur (M.P.) 471001
R-48783/2023

वर्ष 40, अंक 29 17.07.2023 से 23.07.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

लाड़ली बहना सेना

प्रदेश के गांव-गांव, शहर-शहर में लाड़ली बहना सेनाएं बनायी गयी हैं। इसका उद्देश्य बहनों को सशक्त और सक्षम बनाना है। यह सेना बहनों और बेटियों से संबंधित और अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में जागरूक भी करेगी। इस तरह प्रदेश के विकास और जनता के कल्याण में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस संबंध में इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक माह लाड़ली बहना सेना की दो बैठकें होंगी। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री धार जिले के मोहनखेड़ा में लाड़ली बहना महासम्मेलन में बहनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लाड़ली बहना सेना को सामूहिक शपथ दिलवायी। साथ ही लाड़ली बहनों को बहन-बेटियों के कल्याण और प्रदेश के विकास में पूरा सहयोग करने का संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री ने सामूहिक संगठन की शक्ति पर बल देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक लकड़ी को कोई भी तोड़ लेता है, पर लकड़ी के गट्ठे को तोड़ना मुश्किल होता है, उसी प्रकार यदि सब बहनें एक हो जायें तो उन्हें कोई भी दबा नहीं सकेगा, परेशान नहीं कर सकेगा, बल्कि वे दूसरों को ताकत प्रदान करेंगी। लाड़ली बहना सेना के गठन के पीछे यही मुख्य अवधारणा है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर मजबूत बनेंगे और देश-दुनिया में नया इतिहास रचेंगे। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सेना को शपथ दिलायी कि ''वे क्षेत्र की बहनों के कल्याण के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें देंगी, जागरूक करेंगी, क्षेत्र की जनता को सरकार की सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए हर संभव सहयोग करेंगी, सभी बहनों की अपने परिवार के सदस्य की तरह चिंता करेंगी और उन्हें पैरों पर खड़ा होने में पूरी मदद करेंगी। इसके साथ ही सामाजिक अभियानों जैसे नशामुक्ति, पेड़ लगाने, बिजली बचाने, बेटी बचाने, बेटी पढ़ाने और पानी बचाने जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनें आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। योजना की राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपये तक किया जाएगा। योजना में 21 वर्ष की बहनों और उन बहनों जिनके परिवार में ट्रैक्टर है अथवा 5 एकड़ भूमि है, को भी शामिल किया जा रहा है। ऐसी सभी बहनों के फार्म आगामी 25 जुलाई से भरे जाएंगे। लाड़ली बहना योजना में अभी तक प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन में गांव-गांव, शहर-शहर महिलाओं के स्व-सहायता समूह गठित किए जा रहे हैं। जिन्हें सरकार विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायता दे रही है। हमारा लक्ष्य है कि हर बहन की आय प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रुपये हो।

भाग-दौड़ करने वालों को दर्द आसानी से तकलीफ नहीं दे पाता

महिला हो या पुरुष रोज़मर्रा के जीवन में भाग-दौड़ में लगे रहते हैं। भाग-दौड़ से मनुष्य थकता है और उसे बेहतर नींद आती है, लेकिन अब भाग-दौड़ के एक नए तथ्य का पता चला है। इसके अनुसार शारीरिक रूप से सक्रिय रहने की आदत लंबे समय तक दर्द को रोकने और उसके प्रबंधन में मददगार हो सकती है। इससे दर्द सहन करने की क्षमता में बढ़ोतरी होती है। नॉर्वे में करीब दस हजार वयस्कों पर हुए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। नॉर्वे के यूनिवर्सिटी अस्पताल में हुए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है, इनके अनुभव के आधार पर आंकड़े हासिल किए गए हैं। यह एक ट्रोमसो अध्ययन था, जो समय-समय पर नॉर्वे में किया जाता है। यह देश की ज्यादातर जनसंख्या को शामिल किए जाने वाला एक सर्वे होता है। शोधकर्ताओं ने सर्वे के दो चरणों में जमा किए गए आंकड़ों का उपयोग किया, जो कि 2007 से 2008 और 2015 से 2016 के बीच किए गए थे। अध्ययन के लेखक ने बताया कि पुराने अध्ययनों में विशेष वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया था। जबकि नए अध्ययन में दर्द सहने और शारीरिक गतिविधि के बीच संबंध में ज्यादा स्पष्टता लाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में शोधकर्ताओं का कहना है कि खेल और सैन्य सहित कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां इंसान की शारीरिक क्षमता के साथ दर्द सहने की क्षमता का भी बहुत महत्व होता है। सालों से विशेषज्ञ यह मानते आ रहे थे कि शारीरिक गतिविधियों की आदत लंबे समय के दर्द को रोकने और प्रबंधन में मददगार हो सकती है, लेकिन इसके कोई प्रमाणित नतीजे नहीं थे, शोधकर्ताओं ने कहा कि इस शोध का फायदा केवल एक प्रचलित धारणा को सिद्ध करना ही नहीं है, बल्कि उसे वैज्ञानिक आधार प्रदान करना भी है। इससे अब शारीरिक सक्रियता और दर्द सहन करने की क्षमता के बीच संबंध भविष्य में कई चिकित्सीय प्रयोगों और उपचार पद्धतियों के विकास में उपयोग में लाया जा सकेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

विश्व जनसंख्या दिवस | 11 जुलाई

सीमित आबादी संग संभव है बेहतर भविष्य

वैश्विक जनसंख्या 8 अरब से अधिक हो चुकी है, जिसमें से यदि हम महिलाएं जो आधी आबादी है उनके लिए समाज में बनी नीतियों और अधिकारों की बात करें तो वे कहीं अधिक पीछे नजर आती हैं। इसलिए वर्ष 2023 का विश्व जनसंख्या दिवस लैंगिक भेदभाव से मुक्त होकर स्त्रियों को मुख्यधारा में शामिल करते हुए आगे बढ़ने के लिए अनिवार्य है, इस पर केन्द्रित है। 11 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस संपूर्ण विश्व में जनसंख्या को नियंत्रित करने और वैश्विक आबादी को बेहतर जीवन स्तर मिले इस पर केन्द्रित करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत

11 जुलाई 1987 तक विश्व जनसंख्या 5 अरब से अधिक हो चुकी थी। संपूर्ण विश्व में बढ़ती आबादी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया था। इसी के तहत 11 जुलाई 1989 को संयुक्त राष्ट्र ने एक सभा का आयोजन कर 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाने का निर्णय लिया था। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण यह है कि बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए, उन्हें इसके दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया जाए ताकि गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी की समस्या से बच सकें। तेज गति से बढ़ती आबादी का नकारात्मक प्रभाव दुनियाभर के पर्यावरण पर तीव्र गति से बढ़ रहा है। इसलिए पर्यावरण पर हो रहे इस विपरीत प्रभाव को रोकने और लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना इसका प्रमुख महत्व है। इसके साथ ही संपूर्ण विश्व के लोगों को प्रेरित करना है कि एक दिन संपूर्ण विश्व स्थाई जनसंख्या को प्राप्त कर सके और हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को कोई भी नुकसान न हो। यह तो हुई लक्ष्य की बात लेकिन भारत की जनगणना कोविड की वजह से 2021 में नहीं हुई है। ऐसे में अप्रैल में यूएनएफपीए की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) पहुंच गई है, वहीं चीन की आबादी 1,425.7 मिलियन (142.57 करोड़) है। आंकड़ों के आधार पर भारत 2.9 मिलियन यानी 29 लाख के अंतर से चीन से आगे है। वैश्विक जनसंख्या के हित के लिए काम करने वाली संस्था संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की स्थापना वर्ष 1969 में की गई। UNFPA संयुक्त राष्ट्र की यौन और प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी है। UNFPA वैश्विक स्तर पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तृत विषयों पर कार्य करता है, जिसमें स्वैच्छिक परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य देखभाल और व्यापक यौन शिक्षा शामिल है।

वर्ष 2023 की थीम

देशभर में बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल इसे एक थीम के साथ मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विश्व जनसंख्या दिवस 2023 की थीम : "Unleashing the power of gender equality : Uplifting the voices of women and girls to unlock our world's infinite possibilities" है। इसका अर्थ है कि हमें लैंगिक समानता के महत्व को दुनिया के सामने लाना होगा, साथ ही महिलाओं और लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा। उनकी वैश्विक विकास में भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। वैश्विक जनसंख्या में 49.7 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है, फिर भी महिलाओं और लड़कियों को अक्सर जनसांख्यिकी चर्चा में



नजरअंदाज कर दिया जाता है, जनसंख्या नीतियों के निर्माण में उनके अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है। इसका परिणाम यह है कि वैश्विक परिदृश्य से स्त्रियों को बाहर कर दिया जाता है, उन्हें हाशिये पर डाल देते हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा, कुप्रथाओं और सही देखभाल न होने से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। हमें न्यायसंगत और स्थायी समृद्ध विश्व के निर्माण के लिए लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना चाहिए। महिलाएं सभी स्तरों पर सर्वसम्मति से आगे बढ़ाने और शांति स्थापित करने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती हैं। फिर भी केवल छह देशों की संसद में 50 प्रतिशत या उससे अधिक महिलाएं हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े अधिकार, स्त्री होने के कारण आर्थिक संकट, शिक्षा की कमी समेत कई चुनौतियां हैं। विश्व जनसंख्या दिवस पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने विश्व जनसंख्या दिवस का संदेश देते हुए कहा कि, लिंग आधारित भेदभाव महिला, पुरुष और लड़कों सभी को नुकसान पहुंचाता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लैंगिक समानता बहुत आवश्यक है। महिलाओं में निवेश करने से सभी लोगों, समुदायों और देशों का उत्थान होता है।

एंजेलिन नदायिशिमिये और अफ्रीकन इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट पॉलिसी को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार

अफ्रीकी देश बुरुंडी में महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों के लिए कार्य करने वाली एन.ई. एंजेलिन नदायिशिमिये को व्यक्तिगत श्रेणी में वर्ष 2023 का संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार 12 जुलाई को आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। महिलाओं और लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहीं एंजेलिन नदायिशिमिये ने गुड एक्शन फाउंडेशन उमागिरानेजा समेत कई ऐसे संगठनों की स्थापना की है, जो प्रसूति संबंधी उपचार और रोकथाम के क्षेत्र में कार्य करती हैं। इसके साथ ही बलात्कार का शिकार हो चुकी लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करती हैं। मई 2023 में, उन्हें अफ्रीका फर्स्ट लेडीज पीस मिशन (एएफएलपीएम) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। वहीं संगठन की श्रेणी में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार 2023 प्राप्त करने वाले अफ्रीकन इंस्टीट्यूट अफ्रीकन इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट पॉलिसी ने अफ्रीका में रहने वाले लोगों की जिंदगी को बोहतर बनाने के लिए काम किया है। सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने और परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, किशोर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और जनसंख्या गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में बेहतर कार्य और नतीजे मिले हैं। संयुक्त राष्ट्र का आर्थिक और सामाजिक मामलों का विभाग समिति में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का प्रतिनिधित्व करता है, और यूएनएफपीए इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

बढ़ती आबादी के समक्ष चुनौतियां

साल 2011 के बाद से भारत में जनगणना नहीं हुई है इसलिए इस वक्त भारत की जनसंख्या क्या है, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी मौजूद नहीं है। लेकिन साल 2020 में नेशनल कमीशन ऑन पॉपुलेशन ने जनसंख्या के अनुमानों पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें कहा गया है कि साल 2011 और 2036 के बीच के 25 सालों में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ दस लाख से बढ़कर 152 करोड़ 20 लाख हो जाएगी। इसका नतीजा ये होगा कि जनसंख्या का घनत्व 368 से बढ़कर 463 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में ज्यादा लोग पहले के मुकाबले दीर्घायु जीवन जी रहे हैं और देश में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं जिसकी वजह से भारत की जनसंख्या की वृद्धि दर नीचे जा रही है। वृद्धि दर घटने के बावजूद देश में जनसंख्या का बढ़ना जारी है और अगले कई सालों तक जारी रहेगा। ऐसी स्थिति में देश के सामने जो चुनौतियां पेश होंगी, जानते हैं उनके बारे में -

- **इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव** - जनसंख्या बढ़ने के कारण आवास, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षण सुविधाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की जरूरत भी बढ़ जाती है। एक बहुत बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करना एक मुश्किल काम बन जाता है और आबादी का एक बड़ा हिस्सा बुरी स्थिति में जीने के लिए मजबूर हो सकता है।
- **शिक्षा और कौशल विकास** - एक बड़ी आबादी को शिक्षित और कुशल बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि समय के साथ जिनते लोगों को शिक्षित और कुशल बनाने की जरूरत होगी उतनी क्षमता शैक्षणिक संस्थानों के पास शायद नहीं होगी। इसका सीधा परिणाम ये हो सकता है कि बहुत से लोग अच्छी शिक्षा हासिल नहीं कर पाएंगे और बहुत से लोगों के पास जो कौशल होगा वो नौकरी के बाजार से मेल नहीं खाएगा।
- **गरीबी और असमानता** - जनसंख्या बढ़ने की वजह से गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है। साथ ही आमदनी की असमानता भी बढ़ने का खतरा है। एक बड़ी चुनौती गरीबी कम करने की कोशिशों को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने की भी होगी। कुल मिलाकर लोगों के जीवन स्तर, स्वास्थ्य और शिक्षा तक उनकी पहुंच में गहरी असमानताएं पैदा हो सकती हैं।
- **पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियां** - बढ़ती जनसंख्या का सीधा असर पर्यावरण पर भी पड़ेगा। वनों की कटाई, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण पर्यावरण की रक्षा के लिए बड़ी चुनौतियों के तौर पर उभर सकते हैं।
- **सामाजिक चुनौतियां** - बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी एक बड़ी चिंता ये जताई जाती है कि इससे कई किस्म की सामाजिक चुनौतियां सामने आ सकती हैं। जनसंख्या बढ़ने से भीड़ तो बढ़ेगी ही साथ ही शहरीकरण में भी वृद्धि होगी जिसकी वजह से अपराधों में बढ़ोतरी आ सकती है और कानून-व्यवस्था कायम रखना मुश्किल हो सकता है। हमारे देश में वृद्धि दर के घटने के बावजूद हमारे देश में जनसंख्या का बढ़ना जारी है और अगले कई सालों तक यह जारी रहेगी। ऐसे में शासन के समक्ष एक बड़ी चुनौती लोगों के लिए प्रभावी नीतियां और योजनाएं बनाना और उन्हें लागू करना है। देश में बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर शासन के लिए ऐसी नीतियां और योजनाएं बनाना और मुश्किल होगा जो ये सुनिश्चित करें कि संसाधनों का वितरण बराबरी से हो और सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर किया जा सके।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग
परिक्षेत्र ग्वालियर, म.प्र.

दूरभाष : 0751-4008851, E-mail : apdpiu.gwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 09/2023/सा./एपीडी/ ग्वालियर, दिनांक : 05.07.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	पी.आई.यू. का जिला	ठेके की अनुमानित लागत लाख में	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने के लिये समय
1.	2023_ PWPIU_ 289695_1	लो.नि.वि. (भवन) अशोकनगर जिला अशोकनगर में भवन निर्माण कार्य परियोजना के लिए सर्वेक्षण जांच और डी.पी.आर. तैयार करने के लिए आर्किटेक्चरल डिजाइन और डी.पी.आर. कंसल्टेंसी कार्य। प्रथम आमंत्रण।	अशोकनगर	20.00 लाख	50000/-	5000/-	12 माह
2.	2023_ PWPIU_ 288884_1	अशोकनगर जिला अशोकनगर में संयुक्त तहसील भवन के कार्य स्थल पर पेड़ कटाई का कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	अशोकनगर	1.59 लाख	39750/-	2000/-	01 माह
3.	2023_ PWPIU_ 289688_1	श्योपुर जिला श्योपुर में शासकीय लॉ कॉलेज भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	श्योपुर	748.31 लाख	748310/-	20000/-	18 माह
4.	2023_ PWPIU_ 289146_1	जिला शिवपुरी के साइंस कॉलेज में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	308.88 लाख	308880/-	15000/-	18 माह
5.	2023_ PWPIU_ 289045_1	ग्राम गाजीगढ़ ब्लॉक पोहरी जिला शिवपुरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
6.	2023_ PWPIU_ 289600_1	डिजाइन ड्राइंग एवं डीपीआर निर्माण कार्य हेतु डीपीआर कंसल्टेंट सर्विस कार्य। प्रथम आमंत्रण।	शिवपुरी	20.00 लाख	50000/-	5000/-	12 माह
7.	2023_ PWPIU_ 289032_1	ग्राम भौती ब्लॉक पिछोर जिला शिवपुरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
8.	2023_ PWPIU_ 289076_1	ग्राम झिरी ब्लॉक पोहरी जिला शिवपुरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
9.	2023_ PWPIU_ 289060_1	ग्राम गढ़ ब्लॉक कोलारस जिला शिवपुरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
10.	2023_ PWPIU_ 289097_1	ग्राम तानपुर ब्लॉक शिवपुरी जिला शिवपुरी में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
11.	2023_ PWPIU_ 289082_1	ग्राम खरेह ब्लॉक बदरवास जिला शिवपुरी मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी टाइप एवं 01 एच टाइप आवास गृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	शिवपुरी	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
12.	2023_ PWPIU_ 289458_1	गुना जिला गुना के अंतर्गत स्वीकृत/प्रस्तावित शासकीय भवनों के विस्तृत प्राक्कलन प्रतिवेदन का कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	गुना	20.00 लाख	50000/-	5000/-	12 माह
13.	2023_ PWPIU_ 289026_1	बरखेड़ा हाट जिला गुना में सी.एम. राइज स्कूल भवन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	गुना	2626.00 लाख	1313000/-	50000/-	18 माह
14.	2023_ PWPIU_ 289027_1	मादागणमाफी ब्लॉक चांचौड़ा जिला गुना में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों के निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	गुना	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
15.	2023_ PWPIU_ 289025_1	बंसाहेड़ा ब्लॉक चांचौड़ा जिला गुना में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों के निर्माण कार्य। चतुर्थ आमंत्रण।	गुना	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
16.	2023_ PWPIU_ 289024_1	करीखिड़ा ब्लॉक बमौरी जिला गुना में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासगृहों के निर्माण कार्य। चतुर्थ आमंत्रण।	गुना	236.11 लाख	236110/-	15000/-	15 माह
17.	2023_ PWPIU_ 289028_1	गुना जिला गुना में संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	गुना	666.00 लाख	666000/-	20000/-	18 माह
18.	2023_ PWPIU_ 289626_1	कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के आर्किटेक्चरल डिजाइन एवं डी.पी.आर. कंसल्टेन्ट सर्विस। प्रथम आमंत्रण।	मुरैना	50.00 लाख	50000/-	5000/-	12 माह
19.	2023_ PWPIU_ 289616_1	कैलारस जिला मुरैना में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	मुरैना	555.86 लाख	555860/-	20000/-	18 माह
20.	2023_ PWPIU_ 289457_1	तहसील चीनौर, जिला ग्वालियर में उपतहसील (टप्पा) भवन आंतरी का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	ग्वालियर	87.65 लाख	87650/-	10000/-	09 माह

1. निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट Website : **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकती हैं।
2. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
3. ऑनलाइन निविदा सब्मिट करने की **अंतिम दिनांक 21.07.2023**
4. तकनीकी बिड खोलने का **दिनांक 24.07.2023**

मुख्य अभियंता (भवन)
जी–16589/48779/2023 लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र, ग्वालियर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 01/13/2023, दिनांक 10.07.2023

व्याख्याता शालाक्य तंत्र (Lecturer Shalakya tantra) के पदों की पूर्ति
ऑनलाइन आवेदन तिथियों में संशोधन की सूचना

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग, हेतु निम्नानुसार विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं :-

क्र.	विज्ञापन क्रमांक/दिनांक	विज्ञापित पद का नाम
1.	13/2023, दिनांक 21.06.2023	व्याख्याता शालाक्य तंत्र (Lecturer Shalakya tantra)

02 उक्त विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 10.07.2023 रखी गई थी। तकनीकी कारणों से एम.पी. ऑनलाइन के अनुरोध पर ऑनलाइन आवेदन संबंधी तिथियों को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है -

1.	ऑनलाइन आवेदन अवधि	**26.07.2023 से 25.08.2023 दोपहर 12:00 बजे तक**
2.	त्रुटि सुधार अवधि	**30.07.2023 से 27.08.2023 दोपहर 12:00 बजे तक**
3.	आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि	**06.09.2023 शाम 06:00 बजे तक**

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-16616/48781/2023 **उप सचिव**

कार्यालय कलेक्टर, पश्चिम निमाड़, खरगोन (म.प्र.)
(जनजातीय कार्य विभाग)

actw.khg@mp.gov.in

क्रमांक/7788/जजाकार्वि/निर्माण/2023 खरगोन, दिनांक : 11.07.2023

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-3/2023-24

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ई-टेण्डरिंग क्रमांक 2023_TAD_290631, 2023_TAD_290632, 2023_TAD 290633, 2023_TAD_290634, 2023_TAD 290635, 2023_TAD_290637, 2023_TAD_290639, 2023_TAD_290640, 2023_TAD_290641 के कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यों हेतु **प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा जारी दिनांक 15.09.2022 अनुसूची** (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधनों सहित) के आधार पर सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन के कार्यालय में निर्धारित, निविदा समय सारणी (**Key Dates**) अनुसार आमंत्रित की जाती है।

- उक्त निविदा में 09 ग्रुप बनाये गये हैं, जिसकी लागत राशि रु. 870.00 लाख है। जिसमें एक ग्रुप की अधिकतम लागत राशि रु. 190.00 लाख है।
- कार्य संबंधी विस्तृत विवरण एवं निविदा की शर्तें आदि वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** या सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन के कार्यालय में देखी जा सकती है।
- उक्त निविदाओं को वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा प्रपत्र (Key Dates) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से क्रय किया जावेगा।
- निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 18.07.2023 समय सायं 5.25 बजे एवं अंतिम तिथि **02.08.2023 समय सायं 5.30 बजे** निर्धारित है।
- निविदा प्रपत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.08.2023 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है।
- निविदा में यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
- कार्यों के देयकों का भुगतान शासन से उपलब्ध आवंटन अनुसार किया जावेगा। निविदा में अंकित कार्य की संख्या को कम या ज्यादा करने हेतु कार्यालय का पूर्णतः अधिकार रहेगा।
- फर्म/ठेकेदार की कार्यक्षमता के आधार पर वित्तीय वर्ष में आगामी प्राप्त आवंटन से नवीन निविदा जारी की जा सकती है। जिसके लिये फर्म/ठेकेदार का दावा किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा।
- निविदा की विस्तृत समस्त शर्तें **Appendix 2.10 Tender Document** अनुसार रहेगी।
- समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
- जीएसटी एवं अन्य कटौत्रा शासन नियमानुसार होगा।

सहायक आयुक्त
जी–16597/48780/2023 जनजातीय कार्य विभाग, खरगोन

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 5072/04/2023/चयन — इन्दौर, दिनांक : 12.07.2023

राज्य वन सेवा परीक्षा 2020
चयन सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)
पदनाम - वन क्षेत्रपाल

1/ आयोग के विज्ञापन क्रमांक **04/2020 दिनांक 28.12.2020** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में **म.प्र. शासन, वन विभाग** के अंतर्गत विज्ञापित पद - **वन क्षेत्रपाल** के कुल 105 पद - (अनारक्षित-47, अ.जा.-11, अ.ज.जा.-06, अ.पि.वर्ग-31, ई.डब्ल्यू.एस.-10) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए **राज्य वन सेवा परीक्षा - 2020** अंतर्गत **प्रारंभिक परीक्षा** के उपरांत **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा - 2020 दिनांक 24.07.2022** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा - 2020** का परीक्षा परिणाम दिनांक 15.02.2023 को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **26.06.2023 से 01.07.2023 तक** आयोजित किए गए हैं।

2/ म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में म.प्र. शासन, वन विभाग से प्राप्त रिक्ति विवरण अनुसार आयोग द्वारा जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 01/04/2020 दिनांक 07.06.2023 के बिन्दु क्रमांक 02 में वर्णित तालिका अनुसार उपरोक्त विज्ञापन कमांक 04/2020 दिनांक 28.12.2020 के अंतर्गत विज्ञापित कुल पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत् मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 07.06.2023 में उल्लेखित टीप के परिप्रेक्ष्य में प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3/ राज्य शासन के उक्त पत्र दिनांक 29.09.2022 के संदर्भ में आयोग द्वारा घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 15.02.2023 के पैरा 04 के बिन्दु क्रमांक 05 में उल्लेखित बिन्दु के परिपालन में साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए अभिचयन पत्र के अनुसार मुख्य भाग-87 प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे।

4/ अतएव, मुख्य परीक्षा + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

2. वन क्षेत्रपाल

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	47	11	6	16	10	90

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1	102757	GAURAV DUBEY	M प्रावधिक	UNR	UNR
2	100880	SAURABH DUBEY	M	UNR	UNR
3	101475	PAWAN SHARMA	M	UNR	UNR
4	102091	MANISH SHARMA	M	UNR	UNR
5	100748	KULDEEP BAGHEL	M	UNR	UNR
6	100471	SUSHIL PARMAR	M	UNR	OBC
7	101505	LANTAV JAIN	M	UNR	UNR
8	101455	ANIRUDH DUBEY	M	UNR	EWS
9	101290	SHUBHAM RAGHUWANSI	M	UNR	UNR
10	100726	MANISHA MUKATI	F	UNR	OBC
11	100981	NISHI SAHU	F	OBC	OBC
12	100829	VEDANT KUMAR GOUTAM	M	OBC	OBC
13	100795	PARAG JAIN	M	UNR	UNR
14	101889	PRAGYA GUPTA	F	UNR	UNR
15	101120	DEEPAK VISHWAKARMA	M	UNR	OBC
16	101957	SHRI RAM DWIVEDI	M	UNR	UNR
17	102365	PRAGYA DUBEY	F	UNR	UNR
18	101289	PAYAL SHARMA	F	UNR	EWS
19	102237	ANIL KUMAR	M	UNR	OBC
20	100372	SHASHI PRAKASH PANDEY	M	UNR	UNR
21	101145	ANUBHAV JAIN	M	UNR	EWS
22	100124	RAVINANADAN GUPTA	M	UNR	UNR
23	101584	RAVI YADAV	M	UNR	OBC
24	102185	KULDEEP BOHARE	M	EWS	EWS
25	102764	SHUBHAM TIWARI	M	UNR	EWS
26	102339	YOGESH DHOTE	M	UNR	OBC
27	101416	PIYUSH SHUKLA	M	UNR	UNR
28	102518	YOGENDRA SINGH BAGHEL	M	UNR	UNR
29	100012	SHUBHAM SHARMA	M	UNR	UNR
30	101485	ABHILASH PATHAK	M	UNR	UNR
31	102152	MANAV PATIDAR	M	OBC	OBC
32	102246	ANKIT SINGH	M	UNR	UNR
33	100375	OMKAR NATH MISHRA	M	UNR	UNR
34	101744	AMIT SINGH CHANDEL	M प्रावधिक	EWS	EWS
35	101579	AMAN PATIDAR	M	UNR	OBC
36	102532	AKSHAY SINGH	M	OBC	OBC
37	102732	DEVESH TRIVEDI	M	UNR	UNR
38	101443	ARVIND SINGH THAKUR	M प्रावधिक	EWS	EWS
39	102478	AKHILESH SHARMA	M	EWS	EWS
40	100303	SACHIN BHONDELE	M	EWS	EWS
41	101383	JAIKISHAN SHARMA	M	UNR	EWS
42	102537	GAURAV TRIVEDI	M	UNR	UNR
43	102355	DURGESH JEE PANDEY	M प्रावधिक	EWS	EWS
44	101795	SAURABH KUMAR CHOURASIYA	M	UNR	OBC
45	101567	AKASH PATEL	M	OBC	OBC
46	101039	ANITA SURYAWANSHI	F	UNR	OBC
47	100140	ROHIT SHARMA	M	UNR	UNR
48	100932	POOJA BAGHEL	F	UNR	EWS
49	101323	AJAY TIWARI	M	UNR	EWS
50	101404	DEEPAK DHAKAD	M	OBC	OBC
51	101933	RAVIKANT SIRVAIYA	M	UNR	OBC
52	101542	RAJBAHADUR TIWARI	M	UNR	UNR
53	100272	PUSHPRAJ SINGH SIKARWAR	M	UNR	EWS
54	101155	SHUBHAM KULHADE	M	UNR	OBC
55	101773	ASHISH SINGH SIKARWAR	M	UNR	UNR
56	102052	ARVIND SINGH BHADORIYA	M	UNR	UNR
57	102112	RAHUL SAHU	M	UNR	OBC
58	101743	ANUPAM MISHRA	M प्रावधिक	UNR	EWS
59	100802	AMAR SINGH BHADOURIYA	M	UNR	OBC
60	101685	SOMESH SHARMA	M	EWS	EWS
61	100869	CHETAN PATIDAR	M	OBC	OBC
62	102309	KESHAV MEENA	M	OBC	OBC
63	101477	PANKAJ RAHANGDALE	M	OBC	OBC
64	100261	SUNIL SINGH JADON	M	EWS	EWS
65	102508	ASHISH MEENA	M प्रावधिक	OBC	OBC
66	100061	SUMIT GUPTA	M	EWS	EWS
67	100097	ATUL KUMAR PATEL	M	OBC	OBC
68	102440	MEENAKSHI SURYAWANSHI	F	OBC	OBC
69	100520	LAKHAN SINGH KESHWAL	M	OBC	OBC
70	101963	ARUN KUMAR UPADHYAY	M	EWS	EWS
71	100491	AKHLESH	M	OBC	OBC
72	102699	NEERAJ AMB	M	SC	SC
73	100260	ROHIT NAGAR	M	OBC	OBC
74	102315	SALIL TAMRAKAR	M	OBC	OBC
75	100394	ABHISHEK JHARBADE	M	SC	SC
76	100678	DEEPAK BHADRASEN	M	SC	SC
77	101301	KASHI RAM AHIRWAR	M	SC	SC
78	100633	JAINENDRA KUMAR NIGAM	M प्रावधिक	SC	SC
79	100485	VISHAL KHEDKAR	M	SC	SC
80	102592	HEMENDRA SAROTE	M	ST	ST
81	101863	ATUL RANGARE	M	SC	SC
82	100146	AMIT BARDIYA	M	SC	SC
83	100053	JITENDRA PANDOLE	M	SC	SC
84	100047	ABHIJEET SANKLA	M	SC	SC
85	102213	SHUBHAM SINGH BAGRI	M	SC	SC
86	100596	RADESH THAKRALA	M	ST	ST
87	101168	DHARMENDRA MAIDA	M	ST	ST
88	101982	SANDEEP KUMAR WALKO	M प्रावधिक	ST	ST
89	101692	AJAY CHOUHAN	M	ST	ST
90	100305	SACHIN DODWE	M	ST	ST

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1	101114	ARUN SHARMA	M	UNR
2	102375	SHUBHAM GUPTA	M	UNR
3	102179	SHIBHANSHU GARG	M प्रावधिक	UNR
4	101805	BRAJBIHARI RAWAT	M	UNR
5	101757	SHIV KUMAR RAGHUWANSHI	M	UNR
6	100628	SHANTANOO DUBEY	M	UNR
7	101637	SAURABH KOTHIYA	M	UNR
8	102001	ANKUR GUPTA	M	UNR
9	100198	RISHABH SHUKLA	M	UNR
10	101888	PRANAV GOSWAMI	M	UNR
11	100334	JANVI FULBANDHE	F	OBC
12	101848	RAJEEV KUMAR RAI	M	OBC
13	102688	TOHIT KHAN	M	EWS
14	100293	ABHISHEK TIWARI	M	EWS
15	102763	ROHIT KUMAR LODHI	M	OBC
16	100916	YOGESH PATEL	M	OBC
17	100640	DEEPAK	M	OBC
18	101994	AMIT KUMAR TIWARI	M	EWS
19	101988	MADHAV KUNDAL	M	EWS
20	102700	KARISHMA AHIRWAR	F	SC
21	101856	AKASH MAHOBIA	M	SC
22	100282	MANOBAL SINGH JATAV	M	SC

(शेष अगले पृष्ठ पर)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1123 (PMGSY-Bridge-BW)

No./11001/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 14.07.2023

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Jhabua	1	10511362.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **19.07.2023 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **04.08.2023 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/110836/2023 R-48798/2023 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1124 (RCPLWEA-Bridge) (Batch-I, Year 2022-23)

No./11013/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 14.07.2023

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below :

- **Name of Work -** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1	Balaghat	1	1	50065000/-

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **19.07.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **04.08.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/110837/2023 R-48799/2023 **(Tender)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, भदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/563/तशा/मप्रपुहाका/पर्व/सागर/2023 दिनांक : 14.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_291349_1 दिनांक 24.07.2023 समय 17:00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/110844/2023 R-48802/2023 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-01, कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे ऋषि कॉटेज, रतन कालोनी कटंगा जबलपुर (म.प्र.) पिनकोड-482002 फोन नं. : 0761-4927201
E-mail : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-01 की ओर से एन.जी.ओ. हॉल, ऑफीसर रूम एवं बैरक निर्माण कार्य अस्थायी बेसकेम्प भिलवानी थाना विठिया जिला-मण्डला के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-06 वर्ष 2023-24 (Online Tender No. 2023_MPPHC_291585_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.07.2023** तक खरीद कर सायं **05:00 बजे** तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/110850/2023 R-48803/2023 **परियोजना यंत्री**

कायाकल्प अवॉर्ड

जिला अस्पताल रतलाम और अनूपपुर को संयुक्त रूप से मिला पहला पुरस्कार

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वर्ष 2023 के कायाकल्प अवॉर्ड की घोषणा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अवॉर्ड की जानकारी देते हुए डॉ. चौधरी ने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना से अधिक संस्थाओं को कायाकल्प अवॉर्ड दिए जायेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में 395 संस्थाओं को 4 करोड़ 50 लाख रुपये के कायाकल्प अवॉर्ड दिये गये थे। इस वर्ष 778 संस्थाओं को 6 करोड़ 12 लाख रुपये के कायाकल्प अवॉर्ड दिये जायेंगे। अवॉर्ड की कुल राशि में से 75 प्रतिशत राशि संस्था के सुदृढ़ीकरण में उपयोग में लाई जाती है और 25 प्रतिशत राशि संस्थाओं के कर्मचारियों को इन्सेंटिव के रूप में दी जाती है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने जिला अस्पताल अनूपपुर और रतलाम को संयुक्त रूप से 25-25 लाख रुपये का प्रथम कायाकल्प अवॉर्ड देने की घोषणा की। प्रथम रनरअप जिला अस्पताल सीहोर को 20 लाख रुपये और द्वितीय रनरअप जिला अस्पताल दमोह को 10 लाख रुपये के अवॉर्ड की घोषणा की। बेस्ट ईको-फ्रेण्डली जिला अस्पताल विदिशा को 10 लाख रुपये के अवॉर्ड की घोषणा की गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर को मिलेंगे 2 पुरस्कार

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर जिला सतना को सिविल अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की श्रेणी में 15 लाख का पहला और बेस्ट ईको-फ्रेण्डली चिकित्सालय का 5 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। सिविल अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जावर जिला सीहोर को 10 लाख रुपये का रनरअप कायाकल्प अवॉर्ड देने की घोषणा हुई।

43 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को पहला पुरस्कार

जिले के 43 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रथम कायाकल्प अवॉर्ड देने की घोषणा की गई। इनमें आगर-मालवा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कनाड़, अलीराजपुर के उकलार, बालाघाट के भानेगांव, बड़वानी के भवाती, बैतूल के देहरी अमढ़ाना, भिण्ड के मिहोना, भोपाल के नजीराबाद, बुरहानपुर का निम्बोला, छतरपुर का गढ़ी-मलहरा, छिंदवाड़ा का मांगुरली, दमोह के जेरथ, दतिया के सोनागिर, देवास के बैजगवाड़ा, डिण्डोरी के गढ़ासरासी, गुना के मकसूदनगढ़, ग्वालियर के चिनौर, हरदा के रहटगांव, इंदौर के क्षिप्रा, जबलपुर के गोसलपुर, झाबुआ के काकनवानी, खण्डवा के पुरनी, खरगोन के करही और बांगरदा, मण्डला के समनापुर, मंदसौर के टकरवाड़ा, मुरैना के सुमावली, नर्मदापुरम के सेमरी हरचंद, नरसिंहपुर के सिंगपुर, नीमच के डिकेन, रायसेन के देवनगर, राजगढ़ के माचलपुर, रतलाम के धारड़, रीवा के रेहट, सतना के जैतवाड़ा, सीहोर के वीरपुर डेम, सिवनी के पलारी, शहडोल के टेहकी, शाजापुर के मक्सी, श्योपुर के दुर्गापुरी, शिवपुरी के लुकवासा, उज्जैन के उन्हेल, उमरिया के करकेली और विदिशा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलाबगंज को पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

शहरी स्वास्थ्य केन्द्र की 7 संस्थाओं को पुरस्कार

शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में संभाग स्तर पर प्रथम पुरस्कार के लिये भोपाल संभाग में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पिपलानी, इंदौर से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुधाष नगर, ग्वालियर से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोल पहाड़िया, उज्जैन से देवास जिले का शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इटावा, जबलपुर से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलीपाथर, रीवा से सतना जिले का शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमान नगर और सागर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मकरोनिया को पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर श्रेणी में 30 संस्थाएं पुरस्कृत

हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर श्रेणी में 30 संस्थाओं को विनर घोषित किया गया। इनमें भोपाल जिले का रायपुर, छतरपुर में पनवारी, जबलपुर में गढ़ाघाट, सीधी में कुचवाही, बड़वानी में पिचोड़ी, शहडोल में बंडीखुर्द, इंदौर में कजलाना, गुना में छिपोन, अनूपपुर में अमलाई, विदिशा में बिलढाना, टीकमगढ़ में नन्ही टेहरी, उमरिया में चांदनिया, सीहोर में बगवाड़ा, रायसेन में बरखेड़ा सेतु, सतना में गोरही, अशोकनगर में सेजी, डिण्डोरी में निगोरी, नर्मदापुरम में पंजरकाला, खण्डवा में अहमदपुर खैगांव, राजगढ़ में हिरनखेड़ी, बुरहानपुर में इच्छापुर, सागर में पटना बुजुर्ग, झाबुआ में रूपगढ़, श्योपुर में मकड़ाबदा, अलीराजपुर में डबाडी, दमोह में नरसिंहगढ़, मण्डला में इंदरी, पन्ना में बड़ागांव, सिंगरौली में सिद्धिकला और मंदसौर में बोटलगंज को पुरस्कार देने की घोषणा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पुरस्कृत स्वास्थ्य संस्थाओं ने बेहतर कार्य किया है। ऐसी संस्थाएं जिन्हें अपेक्षित ग्रेडिंग नहीं मिली, उन्हें इस वर्ष अच्छी ग्रेडिंग पाने के लिये प्रयास करना चाहिये। डॉ. चौधरी ने स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिये किये जा रहे प्रयासों से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी।

(पिछले पृष्ठ का शेष)

23	102486	GOURAV CHOUHAN	M	ST
24	100315	KRISHNA KUMAR DHURVE	M	ST

टीप :

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत् अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत् आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किए जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
2. विज्ञापन में वर्णित कंडिका 'प्यारह-चयन प्रक्रिया' के बिन्दु क्र. (द) एवं (इ) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक क्षमता का परीक्षण राज्य शासन द्वारा करवाया जाएगा, जो अभ्यर्थी शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक क्षमता परीक्षण में असफल होते हैं उनका चयन शासन द्वारा निरस्त किया जा सकेगा।
3. घोषित चयन परिणाम मान, उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019, 9026/2023 एवं मान. सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एस.एल.पी. (सी) 12398/2023 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
4. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जी–16617/48782/2023 **सचिव**

आयुष राज्यमंत्री के प्रयासों से

बालाघाट के हट्टा में शुरू होगा कॉलेज

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे के अथक प्रयासों से बालाघाट जिले के हट्टा में शासकीय नवीन कॉलेज जल्द शुरू होगा। भोपाल में 12 जुलाई 2023 को हुई केबिनेट की बैठक में इसकी मंजूरी दे दी गई है। नवीन कॉलेज की स्वीकृति से बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र में जन-सामान्य ने राज्य सरकार के इस निर्णय पर खुशी जाहिर की है।

हट्टा में पिछले कुछ समय से जन-सामान्य द्वारा शासकीय नवीन कॉलेज की मांग की जा रही थी। कॉलेज खुलने के बाद अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो सकेगी। आयुष राज्यमंत्री श्री कांवरे ने अपने संदेश में कहा कि बालाघाट जिले को एजुकेशन हब बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे। उच्च अध्ययन की शैक्षणिक संस्थाओं के प्रारंभ होने से जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं को अपने निवास के नजदीक ही शिक्षा की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि बालाघाट में विश्वविद्यालय और आयुर्वेद महाविद्यालय शुरू किये जाने के भी ठोस प्रयास किये जा रहे हैं।

लामता कॉलेज में
शुरू होंगे 2 संकाय

भोपाल में हुई केबिनेट की मीटिंग में परसवाड़ा क्षेत्र के शासकीय कॉलेज लामता में आर्ट्स एवं बायोलॉजी संकाय को शुरू किये जाने की भी मंजूरी दी गई। राज्य सरकार के इस निर्णय पर लामता क्षेत्र के जन-सामान्य ने खुशी जाहिर की। लामता क्षेत्र में भी विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज में इन 2 संकायों को शुरू किये जाने की मांग कुछ समय से की जा रही थी।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर

विज्ञापन की संक्षिप्त सूचना

क्रमांक : 244/परीक्षा/2023 **जबलपुर, दिनांक : 06.07.2023**

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश में जूनियर ज्युडिशियल ट्रांसलेटर (Junior Judicial Translator) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन वर्ष-2023

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	:	06.07.2023 (12.00 PM)
आवेदन करने की अंतिम तिथि	:	**04.08.2023 (11.55 PM)**
आवेदन में त्रुटि सुधार प्रारंभ होने की तिथि	:	09.08.2023 (12.00 PM)
आवेदन में त्रुटि सुधार होने की अंतिम तिथि	:	11.08.2023 (11.55 PM)
ऑनलाइन परीक्षा की दिनांक	:	**बाद में अधिसूचित की जावेगी।**

उच्च न्यायालय, म.प्र. में जूनियर ज्युडीशियल ट्रांसलेटर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

श्रेणीवार पदों की संख्या निम्नानुसार है :–

Category				Total Post
UR	OBC	SC	ST	
4	1	1	-	6

उपरोक्त पदों पर भर्ती का विस्तृत विज्ञापन उच्च न्यायालय, म.प्र. की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर उपलब्ध है, योग्य उम्मीदवार विज्ञापन का अवलोकन कर उपरोक्त लिखित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

Sd/-

जी-16280/48771/2023 **रजिस्ट्रार जनरल**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल, ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474011

Phone : 0751-2344420 (O), E-Mail : seresgwalior@mp.gov.in

क्रमांक/7182/ग्रा.यां.से./ई-निविदा/2023 **ग्वालियर, दिनांक : 05.07.2023**

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 04/SERESGwl/2023-24

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिष्ठत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं -

क्र.	टेण्डर आईडी क्र.	कार्य का नाम/स्थान	जिले का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2023_RES_289383_1	कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कचनार में चार रेमेडियल क्लास रूम का निर्माण जनपद पंचायत अशोकनगर	अशोकनगर	20.49	180 दिन
2.	2023_RES_289384_1	सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण कार्य चंदेरी, जनपद पंचायत चंदेरी	अशोकनगर	24.57	270 दिन
3.	2023_RES_289385_1	**पैकेज क्र. 0555** 1) देहरदा ईसागढ़ रोड सिरौदा 2) ग्रेवल रोड टी-1 चंदोरिया रोड से गरगटूसानी 3) किलावनी रोड से पिछोर 4) एनएच 46 से गिलगांव, ज.पं. बदरवास/कोलारस	शिवपुरी	132.61	360 दिन
4.	2023_RES_289386_1	ग्रेवल रोड निर्माण राजपूत डेरा से नदी तक लंबाई 3.00 कि.मी. सरसई ज.पंचा. भाण्डेर पिन-475661	दतिया	76.27	270 दिन
5.	2023_RES_289387_1	रिटर्निंगवाल निर्माण हरिजन मोहल्ला रावरी ज.पंचा. दतिया	दतिया	40.30	270 दिन
6.	2022_RES_289389_1	**पैकेज क्र. 0702** गुना बरखेड़ा भादौर रोड से हिनोतिया ज.पंचा. गुना	गुना	44.52	270 दिन

1. विस्तृत निविदा सूचना विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 13.07.2023 समय 09.00 AM से **26.07.2023 समय 06.00 PM तक** केवल ऑनलाइन क्रय एवं सब्मिट किये जा सकेंगे।
3. यदि निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो सिर्फ Web Portal **https://www.mptenders.gov.in** पर ही Publish किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री

जी-16400/48773/2023 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल, ग्वालियर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग

रेस्ट हाउस कैम्पस, बड़ौदा बैंक के सामने, पन्ना (म.प्र.)

ई-मेल - dpepiupanna@gmail.com, फोन नं. - 07732-250994

एनआईटी नं. :-20/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पीडब्ल्यूडी/भवन/1716 **रीवा, दिनांक : 06.07.2023**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. शाहनगर, जिला पन्ना में सीएम राइज योजना के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का मय वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएमई रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2023_PWPIU_289676_1	पन्ना	2826.63	1413315/-	50000/-	18 माह (वर्षाकाल सहित)	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https:/mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 06.07.2023 समय 9.00 AM से **दिनांक 24.07.2023** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)

जी-16494/48774/2023 **लोक निर्माण विभाग, पन्ना (म.प्र.)**

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक

महिला एवं बाल विकास चंबल संभाग, मुरैना (म.प्र.)

द्वितीय तल, चंबल भवन ए.बी. रोड, मुरैना-476001

E-mail : jdwcdchambal@mp.gov.in

क्र./मवावि/नियुक्ति/2023/1016 **मुरैना, दिनांक : 05.07.2023**

आवेदन आमंत्रण की सूचना

चंबल संभाग में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में 34 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 76 सहायिकाओं एवं 12 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यार्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं -

क्र.	जिला	परियोजना का नाम	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पदों की संख्या	सहायिका के पदों की संख्या	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पदों की संख्या
1.	मुरैना	खडियाहार	0	3	0
2.	मुरैना	अंबाह	3	5	1
3.	मुरैना	मुरैना ग्रामीण	0	3	0
4.	मुरैना	कैलारस	0	1	0
5.	मुरैना	बानमोर	1	0	0
6.	मुरैना	पोरसा	2	10	0
7.	मुरैना	जौरा-2	0	1	1
8.	मुरैना	सबलगढ़	1	3	1
9.	मुरैना	जौरा-1	3	1	1
10.	मुरैना	पहाड़गढ़	1	2	1
11.	मुरैना	मुरैना शहरी	4	5	0
	योग -		**15**	**34**	**5**
1.	भिण्ड	अटेर	1	1	0
2.	भिण्ड	बरोही	1	6	0
3.	भिण्ड	गोहद	1	2	0
4.	भिण्ड	गोरमी	1	2	0
5.	भिण्ड	लहार	1	3	0
6.	भिण्ड	मौ	1	1	0
7.	भिण्ड	मेहगांव	0	9	0
8.	भिण्ड	मिहौनारौन	1	6	1
9.	भिण्ड	भिण्ड ग्रामीण	2	5	1
10.	भिण्ड	भिण्ड शहरी	1	1	0
	योग -		**10**	**36**	**2**
1.	श्योपुर	श्योपुर शहरी	2	0	1
2.	श्योपुर	श्योपुर ग्रामीण-1	0	1	1
3.	श्योपुर	श्योपुर ग्रामीण-2	2	0	0
4.	श्योपुर	कराहल	3	3	1
5.	श्योपुर	विजयपुर-1	1	0	1
6.	श्योपुर	विजयपुर-2	1	2	1
	योग -		**9**	**6**	**5**
	कुल योग -		**34**	**76**	**12**

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों की नामवार सूची एवं नियम निर्देश शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएं संबंधित जिला कार्यालय एवं परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। जिस ग्राम/वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम, शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय में **दिनांक 28.07.2023 तक** जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।

संभागीय संयुक्त संचालक

जी-16369/48772/2023 **महिला एवं बाल विकास, चंबल संभाग, मुरैना**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश

(जे.पी. चिकित्सालय परिसर, न्यू भवन, भोपाल)

क्रमांक/3/प.क./अवि./2023/27-B **भोपाल, दिनांक : 12.07.2023**

विभागीय विज्ञप्ति

विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया एवं भारिया जनजाति के आवेदकों से प्राप्त आवेदनों के संबंध में

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा समूह-5 अंतर्गत पदों रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 एवं ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) पर भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति एवं नियम पुस्तिका अनुसार ''मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र संबंधित विभाग को प्रस्तुत करने हेतु समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में (नियम पुस्तिका के प्रारूप-3 में) चाहे गये थे। दिनांक 12.06.2023 को संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, सतपुड़ा भवन में हुये भीषण अग्निकांड में समस्त आवेदकों के आवेदन नष्ट हो जाने के कारण पुनः उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 13.07.2023 से 19.07.2023** की अवधि में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अतः ''मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थी अनुसूचित जनजाति पद के रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 एवं ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के रिक्त पदों की पूर्ति से किये जाने हेतु नवीन आवेदन पत्र संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें **जे.पी. चिकित्सालय परिसर, न्यू भवन, भोपाल** के पते पर प्रस्तुत करें। पूर्व में उक्त पदों के लिये प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पदों के लिये न्यूनतम निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/शर्तें कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा पूर्व में जारी समूह-5 के पदों के लिये जारी विज्ञप्ति अनुसार रहेगी। उक्त संबंध में जानकारी विभागीय वेबसाइट **www.health.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

संचालक, प्रशासन द्वारा अनुमोदित।

अपर संचालक (प्रशासन)

जी-16519/48775/2023 **संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1011/2023-24/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 13.07.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। **निविदा प्रपत्र दिनांक 04.08.2023 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2023_WRD_291164	हंडिया शाखा नहर प्रणाली की आर.डी. 0.00 से 12.09 कि.मी. के मध्य क्षतिग्रस्त लाईनिंग का मरम्मत कार्य।	हरदा	20.36
2.	2023_WRD_291165	हंडिया शाखा नहर प्रणाली अंतर्गत आर.डी. 12.00 से 21.00 कि.मी. के मध्य मुख्य नहर एवं माईनर/सबमाईनर में स्ट्रक्चर मरम्मत का कार्य।	हरदा	27.41
3.	2023_WRD_291166	साजली बांध के स्पिल चैनल की आर.डी. 850 मी. के पास हाईलेवल ब्रिज एवं ग्राम केवलारी से साजली बांध तक एप्रोच रोड का निर्माण कार्य।	दमोह	800.56
4.	2023_WRD_291167	मड़िया बांध पर 15 यात्री/1000 कि.मी. भार क्षमता की लिफ्ट (2 स्टॉप) के प्रदाय, स्थापना, कमीशनिंग व टेस्टिंग का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित (कार्यस्थल पर जी शेड्यूल व ड्राईंग के अनुसार एवं इंचार्ज यंत्री के निर्देशानुसार)	सागर	42.78
5.	2023_WRD_291169	घटवास-सिखेडी मुख्य मार्ग से घटवास बैराज साईट तक सीमेंट कांक्रीट रोड का निर्माण कार्य आदि।	रतलाम	44.64
6.	2023_WRD_291170	पटना तालाब योजना के अंतर्गत बांध एवं नहर का शेष निर्माण कार्य।	पन्ना	106.77
7.	2023_WRD_291171	तवा परियोजना के अंतर्गत तवा बांयी तट मुख्य नहर की भिलाड़िया नर्मदापुरम उपनहर की चेन क्र. 247 पर स्थित क्रांस रेग्यूलेटर के विशेष मरम्मत का कार्य।		21.50
8.	2023_WRD_291173	टर्न की पद्धति पर : नयापुरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सीहोर	248.54
9.	2023_WRD_291175	र्टन की पद्धति पर : कराडिया भील बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सीहोर	279.91
10.	2023_WRD_291176	टर्न की पद्धति पर : उदयपुरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सीहोर	193.11
11.	2023_WRD_291177	हिनौता सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम महूनाजाट पर 11 के.व्ही. एवं एल.टी. लाइनों के प्रतिस्थापन का कार्य।	सागर	40.80
12.	2023_WRD_291181	टर्न की पद्धति पर : हल्दुनी बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परन्तु उस तक सीमित नहीं।	रतलाम	200.00

जी-16582/48778/2023 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग ई-5 अेरा कॉलोनी भोपाल,फोन-0755-2463894

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदाएं पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधायक विश्राम गृह स्थित पुराना पारिवारिक खण्ड में ओपन जिम की तरफ प्लांटर्स एवं सीवरलाईन का नवीनीकरण कार्य।

एन.आई.टी. क्र.	1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय	निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय	(1) कार्य पूर्ण करने की अवधि (2) ठेकेदारों की श्रेणी (3) आमंत्रण क्र.
58/23-24 व.ले.लि. दि. 11.7.2023	1. ₹ 9,70,865/- 2. ₹ 19,417/-	(1) 17.7.2023 सायं 5.30 तक	₹ 2000/-	(1) 20.7.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 21.7.2023 अपराह्न 3.30 बजे। (2) कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 03 माह (2) केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली (3) प्रथम आमंत्रण।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. विधायक विश्राम गृह स्थित नवीन परिवारिक खण्ड पुराना परिवारिक खण्ड, ब्लॉक ए, बी, सी एवं वी.आई.पी. गेस्ट हाउस में वार्षिक मरम्मत का सिविल कार्य।

59/23-24 व.ले.लि. दि. 11.7.2023	1. ₹ 9,50,000/- 2. ₹ 19,000/-	--तदैव--	₹ 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 03 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन के गेट क्र.2 के समीप गार्डन नर्सरी एरिया को स्थानांतरित कर सुदृढ़िकरण एवं सशक्तीकरण कार्य।

60/23-24 व.ले.लि. दि. 11.7.2023	1. ₹ 9,81,240/- 2. ₹ 19,625/-	--तदैव--	₹ 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 03 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन में गेट क्र.-1 के बाहरी तरफ माननीय विशिष्ट व्यक्तियों (मंत्री एवं विधायक महोदय) के गनमेन प्रतीक्षालय का सुधार एवं विकास कार्य।

61/23-24 व.ले.लि. दि. 11.7.2023	1. ₹ 9,72,272/- 2. ₹ 19,445/-	--तदैव--	₹ 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 03 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

(1) कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। (2) निविदा की वैद्यता

APPOINTMENT
SHRI JAIN DIWAKAR MAHAVIDYALAYA, INDORE
Recognised by Higher Education M.P. Affiliated to DAVV, Indore
Add.: Plot No. 665 "A" Sch. No. 55, Vidya Niketan Road, New Palasia , Near Laxmi Memorial Hospital, Indore. Phone: 0731- 4063832, Email : sjdmindore@gmail.com
REQUIRES
FACULTIES (Under Code-28 of DAVV)
Qualification : (As per latest UGC Norms: Ph.D./NET Qualified)
For Mathematics, Microbiology, Horticulture, Bio-technology, Seed Technology, Physics, Botany, Chemistry, Computer Science, Journalism, LAW, Management, Commerce, Hindi, English, Economics, History, Sociology, Political Science & Social Work.
Lab Assistants : For Physics, Chemistry, Biotechnology, Botany and Seed Technology.
• Submit hard copy of application along with CV, Credentials and passport size photo at our college office. • Application can also be emailed on our official Email ID address • Apply within seven days.
Principal
R-48786/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/ल.ले.लि./2023-24 भोपाल, दिनांक : 07.07.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि
1.	2023_PWDRB_289845_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-15 के शासकीय आवास गृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000/-
2.	2023_PWDRB_289846_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000/-
3.	2023_PWDRB_289847_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-17 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000/-
4.	2023_PWDRB_289848_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-19 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000/-
5.	2023_PWDRB_289850_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-20 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000/-
6.	2023_PWDRB_289851_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के शासकीय आवासगृहों में छत पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00	50000/-
7.	2023_PWDRB_289852_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-15 के शासकीय आवासगृहों में छत पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00	50000/-
8.	2023_PWDRB_289853_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के शासकीय आवासगृहों में रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	25.00	50000/-
9.	2023_PWDRB_289854_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-17 के शासकीय आवासगृहों में रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	45.00	50000/-
10.	2023_PWDRB_289855_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-19 के शासकीय आवासगृहों में रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	35.00	50000/-
11.	2023_PWDRB_289856_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-21 में विभिन्न प्रकार के लघुमूल गौड़/ एस.आर./डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	47.00	50000/-
12.	2023_PWDRB_289857_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./ अनुरक्षण/सीवेज/डिपाजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	18.50	37000/-
13.	2023_PWDRB_289859_1	आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत बाहरी शासकीय आवासगृहों में रंगाई-पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	35.00	50000/-
		योग :–		**455.50**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 28.07.2023 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री

जी-16547/48776/2023 **नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)**

खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। (3) यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। (4) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उसकी निविदा खोली नहीं जावेगी। (i) म.प्र. लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में वैद्य पंजीयन (ii) पेन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जी.एस.टी. पंजीयन (v) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (vi) ई.पी.एफ. पंजीयन। (5) कार्य की अन्य शर्तों के बाबत् जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग

जी-16567/48777/2023 **ई-5, अेरा कॉलोनी, भोपाल, 0755-2463894**

राष्ट्रपति ने किया सर जीवाजी राव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन

ग्वालियर, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान सर स्व. जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया थे। जल संसाधन मंत्री एवं मिनिस्टर इन वेटिंग श्री तुलसी सिलावट, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर आदि ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने राष्ट्रपति को समृद्धशाली और गौरवशाली मराठा इतिहास के बारे में बताया। साथ ही मानचित्र के जरिये वर्ष 1758 में मराठा साम्राज्य के विस्तार की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मराठा इतिहास और संस्कृति से जुड़ी कलाकृतियों को देखा।

श्रीमती मुर्मु ने संग्रहालय के अवलोकन के दौरान स्कूली बच्चों से भेंट कर उन्हें टॉफी बांटी तथा बातचीत की। दिव्यांग बालक से भी उन्होंने बातचीत की। उन्होंने दरबार हॉल में गणमान्य नागरिकों से भी बातचीत की।

राष्ट्रपति ने संग्रहालय में लोक कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। लोक कलाकारों से उनके कला-शिल्पों और कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। हैंडलूम पर साड़ी बुन रहे बुनकर, लोक-चित्रकार, लकड़ी की कलाकृतियाँ, माटी के बर्तन बनाने वाले कलाकार की कलाकृतियों की सराहना की, पिछले 60 वर्षों से सिंधिया राजवंश की पगड़ी बांधने वाले कलाकार मोहम्मद रफीक अहमद से भेंट कर उसकी कला को भी सराहा। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने टेराकोटा व्हील पर मिट्टी के बर्तन बना रहे श्री छैलन बिहारी प्रजापति और कालीन बुनकर श्री राकेश सविता से भी भेंट की।

क्रिस्प को मिली एआईसीटीई से मान्यता

भोपाल, मध्यप्रदेश की अग्रणी संस्था क्रिस्प को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से 'पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रोग्राम' की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता फिलहाल दो शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के लिए मिली है, जिसमें डेढ़ साल के 'पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रोग्राम' की मान्यता मिली है। इसके लिए औपचारिक प्रवेश प्रक्रिया 1 अगस्त 2023 से शुरू होगी और 1 सितंबर से भोपाल में कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी।

क्रिस्प मध्यप्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत एक स्वशासी संस्था है। क्रिस्प अब इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, मेकाट्रोनिक्स, मेन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, सूचना प्रौद्योगिकी (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस- मशीन लर्निंग), इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी (कम्प्यूटर एप्लीकेशन), हाई-टेक टेक्नोलॉजी (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) जैसे विशेष हाई-टेक पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट संचालित करेगा। प्रस्तावित पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान करेंगे।

क्रिस्प के प्रबंध संचालक डॉ. श्रीकांत पाटिल ने एआईसीटीई को क्रिस्प का चयन करने के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि इस तरह के पाठ्यक्रम से मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए कुशल जनशक्ति तैयार होगी। यह निश्चित रूप से संस्थान के लिए बहुत अच्छी खबर है और इसके साथ ही सफलता का एक नया अध्याय लिखा जाएगा।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म ''प्रदीप्ति'' का लोकार्पण

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग देश में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करे

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भोपाल में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री 'प्रदीप्ति' का लोकार्पण करते हुए

भोपाल, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म ''प्रदीप्ति'' का लोकार्पण राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के कर-कमलों द्वारा भोपाल स्थित राजभवन में किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जा रहे हैं। मेरी शुभकामना है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग देश में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी सतत रूप से करनी चाहिए ताकि परीक्षा के निकट समय में वे तनावग्रस्त न हों।

आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश लाल मेहरा द्वारा अपने उद्‌बोधन में वर्तमान समय में फिल्म के प्रदर्शन को युवाओं के हित में औचित्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को जागरूक करने के लिए परीक्षा संबंधी नियमों एवं निर्देशों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म ''प्रदीप्ति'' का निर्माण किया गया है। आयोग द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के आलोक में प्रायः यह देखने में आता रहा है कि अनेक परीक्षार्थी कुछ न कुछ गलतियां करते हैं और उन्हें सुधारने के लिए पत्राचार करते हैं। कई बार उन्हें आयोग की कार्यप्रणाली का भी समुचित ज्ञान नहीं होता। इन बातों को ध्यान में रखते हुए इस फिल्म का निर्माण किया गया है। यह पूर्णतः परीक्षार्थी केन्द्रित फिल्म है। आयोग की चयन परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी तथा अन्य जिज्ञासु आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर इस फिल्म ''प्रदीप्ति'' को देख सकते हैं और परीक्षा से संबंधित नियमों एवं निर्देशों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

डॉक्यूमेंट्री फिल्म ''प्रदीप्ति'' के लोकार्पण अवसर पर आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश लाल मेहरा, सदस्य श्री चंद्रशेखर रायकवार, डॉक्टर देवेन्द्र सिंह मरकाम, डॉक्टर कृष्णकान्त शर्मा, सचिव श्री प्रबल सिपाहा एवं ओएसडी डॉक्टर आर. पंचभाई उपस्थित रहे। आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर मेहरा ने अभ्यर्थियों से इस डॉक्यूमेंट्री को ध्यानपूर्वक देखने की अपील की ताकि अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया, परीक्षा पद्धति एवं कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित हो सकें।

बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार - श्रीमती स्मृति ईरानी

भोपाल, बच्चों को गोद लेने के कानून में बदलाव से पहले देशभर की विभिन्न अदालतों में गोद लेने के 900 मामले लंबित थे। सरकार द्वारा कानून में बदलाव के बाद जिला प्रशासन को जिम्मेदारी दी गई और तब से एक वर्ष में देश भर में 2250 से अधिक गोद लेने की प्रक्रिया सफलता से की गई है। लगभग 13-14 वर्ष पहले देशभर में लगभग 8 से 9 हजार बच्चों को सुरक्षित किया जाता था, भारत सरकार द्वारा देशभर में लगभग 65 हजार बच्चों का गैर-संस्थागत देखभाल के अंतर्गत संरक्षण किया जा रहा है। ये बातें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने भोपाल स्थित रवींद्र भवन में तीन राज्यों के 'वत्सल भारत कार्यक्रम' को संबोधित करते हुए कहीं।

श्रीमती ईरानी कहा कि हमने देश भर में ऐसी बेटियों (पीड़ितों) के लिए 74 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। इससे उन्हें प्रति माह 4 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। उनके कौशल विकास के लिए आगे की व्यवस्था की जाएगी और 18 साल की उम्र के बाद ही नहीं, बल्कि 23 साल की उम्र तक हम ऐसी बेटियों की रक्षा करते रहेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस आयोजन से मिशन वात्सल्य के तहत सफल हस्तक्षेपों का प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने इस दौरान चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन (सीसीआई) से 14 लाख 50 हजार बच्चों की घर वापसी के लिए किए गए प्रयासों के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल आयोगों और बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी) का आभार व्यक्त किया।

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी भोपाल में आयोजित वत्सल भारत कार्यक्रम को संबोधित करती हुई

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई ने 'मिशन वात्सल्य' के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'इसका उद्देश्य बाल कल्याण और संरक्षण के उद्देश्य के लिए कुशल और प्रभावी परिणाम के लिए अंतर-मंत्रालय और अंतर-मंत्रालय स्तर पर अभिसरण रणनीति (कन्वर्जेंस स्ट्रैटजी) को आगे बढ़ाना है।' उन्होंने कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे लापता, अनाथ, परित्यक्त और आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों से संबंधित विभिन्न एमआईएस के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से परामर्श कर बनाए गए डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जानकारी दी। इन प्लेटफार्मस् का उपयोग एससीपीएस, डीसीपीयू, सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, सीसीआई, एसजेपीयू के साथ-साथ नागरिकों द्वारा सभी एमआईएस उद्देश्यों के लिए संबंधित डैशबोर्ड से किया जा सकता है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियांक कानूनगो ने कहा की आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर प्रथम उत्तरदाताओं से लेकर भारत सरकार के अधिकारियों के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री श्री देश के बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एक ही छत के नीचे उपस्थित हैं।

वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण

बसामन मामा स्मृति वन एवं संरक्षण पुरस्कार के लिए नामांकन 21 जुलाई तक

भोपाल, वन विभाग द्वारा विंध्य क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश में वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण तथा वन संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य में प्रदर्शित की गई शूरवीरता, अदम्य साहस, उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान तथा मध्यप्रदेश में निजी भूमि में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिये बसामन मामा स्मृति वन एवं संरक्षण पुरस्कार वर्ष 2022-23 के लिए दिये जा रहे हैं।

दो श्रेणियों में दिये जायेंगे बसामन मामा स्मृति पुरस्कार

अशासकीय व्यक्तियों एवं शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिये दो श्रेणियों में बसामन मामा स्मृति पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। जिसमें विन्ध्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कार्य एवं राज्य स्तरीय वन संवर्धन पुरस्कार (निजी भूमि में वृक्षारोपण के कार्य के लिए नामांकन 21 जुलाई 2023 तक आमंत्रित किये जायेंगे। राज्य स्तर पर वन संवर्धन पुरस्कार के तहत निजी भूमि पर उत्कृष्ट के लिए पांच हेक्टेयर से अधिक तथा पांच हेक्टेयर से कम दो श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। दोनों श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार के लिए दो-दो लाख रुपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार में एक-एक लाख पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार में 50-50 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।

विंध्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार श्रेणी में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के लिए शासकीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रथम पुरस्कार में दो लाख के साथ प्रशस्ति-पत्र दिया जावेगा। इसी प्रकार द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के लिये एक लाख 50 हजार रुपये तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जायेगा। अशासकीय व्यक्तियों के वर्ग में प्रथम पुरस्कार के लिये दो लाख रुपये तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जायेगा। द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिये एक लाख तथा 50 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

वन विभाग की वेबसाइट पर मिलेगी पुरस्कार की जानकारी

बसामन मामा स्मृति पुरस्कार की विस्तृत जानकारी तथा नामांकन-पत्र का प्रारूप प्रदेश में निकटतम वन वृत्त, वन मण्डल तथा क्षेत्र संचालक टाइगर रिजर्व कार्यालय ने प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी विभाग की वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित फार्म पर भरे हुए नामांकन वन विभाग के संबंधित क्षेत्र के कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के नामांकन जिला पंचायत/जनपद पंचायत की अनुशंसा सहित वन संरक्षक (क्षेत्रीय)/वन मंडलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व को भेजे जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महिलाओं, युवाओं, किसानों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का उद्देश्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान गुना में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए

गुना, महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मकसद है। लाड़ली बहना योजना में धीर-धीरे बहनों को एक हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये तक की राशि हर माह उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख लोगों को शासकीय नौकरी में भर्ती किया जायेगा। इसके बाद और 50 हजार युवाओं को शासकीय नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना जिले के राघौगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन में कहीं। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की उपस्थिति में 134 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यों का ई-लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया गया।

श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाली 10 तारीख को पुन: बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। प्रतिवर्ष सरकार 15 हजार करोड़ रुपये की राशि बहनों के खातों में डालेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 21 वर्ष की बहनें भी लाड़ली बहना में शामिल होंगी। साथ ही जिन बहनों के परिवार में ट्रेक्टर है, उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राघौगढ़ के विकास में सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। वर्ष 2003 से पूर्व राघौगढ़ में न सड़क थी, न बिजली और न ही पीने का पानी था। सड़कों की हालत भी बहुत ही खराब थी। 2003 के बाद हमने यहां विकास के अनेक कार्य किए हैं और विकास की गति को हम रुकने नहीं देंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने महिला शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया है, जिससे नारी शक्ति अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं तय कर सकती है। देश-प्रदेश में बेटियां अब बोझ नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना ने इसमें महती भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में जो कार्य हुआ है वह देश में अनुकरणीय है।

श्री सिंधिया ने कहा कि राघौगढ़ क्षेत्र में वर्ष 2003 से पहले अनेक समस्याएं थीं, लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिये भी परेशान होना पड़ रहा था। वर्ष 2003 के बाद विकास के द्वार खुले और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

श्री चौहान ने राघौगढ़ में 7 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत के कुल 6 विकास कार्यों का लोकार्पण और 43 करोड़ 86 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा के 82 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत के 59 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने भैरुंदा में 209 दिव्यांगजन को वितरित किए सहायक उपकरण

सीहोर, दिव्यांगजन भले शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं लेकिन वे मन से बहुत मजबूत होते हैं। शरीर का कोई अंग कमजोर हो सकता है, लेकिन व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के भैरुंदा के कृषक संगोष्ठी भवन में दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण शिविर में आए हितग्राहियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने दिव्यांगों से कहा कि आप अकेले नहीं हैं आपका मामा आपके साथ है। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दिव्यांग का डाटा एकत्र कर सितंबर माह तक विशेष शिविर लगाये जायेंगे और क्षेत्र के सभी दिव्यांग को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। गत दिवस भैरुंदा में दिव्यांगजन के चिन्हांकन के लिए एक विशेष शिविर लगाया गया था, जिसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा 727 दिव्यांग का परीक्षण कर प्रमाण-पत्र दिये गये। इस दौरान 194 दिव्यांग का इलाज भी करवाया गया और अनेक दिव्यांग को सहायक उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकित किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भैरुंदा में हुए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में 209 दिव्यांग हितग्राहियों को 23 लाख 90 हजार रुपये के 316 सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं। इसमें 21 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्रायसायकल, 32 को ट्रायसायकल, 52 को व्हीलचेयर, 32 को एल्बो क्रच, 70 को बैसाखी, 31 को वर्किंग स्टिक, 5 को ब्लाइंड केन, 7 को रोलेटर, 3 को सेलफोन, 3 को एडीएल किट, 5 को स्मार्टफोन, 4 को सीपी चेयर, 50 को श्रवण यंत्र डिजिटल तथा एक दिव्यांग हितग्राही को ब्रेल किट का वितरण किया गया है।

वर्ष 2024 तक टीबी मुक्त राज्य के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे - स्वास्थ्य आयुक्त

भोपाल, मध्यप्रदेश में समन्वित प्रयास से 2024 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने यह बात जिला क्षय अधिकारियों से कही। डॉ. खाड़े क्षय नियंत्रण कार्यक्रम में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को मैदानी अमले के साथ बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जाना है। जिला क्षय अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर मैदानी अमले को प्रशिक्षित करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि राज्य के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से सेम्पल एकत्र करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रदेश में कार्यरत 9300 सीएचओ से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग लिया जा रहा है। टीबी नियंत्रण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक किया जायेगा।

डॉ. संजय सूर्यवंशी, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अशोक भार्गव, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. मलिक परमार और डॉ. तल्हा साद ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विशेषकर आपातकालीन टीबी मामलों को नियंत्रित करने और टीबी के विरुद्ध संघर्ष में विभिन्न व्यक्तियों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश के सभी 25 मेडिकल कॉलेज के पल्मोनरी विभाग के प्रमुख और 15 जिलों के जिला क्षय अधिकारी ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्य क्षय अधिकारी डॉ. वर्षा राय और उप संचालक राज्य क्षय उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. राहुल श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023 का अनुमोदन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित विधानसभा में मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिये 'मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023' का अनुमोदन किया गया। राज्य की नवीन क्षमता निर्माण नीति-2023 भारत सरकार द्वारा लागू मिशन कर्मयोगी की अवधारणा एवं विशेषताओं को सम्मिलित करते हुए और क्षमता विकास आयोग के सदस्य से परामर्श प्राप्त करते हुए तैयार की गई है। इसमें प्रत्येक विभाग के बजट में, वेतन मद में उपलब्ध बजट की एक प्रतिशत राशि से नया बजट शीर्ष 'मिशन कर्मयोगी' बनाया जायेगा। साथ ही प्रशासन अकादमी के बजट में राशि 10 करोड़ रुपये से 'मिशन कर्मयोगी' के नाम से नया बजट शीर्ष भी बनाया जायेगा। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- भारत सरकार की राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति वर्ष 1996 के संदर्भ में राज्य की वर्तमान प्रशिक्षण नीति को 11 जुलाई 2001 को लागू किया गया था। भारत सरकार की वर्तमान राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति 19 जनवरी 2012 को लागू की।
- प्रदेश की वर्तमान प्रशिक्षण नीति लगभग 22 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जबकि शासकीय सेवकों के भर्ती के तरीके, सूचना प्रौद्योगिकी का शासकीय कार्यों में उपयोग, विभिन्न कानूनों में परिवर्तन इत्यादि कारणों से नवीन प्रशिक्षण नीति की आवश्यकता महसूस की गई।
- राज्य की नयी प्रशिक्षण नीति तैयार करने के लिये महानिदेशक, प्रशासन अकादमी द्वारा सेवानिवृत्त एवं अनुभवी प्रशासनिक एवं तकनीकी परामर्शी विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिये नीति का अनुमोदन किया। मंत्रिपरिषद ने महिला स्व-सहायता समूह को अधिक सक्षम एवं उपभोक्ता शुल्क (टोल) संग्रहण में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये यह निर्णय लिया। निर्णय अनुसार पूर्व में उपभोक्ता शुल्क संग्रहण की स्वीकृति प्राप्त मार्गों में से दो करोड़ से कम वार्षिक संग्रहण आय वाले मार्गों पर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जायेगा। ऐसे मार्ग का चयन के लिये मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को अधिकृत किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के मानदेय में वृद्धि करने का निर्णय लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर एक लाख रुपये मासिक (मानदेय 35 हजार रुपये एवं वाहन भत्ता 65 हजार रुपये) और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष के मानदेय एवं वाहन भत्ता को बढ़ाकर 42 हजार रुपये मासिक (मानदेय 28 हजार 500 रुपये एवं वाहन भत्ता 13 हजार 500 रुपये) किया जायेगा।
- जनपद पंचायत अध्यक्ष के मानदेय को बढ़ाकर 19 हजार 500 रुपये मासिक एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के मानदेय को बढ़ाकर 13 हजार 500 रुपये मासिक करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त पंच/उप सरपंच का अधिकतम वार्षिक मानदेय 1800 रुपये किया जायेगा।
- अतिरिक्त वित्तीय भार की व्यवस्था "स्टाम्प शुल्क वसूली के अनुदान" मद में वार्षिक अतिरिक्त वित्तीय भार लगभग 56 करोड़ 38 लाख 24 हजार 800 रुपये को अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय भी लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने ग्राम रोजगार सहायक के भरे पद एवं रिक्त पदों की पूर्ति किये जाने पर 18 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से मानदेय के लिये आवश्यक अतिरिक्त वार्षिक राशि 274 करोड़ 95 लाख रुपये व्यय करने की अनुमति दी। यह राशि योजना क्रमांक 4610 स्टाम्प शुल्क वसूली या योजना क्रमांक 6299 गौण खनिज मद से व्यय की जायेगी।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में 8 नवीन महाविद्यालयों की स्थापना, 2 महाविद्यालयों में नवीन संकाय और 3 महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर/स्नातक विषय प्रारंभ करने की मंजूरी दी है। इसके लिये कुल 489 नवीन पद सृजन, आवर्ती व्यय भार 26 करोड़ 97 लाख रुपये प्रतिवर्ष और अन्य अनावर्ती व्यय 95 करोड़ 68 लाख 92 हजार रुपये, इस प्रकार कुल 122 करोड़ 65 लाख 92 हजार रुपये के व्यय की स्वीकृति दी गई।
- खण्डवा जिले के खालवा, भोपाल के फंदा, शहडोल के बाणसागर, श्योपुरकलां के बड़ौदा, सीधी के मण्डवास, इंदौर के बेटमा, रीवा के हनुमना और बालाघाट के हट्टा में नवीन शासकीय महाविद्यालय स्थापित किये जायेंगे। साथ ही छतरपुर के बिजावर और सीधी के चुरहट में पूर्व से संचालित शासकीय महाविद्यालयों में नवीन संकाय प्रारंभ किये जायेंगे।
- शासकीय महाविद्यालय रामपुरनैकिन, जिला सीधी में आर्ट एण्ड सांइस, शासकीय महाविद्यालय लामता, जिला बालाघाट में आर्ट्स एवं बॉयोलॉजी और शासकीय कन्या महाविद्यालय, नीमच में संगीत एवं फाइन ऑर्ट विषय प्रारंभ किये जायेंगे।
- मंत्रिपरिषद ने नवीन समरसता छात्रावास योजना में स्कूल शिक्षा विभाग के छात्रावासों के संचालन, मरम्मत आदि कार्य किये जाने की स्वीकृति दी। योजना में विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावास सभी वर्गों के लिये उपलब्ध हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में स्थापित होगी देश की पहली ई-स्पोर्ट्स अकादमी

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने मध्यप्रदेश में देश की पहली ई-स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की घोषणा की है। इसके लिए 23 जुलाई से 27 अगस्त तक मध्यप्रदेश राज्य जूनियर ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के माध्यम से टेलेंट सर्च किया जायेगा।

खेल मंत्री ने बताया कि दस दिनों के इस टूर्नामेंट में 12-17 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागिता करेंगे। मध्यप्रदेश में दो ऐसे खेलों को आगे बढ़ाने का निर्णय गया लिया है, जो आगामी ओलिंपिक और एशियन गेम्स में शामिल हैं। इसमें सबसे पहले हर जिले में टेलेंट सर्च के माध्यम से पेरिस ओलिंपिक में शामिल ब्रेक डांसिंग प्रतिभाओं को खोजने का कार्य जारी है। ई-स्पोर्ट्स को भी काम्पेटेटिव स्पोर्ट्स के रूप में पदक जीतने वाले खेल की श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में शामिल किया गया है। इसमें बर्मिंघम में वर्ष 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय टीम ने कांस्य पदक हासिल किया था। सितम्बर में शुरू होने वाले एशियन गेम्स में भी ई-स्पोर्ट्स शामिल है।

मध्यप्रदेश में बनेगा जय मीनेश कल्याण बोर्ड - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मीना समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए

भोपाल, किसी भी समाज की प्रगति से प्रदेश और देश की प्रगति भी स्वमेव होती है। इस नाते प्रत्येक समाज को प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करने के लिए सजग और सक्रिय रहना आवश्यक है। मध्यप्रदेश सरकार मीना समाज को विभिन्न क्षेत्र में उन्नति के अवसर उपलब्ध करवाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में मीना समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मीना समाज के लिए जय मीनेश कल्याण बोर्ड बनाया जाएगा। इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार सदस्य होंगे। अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। मध्यप्रदेश की ओबीसी सूची में आवश्यक संशोधन करेंगे। भोपाल में समाज के निर्माणाधीन छात्रावास भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। भगवान मीनेश की जयंती पर ऐच्छिक अवकाश होगा। मुख्यमत्री श्री चौहान ने कहा कि टीआरआई रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी, जिससे आवश्यक निर्णय हो। मीना समाज को आवश्यक प्रतिनिधित्व भी दिया जाएगा।

समाज के युवा विभिन्न क्षेत्र में सुविधाओं का लाभ लें

श्री चौहान ने कहा कि मीना समाज को शिक्षा, कृषि, व्यवसाय, तकनीकी प्रशिक्षण और स्व-रोजगार के क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आज सिर्फ कृषि कार्य पर निर्भर होकर आसानी से जीविका नहीं चलाई जा सकती। डेयरी व्यवसाय, सब्जी उत्पादन, फलोत्पादन आदि से आय बढ़ाना आवश्यक है। युवाओं का रुझान व्यवसाय और उद्योगों की ओर बढ़ना चाहिए। राज्य शासन ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति के माध्यम से युवाओं को 50 लाख रुपये तक की राशि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। इसके लिए ब्याज में छूट और शासन की गारंटी का लाभ भी मिलता है। कक्षा 12 उत्तीर्ण और स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं को सीखो-कमाओ योजना में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा दी जा रही है। इन युवाओं को हुनर सीखने के साथ ही शिष्यवृत्ति भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान-कल्याण योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छोटे और सीमांत किसानों को प्रतिमाह राशि प्राप्त हो रही है। मीना समाज सहित अन्य समाज बंधुओं को भी इसका लाभ मिल रहा है। कृषि कार्य से जुड़े लोगों को पहले लिए गए ऋण के ब्याज से राहत देने का कार्य भी किया गया है। यही नहीं सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से कृषि कार्य को फायदे का धन्धा बनाने का ठोस कार्य मध्यप्रदेश में हुआ है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रावधानों में संशोधन कर ट्रेक्टर रखने वाले परिवारों को भी लाभान्वित करने की पहल की गई है। यह सभी योजनाएं निम्न - मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए लाभकारी हैं। राज्य शासन द्वारा एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य पूर्ण होने पर 50 हजार नई भर्तियों की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी।

'मिशन कर्मयोगी' की अवधारणा पर बनी मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023

भोपाल, मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश के शासकीय सेवकों की क्षमता निर्माण के लिये 'मध्यप्रदेश क्षमता निर्माण नीति-2023' को मंजूरी प्रदान की गई। यह नीति राज्य की वर्तमान प्रशिक्षण नीति-2001 का स्थान लेगी। मध्यप्रदेश भारत के उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जहां मिशन कर्मयोगी की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश की क्षमता निर्माण नीति को तैयार कर उसे लागू करने का निर्णय लिया गया है।

इस नीति में प्रदेश के समस्त शासकीय सेवकों, जिनमें संविदा कर्मी भी शामिल हैं, के सम्पूर्ण क्षमता निर्माण के लिये प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियां की जायेंगी, जिससे शासकीय सेवक गुणवत्तापूर्ण नागरिक सेवा प्रदान करने के लिये संवेदनशील, कर्तव्यनिष्ठ, तत्पर, ईमानदार, संनिष्ठ हों तथा आधुनिक तकनीक कौशल से युक्त होकर कार्य कर सकें।

नवीन नीति में शासकीय सेवा के प्रत्येक संवर्ग के लिये सम्पूर्ण सेवाकाल की क्षमता विकास योजना तैयार की जायेगी। योजना के आधार पर शासकीय सेवक निश्चित अंतराल पर आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा और उसे पदोन्नति से जोड़ा गया है। नीति में कर्तव्यनिष्ठ शासकीय सेवकों को प्रोत्साहित करने का प्रावधान है।

नीति के अनुसार प्रत्येक विभाग में क्षमता निर्माण इकाई का गठन किया जाना है, जो प्रत्येक पद के उत्तरदायित्व, कार्य और इसके लिये आवश्यक क्षमताओं का निर्धारण कर उसके अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगी। इसमें बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 70 प्रतिशत प्रशिक्षण ऑनलाइन, 20 प्रशिक्षण कार्य-स्थल पर और 10 प्रतिशत प्रशिक्षण किसी प्रशिक्षण संस्थान में किया जायेगा।

नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिये सर्वोच्च स्तर पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य प्रशिक्षण परिषद गठित होगी, जिसमें मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारी होंगे। परिषद के सदस्य सचिव महानिदेशक प्रशासन अकादमी होंगे।

महाविद्यालयों के नवाचार और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में कई नवाचार हुए हैं। विभाग के नवाचारों और उपलब्धियों पर बुकलेट प्रकाशित कर सभी जिलों में भेजी जाएं। महाविद्यालयों की दीवारों पर शासकीय योजनाओं का वॉल पेंटिंग के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जाये। इसके लिए महाविद्यालयों में स्लोगन प्रतियोगिता आदि आयोजित कर सकते हैं। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एनएसएस और एनसीसी को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है। प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा ग्राम गोद लेकर इनकी विकास गतिविधियों के संचालन की रिपोर्ट मंगवाई जाए।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का सकल नामांकन अनुपात 27.1 प्रतिशत है। आगामी वर्षों के लिए कार्य-योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान वर्ष 2023-26 के लिए जारी दिशा-निर्देश अनुसार जिलों के चयन का कार्य प्रारम्भ है। चयन का आधार कम जीईआर, उग्रवाद प्रभावित जिले, सीमा क्षेत्र के जिले तथा अनुसूचित जातियों-जनजातियों, महिलाओं, अन्य पिछड़ा वर्गों एवं ट्रांसजेंडर की अनुपातिक जनसंख्या होगी। इसके

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक को सम्बोधित करते हुए

अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में स्नातक चतुर्थ वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम का निर्माण, स्नातक स्तर पर क्षेत्र की आवश्यकता अनुसार नवीन व्यावसायिक विषय और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम का समावेश, प्रत्येक जिले में कौशल संवर्धन प्रयोगशालाओं का निर्माण, जिलों में वर्चुअल माध्यम से अध्ययन के लिए डिजिटल स्टूडियो तथा स्मार्ट क्लास की स्थापना की जायेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए भावी योजनाएं तैयार की गई हैं। प्रत्येक जिले में स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा विवेकानन्द युवा संसाधन केन्द्र की स्थापना, 262 महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के लिए तैयार करना तथा सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क) में सहभागिता एवं पंजीयन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्ता उन्नयन, गोपनीय चरित्रावली की प्रक्रिया को ऑनलाइन करना तथा ई-ऑफिस की संचालनालय, मंत्रालय तथा महाविद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन किये जाने का लक्ष्य है।

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में 368 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 12 एमओयू मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, कनाडा, ताइवान, स्विट्जरलैंड आदि तथा राष्ट्रीय स्तर पर 48 प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ 152 एमओयू किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया एवं इटारसी में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कैंटियर की खबरें
- तम-सामयिक विषयों पट विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

न्यायमूर्ति एस.के. सिंह

एनजीटी के कार्यकारी अध्यक्ष बने

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल पांच साल के कार्यकाल से निवृत्त हो गए। इसके उपरांत एनजीटी के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति एस.के. सिंह (शियो कुमार सिंह) को फिलहाल कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। वह एनजीटी भोपाल पीठ में न्यायिक सदस्य थे। उन्हें 2005 से 2017 तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की विशेषज्ञ टीम द्वारा अयोध्या राम जन्मभूमि के उत्खनन कार्य की निगरानी करने के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया था।

बलतेज दिल्लों

अहम एजेंसी के पहले दक्षिण एशियाई अध्यक्ष बने

अनुभवी कनाडावासी सिख पुलिस अधिकारी बलतेज सिंह दिल्लों ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थलों को बढ़ावा देने वाली एजेंसी के पहले दक्षिण एशियाई अध्यक्ष बन गए हैं। बलतेज 1985 के कनिष्क एयर इंडिया आतंकवादी हमले की जांच करने वाली टीम का हिस्सा थे। दिल्लों देश की रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस में यूनिफॉर्म के रूप में एगडी पहनने वाले पहले पुलिस अधिकारी हैं। इन्हें वर्कसेफबीसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का चेयर पर्सन बनाया गया है।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने

लॉन्च किया दुनिया का सबसे बड़ा टेलीस्कोप

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अंतरिक्ष से गहरी एवं रहस्यमयी जानकारी जुटाने के लिए सबसे बड़ा टेलीस्कोप यूक्लिड लॉन्च किया है। यूक्लिड ब्रह्मांड का अब तक का सबसे बड़ा नक्शा तैयार करेगा, जिसमें आकाश के एक तिहाई से अधिक हिस्से में दो अरब आकाशगंगाएं शामिल होंगी। यूक्लिड पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर (439000 मील से अधिक) दूर है। यहां तक पहुंचने में लगभग 1 महीने का समय लगेगा।

हिंद महासागर में

मौजूद है रहस्यमयी ग्रेविटी होल

वैज्ञानिकों ने हिंद महासागर में अनोखी आकृति खोजी है। जिसे ग्रेविटी होल कहा जाता है। महासागर की इस गहराई में गुरुत्वाकर्षण बल बाकी पृथ्वी से कमजोर पड़ जाता है। ग्रेविटी होल से जुड़ी नयी खोज सामने आयी है जिसमें पाया गया है कि ग्रेविटी होल 30 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह होल प्राचीन समुद्र के अवशेष है। जो करोड़ों वर्ष पहले खत्म हो गया। ग्रेविटी होल पृथ्वी की सबसे रहस्यमय गुरुत्वाकर्षण विसंगति मानी गई है। इसे इंडियन ओशियन जियोइनलो के नाम से जाना जाता है। यह विशाल ग्रेविटी होल पृथ्वी की क्रस्ट के नीचे 950 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। इसकी संपूर्ण जानकारी जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित रिपोर्ट में दी गयी है।

ई-बुक रीडर

चश्मे में समाई पूरी किताब

हाल ही में न्यूयॉर्क में एक चश्मे को ई-बुक रीडर बनाकर बाजार में उतारा गया है। इसे हैंड्स-फ्री/ई-रीडर के रूप में डिजाइन किया गया है। इसका वजन 100 ग्राम है। इसमें 1.3 इंच साइड-लिटई-इंक डिस्प्ले की जोड़ी है, जिसमें प्रत्येक में 65,536 पिक्सल हैं। इसके पन्ने पलटने के लिए रिमोट का इस्तेमाल किया जाता है।

जॉन स्किंटोन और बॉब रेनाल्ड्स

अमेरिका के 48 राज्यों की यात्रा कर बनाया रिकॉर्ड

अमेरिका के जॉन स्किंटोन और बॉब रेनाल्ड्स ने सपना पूरा करने के साथ एक रिकॉर्ड भी बना डाला। जॉन और बॉब ने एक ही बार में अमेरिका के 48 राज्यों का दौरा किया। इस क्रम में उन्हें कुल 38 घंटे 13 मिनट का समय लगा। अमेरिका के मेन राज्य से शुरू होकर इंडियाना राज्य में उनका सफर पूरा हुआ। इससे पहले यह रिकॉर्ड बैरी बेनफेल्ट और आरोन विल्सन के नाम था। उन्होंने 44 घंटे सात मिनट में यह सफर पूरा किया था।

सेस्क फाब्रेगास

बार्सिलोना के पूर्व मिडफील्डर ने संन्यास लिया

बार्सिलोना और स्पेन के पूर्व मिडफील्डर सेस्क फाब्रेगास ने 36 साल की उम्र में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने लगभग 20 वर्ष तक फुटबॉल खेला। स्पेन की 2010 विश्वविजेता टीम के सदस्य रहे फाब्रेगास ने पिछले साल इटली की दूसरे डिवीजन की टीम कोमो से करार किया था, लेकिन इसके पूरा होने से पहले ही उन्होंने करार खत्म कर यह घोषणा की।

ब्राजील के

पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर सत्ता के दुरुपयोग के अलावा राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा करने का भी आरोप है। इसके चलते फेडरल कोर्ट ने इलेक्शन लड़ने पर रोक लगा दी है। बोल्सोनारो 2030 तक राजनीति से दूर रहेंगे। इसके अनुसार पूर्व राष्ट्रपति 7 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इसके साथ ही पब्लिक ऑफिस से उन्हें बैन कर दिया गया है।

जहरालिज फ्रांसिस एंगुएरा ने

दुनिया की सबसे छोटी बच्ची को जन्म दिया

अमेरिका के कनेक्टिकट में सेंट फ्रांसिस अस्पताल में दुनिया के सबसे छोटे बच्चे ने जन्म लिया है। डॉक्टरों के अनुसार जहरालिज फ्रांसिस एंगुएरा ने 22 फरवरी को 12.4 औंस यानि 350 ग्राम की बच्ची को जन्म दिया। यह इतनी छोटी बच्ची है कि हाथ में ही समा जाए। इस बच्ची का जन्म सिर्फ 22 हफ्ते में हुआ है। 4 माह इलाज के बाद बच्ची की सेहत में सुधार आ गया। उसका वजन 7.5 पाउंड यानी 3.40 किलो हो गया है।

जोनाथन वेरो ने

आग लगाकर दौड़ने में रिकॉर्ड बनाया

फ्रांस के 39 वर्षीय जोनाथन वेरो ने पूरे शरीर पर आग लगाकर सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने का नया रिकॉर्ड बनाया है। गिनीज वर्ल्ड बनाते हुए उन्होंने 17 सेकंड में दौड़ पूरी कर खुद के पिछले रिकॉर्ड को 7.58 सेकंड से पीछे छोड़ दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा

डीजीएमओ बने

लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने आर्मी हेड क्वार्टर में मिलिट्री ऑपरेशन के डायरेक्टर जनरल का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने अपना पदभार पिछले दिनों ग्रहण किया। इससे पहले वे अंबाला में खड्गा कोर की कमान संभाल रहे थे। वे इससे पहले कई सैन्य ऑपरेशनों में हिस्सा ले चुके हैं।

क्रोएशियाई शहर में

पहियों वाले सूटकेस पर बैन

यूरोपीय देश क्रोएशिया का डुब्रोवनिक शहर ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए पहियों वाले सूटकेस पर बैन लगाने जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि ये सूटकेस चलते समय आवाज करते हैं। अगर अब पर्यटक नियम का उल्लंघन करते हैं तो उन पर 288 डॉलर का जुर्माना लगाया जाएगा। शहर में प्रवेश करने से पहले पर्यटकों को बैग शहर के बाहर ही जमा कराना पड़ेगा। इस पहल को ''रिस्पेक्ट द सिटी'' नाम दिया गया है।

नॉर्वे में

हाई ग्रेड फॉस्फेट का विशाल भंडार मिला

नॉर्वे में हाई ग्रेड फॉस्फेट का विशाल भंडार मिला है। इसके करीब 70 अरब टन होने का अनुमान है। साल 2021 में यूएस जियोलॉजिकल सर्वे की तरफ से एक अनुमान लगाया गया था, जिसमें 71 अरब टन का भंडार होने की बात कही गयी थी। नॉर्ज माइनिंग कंपनी के अनुसार इतने फॉस्फेट से दुनिया की 100 साल की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। फॉस्फेट का प्रयोग सोलर पैनलों और इलेक्ट्रिक कार बैटरी में होता है।

अश्विन शेखर

भारतवंशी के नाम पर रखा गया ग्रह का नाम

एक छोटा ग्रह अब भारतीय खगोलशास्त्री अश्विन शेखर के नाम से जाना जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (आईएयू) ने शेखर को यह सम्मान दिया है। केरल के शेखर फ्रांस में पेरिस में एक खगोल भौतिकविद् के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भी खगोलशास्त्र के क्षेत्र में कई नए शोध अध्ययन प्रस्तुत किए हैं।

डॉ. गिरीश पणिक्कर

अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण अनुसंधान पुरस्कार से सम्मानित

भारतीय अमेरिकी शोधकर्ता डॉक्टर गिरीश पणिक्कर को संरक्षण अनुसंधान में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 2023 के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण अनुसंधान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉक्टर गिरीश वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभाग संरक्षण अनुसंधान कार्यक्रम के निदेशक और मिसिसिपी के अल्कोर्न स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें मृदा और जल संरक्षण सोसायटी द्वारा 2023 में उनके शोध सी-फैक्टर तकनीक पर यह पुरस्कार दिया गया है।

चीन में

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉन्फ्रेंस आयोजित

चीन में वर्ल्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इससे पहले शंघाई में भाग ले रहे रोबोट अपने मूव की रिहर्सल करते हुए देखे गए। पिछले सप्ताह हुए आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हुवावे और सेंसटाइम सहित विभिन्न चीनी तकनीक दिग्गज आकर्षण का केंद्र रहे। इसे चीन की सबसे बड़ी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कॉन्फ्रेंस माना जाता है। एपल, एमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और टेस्ला भी कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बने।

जापान

समुद्र में छोड़ेगा 132 करोड़ लीटर रेडियोएक्टिव पानी

अलजजीरा न्यूज के अनुसार जापान द्वारा न्यूक्लियर प्लांट से पानी छोड़े जाने की योजना की घोषणा 2021 में की गई थी। तब कहा गया था कि अगले दो सालों में ये काम शुरू हो जायेगा। 30 जून को जापान रेगुलेटरी बोर्ड ने अपना इंस्पेक्शन पूरा कर लिया है। हालांकि तारीख की घोषणा किया जाना बाकी है, लेकिन पानी छोड़ने की अनुमति कभी भी दी जा सकती है। पानी को ओशन में डिस्चार्ज करने में लंबा समय लगेगा। ज्ञात रहे कि 2011 की सुनामी में फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट का कूलिंग सिस्टम ठप हो गया था। गर्मी की वजह से वहां मौजूद तीनों रिएक्टर्स के कोर पिघल गए थे। जिसके चलते काफी मात्रा में रेडिएशन फैल गया था।

ग्रेटा थनबर्ग

पर्यावरणविद् को हो सकती है जेल

मशहूर पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को 6 महीने के लिए जेल की सजा हो सकती है। दरअसल ग्रेटा थनबर्ग पर स्वीडन में जून में हुए धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस के आदेशों का उल्लंघन करने का आरोप है। ज्ञात रहे कि स्वीडन के दक्षिण में स्थित शहर माल्मो में बीते जून में पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था। ग्रेटा भी इसमें शामिल हुई थीं। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को आदेश मानने से इंकार करने पर मामला दर्ज किया था।

स्मृति शेष

देश की सबसे उम्रदराज करदाता का निधन

बीना निवासी देश की सबसे उम्रदराज आयकरदाता गिरिजा देवी का 120 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सिद्धनाथ तिवारी की पत्नी थीं और नियमित तौर पर आयकर भरती थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road
Indore – 452001 (M.P.), Phone: (0) 0731-2970611, 2974363, 2971311 Fax No. : 0731-2972629
Website: invest.mp.gov.in, E-mail: ed.roind@mpidc.co.in, CIN : U51102MP1977SGC001392
No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2023/5495 Date : 10.07.2023

NOTICE INVITING TENDER (2ND CALL)

MPIDC Regional office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Percentage Rate tender from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mention below-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Operation and Maintenance of Horticulture Garden and Miscellaneous Items at I/A Dewas (M.P.) for a period of 02 years.	Rs. 26.16 Lakhs + GST	Rs. 5900/- i/c GST	Rs. 26160/-	25.07.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** within 3 days from publication in news paper.
M.P. Madhyam/110762/2023 R-48789/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

SQC CONSULTANCY OF BRIDGES (E-PROCUREMENT NOTICE)

No.10863/22/D-12/SQC-Brg./23 **Bhopal, Dated : 11.07.2023**
Online Bids are invited through e-procurement portal **http://mptenders.gov.in** from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Bridge works being constructed on Rural Roads for the following packages..

- **No. of Packages - 21**
- **No. of Bridges - 199**

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) – Rs. 10323675100.00

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on 17.07.2023 .
2. Last date of Submission of bid is **date 08.08.2023 upto 17.30 hrs.**
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Bridge works June, 2021 on our Website **http://mptenders.gov.in**.

M.P. Madhyam/110785/2023 R-48790/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर

दीक्षा भवन, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.)
फोन : 0755-2602033-36, Ext.-259, 260, 261)

स्नातक एवं डिप्लोमा/तकनीकी अप्रेंटिस प्रशिक्षु के नियोजन बाबत्

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भोपाल का एक स्वशासी प्रशिक्षण केन्द्र है। पी.डी.टी.सी. के द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में शासकीय मान्यता प्राप्त संस्थान अथवा पालीटेक्निक कॉलेजों से स्नातक अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण उम्मीदवारों से एक वर्ष के अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

क्र.	पाठ्यक्रम का विवरण	स्नातक अप्रेंटिस (शिष्यावृत्ति रु. 9000/- प्रतिमाह)					डिप्लोमा/तकनीकी अप्रेंटिस (शिष्यावृत्ति रु. 8000/- प्रतिमाह)					
		सामान्य	अ. पि.व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल	सामान्य	अ. पि.व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल	कुल योग
1.	सिविल	2	0	0	0	2	1	0	1	1	3	5
2.	इलेक्ट्रिकल्स/इलेक्ट्रिकल्स व इलेक्ट्रोनिक्स	15	6	8	9	38	7	3	0	3	13	51
3.	आई.टी.	1	0	1	0	2			-			2
	योग	18	6	9	9	42	8	3	1	4	16	58

i. अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के निर्णयानुसार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
ii. उक्त रिक्तियों की संख्या परिवर्तनशील है तथा पी.डी.टी.सी. को रिक्तियां भरने या न भरने का अधिकार रहेगा।
iii. स्नातक अप्रेंटिस को रुपये 9000/- प्रतिमाह तथा तकनीकी अप्रेंटिस को रुपये 8000/- प्रतिमाह शिष्यावृत्ति प्रदान की जावेगी।

योग्य इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** से डाउनलोड कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर दीक्षा भवन, गोविन्दपुरा भोपाल (म.प्र.)-462023) में **दिनांक 16.08.2023 सायं 5:30 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/110830/2023 R-48795/2023 **निदेशक (पी.डी.टी.सी.)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मधवा रोड संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003
Mobile No. 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. गपुपआअविनि/648/पर्य/भोपाल-03/तशा/2023 भोपाल, दिनांक : 12.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत बण्डा, जिला सागर एवं सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-08/2023-24(ऑनलाइन निविदा क्रमांक-291042, 291043) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक **19.07.2023 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/110814/2023 R-48791/2023 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02
फ्लेट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर साझी ग्रीन बिल्डिंग हरदौल गार्डन के फ्रंट पर सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011
निविदा आमंत्रण सूचना- 02/2023-24

प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा बाह्यविद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2023-24 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_291007_1 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.07.2023 तक खरीदे जा सकते है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
म.प्र. माध्यम/110818/2023 R-48792/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVLOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF GOVT. OF MADHY PRADESH)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.-462004
No. /10934/A-7-4/Acct./CA/FY 2022-23 Bhopal, Dated : 13.07.2023

REQUEST FOR PROPOSAL

FOR APPOINTMENT OF CHARTERED ACCOUNTANT FIRM FOR STATUTORY AUDIT OF HEADQUARTER OFFICE & PIUS OF THE MPRRDA - FOR THE FINANCIAL YEAR 2022-23 ENDING 31st MARCH 2023.

The Madhya Pradesh Rural Road Development Authority, invites proposals from firms of Chartered Accountants empanelled with C&AG which meet all the conditions in the eligibility criteria listed below, for carrying out the statutory audit of the accounts of its State Head Quarters and those of PIUs for the financial year 2022-23 as per the Terms of Reference provided in the RFP document.
Other details may be seen in the online detailed RFP documents.
Detailed RFP : Detailed Request for Proposal document (RFP) comprising Background, Terms of Reference (ToR) and Guidelines for submitting the proposal can be seen online on the website **https://www.mptenders.gov.in.** after making online payment of cost of tender fees Rs. 5900/-(Five thousand nine hundred only including GST) . The tender/RFP document may be purchased from **https://www.mptenders.gov.in.** as per time schedule mentioned in important dates.

1. Bid document may be purchase online from 14.07.2023 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 04.08.2023 (17:30 hrs.)

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/110826/2023 R-48794/2023 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
Phone : +91-755-2578801-04, Fax : +91-755-2550498
विज्ञापन क्रमांक-13/2023

विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2023 हेतु ऐसे आवेदक जिन्हें म.प्र. के विभिन्न माननीय न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों के द्वारा परीक्षा में बैठने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है, ऐसे समस्त आवेदक **दिनांक 17.07.2023 तक** अपने ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। आवेदक सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, किसी भी स्तर पर जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी। आवेदक द्वारा निर्धारित अवधि तक आवेदन पत्र नहीं भरने पर परीक्षा में सम्मिलित नहीं किये जा सकेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आवेदक/याचिकाकर्ता स्वयं की होगी। समय पर आवेदन नहीं होने की स्थिति में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल उत्तरदायी नहीं होगा।
म.प्र. माध्यम/110831/2023 R-48796/2023 **नियंत्रक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1125 (PMGSY-B.W.)

No./11004/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 14.07.2023
Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work –** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Harda	2	70780000.00
2	Jhabua	1	19874000.00
3	Khargone	1	25907000.00

1. Bid document may be purchase online from **19.07.2023 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **04.08.2023 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/110838/2023 R-48800/2023 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्रमांक-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 09/2023-24 निर्माण कार्य स्टोर रूम एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड दरीखाना, जिला जबलपुर (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_291346) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.07.2023 तक खरीद कर सायं 6:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/110834/2023 R-48797/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-72

No./11018/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 14.07.2023
Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/ Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/ CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Betul	3	11936034.00
2	Chhindwara	1	1243144.00
3	Dhar	2	32652244.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **18.07.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/110839/2023 R-48801/2023 **(TENDER)**

वस्तु एवं सेवा कर (GST) के 6 साल रहे बेमिसाल

'वन नेशन वन टैक्स' से सुगम हुई देश में कर व्यवस्था

अप्रत्यक्ष कर प्रणाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को अस्तित्व में आए छह वर्ष पूरे हो चुके हैं। आंकड़े बताते हैं कि जीएसटी से सरकारी खजाने में हरेक महीने कम से कम 1.5 लाख करोड़ रुपये आ रहे हैं। अब तो यह एक नया एवं निरंतर जारी रहने वाला सिलसिला लगने लगा है। भारत सरकार के टैक्स रेवेन्यू में जीएसटी का बहुत बड़ा योगदान है। देश में कर की चोरी और टैक्स पर नियंत्रण करने के लिए जीएसटी लागू की गई थी। जीएसटी भारत के आर्थिक परिदृश्य में मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। इसने करों की संख्या, अनुपालन बोझ और आम आदमी पर समग्र कर बोझ में कमी की है। जिससे पारदर्शिता, अनुपालन और समग्र संग्रह में काफी वृद्धि हुई है। यानी जीएसटी राष्ट्र निर्माण में सहयोग का एक माध्यम बनकर आया है। यह संभव हुआ है तो केवल केंद्र के मौजूदा नेतृत्व की इच्छाशक्ति के कारण, जिसने संकल्प का रूप लेकर सर्वसम्मति का वातावरण बनाकर जीएसटी को यथार्थ में बदल दिया। जीएसटी से भारत में अर्थनीति के नए अध्याय का सूत्रपात हुआ था। जीएसटी एक ऐसा महत्वपूर्ण कर सुधार है जिसने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दिया और एक राष्ट्र-एक कर की परिकल्पना को साकार किया। जीएसटी, देश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों में एक है जिसका संकारात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था और उत्पादन के सभी कारकों पर पड़ा है। जीएसटी केवल एक कर सुधार नहीं है, बल्कि यह सरदार पटेल के सपने को साकार करते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सर्वोत्तम उदाहरण है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते भी हैं, ''जिस प्रकार सरदार पटेल ने 500 से अधिक रियासतों को मिलाकर भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित किया था, उसी प्रकार जीएसटी ने भी देश को आर्थिक रूप से एकीकृत कर दिया है।'' जीएसटी के बाद न सिर्फ व्यवसायियों एवं उद्यमियों को सेल्स टैक्स, सर्विस टैक्स, एक्साइज, एंट्री टैक्स, चुंगी, परचेज टैक्स, एंटरटेनमेंट टैक्स जैसे तमाम अप्रत्यक्ष करों की परेशानियों से छुटकारा मिला है, बल्कि इससे राज्यों के राजस्व के साथ-साथ केंद्र के राजस्व में भी वृद्धि हुई है। एक अर्थ क्रांति के रूप में जीएसटी ने लंबी छलांग लगाई है। अप्रैल 2023 में सकल जीएसटी संग्रह अब तक का सबसे अधिक 1,87,035 करोड़ रुपये रहा जो अप्रैल 2022 के अब तक के 1,67,540 करोड़ रुपये के सर्वाधिक संग्रह से अधिक है। अप्रैल 2023 के लिए जीएसटी राजस्व वर्ष-दर-वर्ष जीएसटी राजस्व से 12 प्रतिशत अधिक है।

एक अनुमान के मुताबिक देश में 8 करोड़ (आबादी का 11 प्रतिशत) व्यापारी वर्ग हैं, जिन्हें जीएसटी ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंच है। जीएसटी से ग्राहक के खर्चे में कमी, बचत में वृद्धि हुई है। उपभोक्ता उत्पादों पर टैक्स का बोझ कम हुआ है। दैनिक प्रयोग की वस्तुओं पर टैक्स की दरों में कमी हुई है। वित्त मंत्रालय के अध्ययन के मुताबिक मासिक घरेलू खर्च पर 4 प्रतिशत की बचत हो रही है। जीएसटी अब एक ऐसा सुधार बन चुका है कि जिसने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दिया है। इस सुधार ने भारत को समान कर प्रणाली के एक सूत्र में बांधा है। इससे देश में कारोबारी गतिविधियां बढ़ी हैं, आर्थिक समृद्धि का नया दौर आया है और देश की जीडीपी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अगर इसे आसान शब्दों में कहा जाए तो जीएसटी प्रणाली से भारत में कर व्यवस्था सुगम हुई है, कारोबारियों में नया भरोसा जागा है। भारत में व्यापार करना आसान हुआ है। इतना ही नहीं, अमृत लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा भारत 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत बनने के जिस लक्ष्य को लेकर अग्रसर है, उसमें जीएसटी मील का पत्थर साबित होने वाला है।

जीएसटी एक फायदे अनेक

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी को एक जुलाई 2017 से लागू किया गया था। इसने अपने बेमिसाल 6 वर्ष सफलता के साथ पूरे किए हैं। जीएसटी लागू होने के दिन से ही हालात में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। इसके लागू होने के बाद से न सिर्फ सरकार का रेवेन्यू बढ़ा है, बल्कि टैक्स चोरी पर भी लगाम लगी है और इसका सीधा असर पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर देखने को मिला है। सभी 17 तरह के कर का एकीकरण हो गया। पूरा भारत एक बाजार हो गया। अंतर्राज्यीय नाके हटा दिए गए। एंट्री टैक्स खात्मे के बाद शहरों में प्रवेश सुगम हो गया। विभिन्न राज्य मनोरंजन के नाम पर 35% से 110% तक टैक्स वसूल रहे थे। इसमें भारी कमी हुई। 235 आइटम पर पहले 31 प्रतिशत या उससे अधिक टैक्स लग रहा था। इनमें से 10 को छोड़कर सभी पर टैक्स तुरंत घटाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया। उन 10 आइटम पर तो टैक्स घटाकर और भी कम यानी 18 प्रतिशत कर दिया गया। बहुत थोड़े समय के लिए कई स्लैब बनाए गए थे ताकि किसी भी वस्तु की कीमत ऊपर जाने न पाए। इससे कीमतें बढ़ने से रुक गईं। आम आदमी के इस्तेमाल की वस्तुएं शून्य या 5% टैक्स दायरे में लाई गईं। रिटर्न ऑनलाइन हो गए, एसेसमेंट भी ऑनलाइन हो गया और इंस्पेक्टर की फौज गायब हो गई। राज्यों को गारंटी दी गई कि पहले 5 सालों के लिए उन्हें उनके बेस राजस्व में 14% की बढ़ोतरी होगी।

जीएसटी आज नए भारत की कर व्यवस्था है। डिजिटल भारत की कर व्यवस्था है। यह सिस्टम केवल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नहीं है, बल्कि वे ऑफ डूइंग बिजनेस को भी एक दिशा दे रहा है। यह केवल एक कर सुधार नहीं है, बल्कि आर्थिक सुधार का भी महत्वपूर्ण कदम है। यह आर्थिक सुधार से भी आगे सामाजिक सुधार का भी एक नया तबका तैयार कर रहा है जो एक ईमानदारी के उत्सव की ओर ले जाने वाला बन रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं, कानून की भाषा में जीएसटी- गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में भी जाना जाता है लेकिन जीएसटी से जो लाभ मिलने वाले हैं, उससे हकीकत में ये गुड एंड सिंपल टैक्स है। इसलिए कि पहले टैक्स पर टैक्स जो लगते थे, उससे मुक्ति मिल गई है। सिंपल इसलिए है कि पूरे देश में एक ही फॉर्म होगा, एक ही व्यवस्था होगी और उसी व्यवस्था से चलने वाला है। आज भारत भी उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जहां इतने बड़े कर सुधारों को सुगमतापूर्वक लागू किया गया है। समस्त चेक-पोस्ट को रातों-रात समाप्त कर दिया गया। इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रणाली ने समस्त आवश्यक जानकारियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कर दिया है। जीएसटी ने बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक कर पंजीकरण को प्रोत्साहित किया है। निश्चित रूप से यह सुधार भारत को समान कर प्रणाली के एक सूत्र में बांधने वाला कदम बना, जिससे देश में कारोबारी गतिविधियां बढ़ीं, देश की जीडीपी को भी नया रूप मिला और महंगाई को काबू करने में भी सफलता मिली। इसी का परिणाम है कि छोटे हो या बड़े व्यापारी, आज सहजता से व्यापार कर रहे हैं।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- केंद्र सरकार ने राज्यों को जीएसटी के कारण राजस्व कमी के लिए मुआवजे के तौर पर 2017-18 से 2022-23 तक 5,55,121 करोड़ रुपये दिए हैं।
- जीएसटी काउंसिल, वस्तु एवं सेवा कर (GST) से संबंधित मुद्दों का समाधान करने वाली एक संवैधानिक निकाय है। यह केंद्र और राज्यों का एक संयुक्त मंच है। वित्त मंत्री जीएसटी परिषद की प्रमुख हैं, जबकि सभी राज्यों के वित्त मंत्री इसके सदस्य होते हैं।
- जीएसटी के तहत देश में वस्तुओं और सेवाओं पर पांच प्रकार की दरों 0%, 5%, 12%, 18% और 28% का कर लगाया जाता है।
- जीएसटी को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम 2016 के तहत संविधान के अनुच्छेद 279A(1) में जोड़ा गया है।
- पहले के मौजूद तमाम टैक्स एक्साइज ड्यूटी, वैट, एंट्री टैक्स, सर्विस टैक्स इत्यादि को हटाकर एक टैक्स जीएसटी लगाया जाता है। इसलिए इसे 'वन नेशन वन टैक्स' अर्थात् एक देश में एक कर के नाम से जाना जाता है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2023 में वर्ल्ड टेबल टेनिस चैम्पियनशिप कहां आयोजित की गई।
(अ) चीन
(ब) हंगरी
(स) स्वीडन
(द) दक्षिण अफ्रीका

2. इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन का मुख्यालय किस देश में स्थित है।
(अ) स्विट्जरलैंड
(ब) फ्रांस
(स) ब्राजील
(द) कनाडा

3. ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए टेनिस में पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं।
(अ) रोहन बोपन्ना
(ब) लिएंडर पेस
(स) महेश भूपति
(द) प्रकाश अमृतराज

4. इनमें से किसे पाकिस्तान क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है।
(अ) मैथ्यू हेडन
(ब) जॉन बुकानन
(स) ग्रांट ब्रेडबर्न
(द) वकार यूनुस

5. इस वर्ष किस क्लब ने कोपा डेल रे खिताब जीता है।
(अ) बार्सिलोना (ब) रियल मैड्रिड
(स) वेलेंसिया (द) सेविला

6. अर्जुन सिंह भुल्लर किस खेल के दिग्गज खिलाड़ी हैं।
(अ) मिक्स्ड मार्शल आर्ट
(ब) बास्केटबॉल
(स) जिम्नास्टिक
(द) इनमें से कोई नहीं

7. इस वर्ष किस रेसर ने मियामी ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस जीती है।
(अ) सर्जियो पेरेज
(ब) एलेक्जेंडर एल्बोन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) मैक्स वर्स्टापेन

8. वनडे क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है।
(अ) भारत
(ब) जिम्बाब्वे
(स) श्रीलंका
(द) इंग्लैंड

9. भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी हैं।
(अ) मिल्खा सिंह
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) अभिनव बिंद्रा
(द) इनमें से कोई नहीं

10. वर्ष 2023 में एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी किस देश को मिली है।
(अ) जापान
(ब) पाकिस्तान
(स) भारत
(द) बांग्लादेश

11. बेन स्टोक्स को किस वर्ष आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।
(अ) वर्ष 2017
(ब) वर्ष 2019
(स) वर्ष 2021
(द) इनमें से कोई नहीं

12. आमतौर पर ओलिंपिक खेलों का आयोजन कितने वर्ष के अंतराल में होता है।
(अ) एक वर्ष
(ब) दो वर्ष
(स) चार वर्ष
(द) पांच वर्ष

13. कोलिन मोरिकोवा किस देश के प्रसिद्ध गोल्फ खिलाड़ी हैं।
(अ) जापान
(ब) जर्मनी
(स) आयरलैंड
(द) अमेरिका

14. किंग्स कप किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है।
(अ) फुटबॉल
(ब) हॉकी
(स) बैडमिंटन
(द) टेबल टेनिस

15. फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा के वर्तमान प्रमुख हैं।
(अ) सैप ब्लेटर
(ब) जियानी इंफेंटिनो
(स) थॉमस बाक
(द) जॉन कोट्स

16. भारतीय पहलवान साक्षी मलिक ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक जीता था।
(अ) वर्ष 2008
(ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2016
(द) इनमें से कोई नहीं

17. इनमें से कौन सी खेल स्पर्धा एथलेटिक्स का हिस्सा नहीं है।
(अ) डेकाथलॉन
(ब) भाला फेंक
(स) मैराथन
(द) तलवारबाजी

18. चेन्नई सुपरकिंग्स ने कितनी बार आईपीएल का खिताब जीता है।
(अ) तीन बार
(ब) चार बार
(स) पांच बार
(द) छह बार

19. बेसबॉल खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी खेलते हैं।
(अ) 7 (ब) 9
(स) 10 (द) 11

20. इस वर्ष फीफा क्लब वर्ल्डकप का आयोजन किस देश में किया जाएगा।
(अ) सऊदी अरब
(ब) कतर
(स) मिस्र
(द) जापान

21. इनमें से किस देश में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित नहीं किए गए हैं।
(अ) स्कॉटलैंड
(ब) कनाडा
(स) मलेशिया
(द) सिंगापुर

22. इस वर्ष वर्ल्ड एक्वॉटिक्स चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जा रही है।
(अ) जापान (ब) इटली
(स) सर्बिया (द) हंगरी

23. वर्ष 2021 में सिनसिनाटी ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे।
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) आंद्र रूबलेव
(द) हुर्बट हुरकॉज

24. इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) का मुख्यालय किस शहर में स्थित है।
(अ) पेरिस (ब) मेलबर्न
(स) लंदन (द) मड्रिड

25. मणिका बत्रा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।
(अ) टेनिस
(ब) जिम्नास्टिक
(स) तीरंदाजी
(द) टेबल टेनिस

उत्तर

1. (द), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (ब), 6. (अ), 7. (द), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (अ), 15. (ब), 16. (स), 17. (द), 18. (स), 19. (ब), 20. (अ), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

राज्य लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. निम्न में से किस राज्य सरकार द्वारा 'धर्मपाल राष्ट्रीय सम्मान' प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है?
अ. उत्तरप्रदेश
ब. मध्यप्रदेश
स. महाराष्ट्र
द. राजस्थान
उत्तर- ब. मध्यप्रदेश

2. मध्यप्रदेश के खिलाड़ी 'अंचिता शेउली' किस खेल से सम्बंधित हैं?
अ. तैराकी
ब. जूडो
स. वेटलिफ्टिंग
द. फेंसिंग
उत्तर- स. वेटलिफ्टिंग

3. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किस वर्ष को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया है?
अ. 2023
ब. 2022
स. 2024
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. 2023

4. 'अनमोल एप' का सम्बंध निम्न में से किससे है?
अ. आंगनवाड़ी हेतु
ब. गर्भवती महिलाओं हेतु
स. विश्वविद्यालयों हेतु
द. स्कूलों हेतु
उत्तर- ब. गर्भवती महिलाओं हेतु

5. निम्न में से कौन सा वेटलैंड 'रामसर साइट्स' के अंतर्गत नहीं आता है?
अ. सिरपुर वेटलैंड
ब. यशवंत सागर
स. सांख्यसागर
द. माधव सागर
उत्तर- द. माधव सागर

6. 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में 'विशेष अतिथि' के रूप में सम्मिलित हुए?
अ. सुश्री जनेश मैस्करेनहास
ब. डॉ. मोहम्मद इफ़ान अली
स. अजयपाल सिंह
द. श्री चंद्रिका प्रसाद संतोखी
उत्तर- द. श्री चंद्रिका प्रसाद संतोखी

7. 'मोतीलाल वोरा' जिनका हाल ही में निधन हो गया, उनके सम्बंध में कौन सा कथन असत्य है?
अ. मध्यप्रदेश के दो बार CM रहे
ब. केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री पद पर रहे
स. उत्तरप्रदेश के राज्यपाल भी रहे
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- द. इनमें से कोई नहीं

8. 'पंख अभियान' की शुरुआत कब की गई?
अ. 30 जनवरी, 2021
ब. 24 जनवरी, 2021
स. 24 जनवरी, 2022
द. 30 जनवरी, 2022
उत्तर- ब. 24 जनवरी, 2021

9. संविधान के किस अनुच्छेद में पंचायतों का गठन वर्णित है?
अ. 243 आई
ब. 243 सी
स. 243 डी
द. 243 ए
उत्तर- ब. 243 सी

10. निम्न में से कौन लोकसभा के अध्यक्ष नहीं रहे हैं?
अ. नीलम संजीव रेड्डी
ब. हुकुम सिंह
स. के.एस. हेगड़े
द. रंगनाथ मिश्र
उत्तर- द. रंगनाथ मिश्र

11. निम्नलिखित में से कौन सा सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है?
अ. दो या दो से अधिक राज्यों के बीच कोई विवाद
ब. भारत सरकार तथा एक या एकाधिक राज्यों के बीच कोई विवाद
स. अ और ब दोनों
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- द. इनमें से कोई नहीं

12. मॉन्टेग्यू चेम्सफोर्ड प्रस्ताव का संबंध निम्न में से किससे था?
अ. शिक्षा में सुधार से
ब. पुलिस व्यवस्था में सुधार से
स. सांविधानिक सुधार से
द. सती प्रथा में सुधार से
उत्तर- स. सांविधानिक सुधार से

13. 'विश्व पृथ्वी दिवस' कब मनाया जाता है?
अ. 24 अप्रैल
ब. 21 अप्रैल
स. 22 अप्रैल
द. 25 अप्रैल
उत्तर- स. 22 अप्रैल

14. 'उन्मीलन' का विलोम क्या होगा?
अ. अवनत
ब. निमीलन
स. अनुदग्र
द. उन्नत
उत्तर- ब. निमीलन

15. निम्न में से कौन सी रचना जयशंकर 'प्रसाद' की नहीं है?
अ. कंकाल
ब. तितली
स. भिखारिनी
द. इरावती
उत्तर- स. भिखारिनी

16. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

तत्सम		तत्भव
अ. अक्षोर	-	अक्षर
ब. अक्षवाट	-	अखाड़ा
स. अर्द्धतृतीय	-	अढ़ाई
द. आमलक	-	आँवला

उत्तर- अ. अक्षोर - अक्षर

17. 'परिषद्य - परिषिक्त' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या होगा?
अ. परिषद् - पदाधिकारी
ब. परिषद् का सदस्य - सींचा गया
स. सदन - संचालन
द. स्वीकृत - त्याज्य
उत्तर- ब. परिषद् का सदस्य - सींचा गया

18. 'ऐसा लेख अथवा कहानियां जो हास्यरस से पूर्ण हों' निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करें?
अ. प्रहसन ब. प्रष्टव्य
स. रूपक द. छवि
उत्तर- अ. प्रहसन

19. 'आप नहाकर खाना खाओ, वाक्य में क्रिया का कौन सा भेद है?
अ. द्विकर्मक ब. पूर्वकालिक
स. नामधातु द. संयुक्त क्रिया
उत्तर- ब. पूर्वकालिक

20. 'मुझसे अब सहा नहीं जाता' वाक्य में कौन सा वाच्य है?
अ. कर्तृवाच्य
ब. कर्म वाच्य
स. भाव वाच्य
द. निश्चयवाच्य
उत्तर- स. भाव वाच्य

21. CD- RW का पूर्ण रूप है?
अ. Compact Drum Read Write
ब Compact Diskette Read Write
स. Compact Disc Re Writable
द. Compact Disc Random Write
उत्तर- स. Compact Disc Re Writable

22. निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
अ. 'सेंटाएना' कैलिफोर्निया में चलने वाली गर्म व शुष्क हवा है।
ब. जेट स्ट्रीम का ही दूसरा नाम रॉस्बी तरंग है।
स. 'लेवांटर अत्यंत शक्तिशाली पूर्वी ठंडी पवनें हैं।
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- द. इनमें से कोई नहीं

23. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

प्रमुख सम्मेलन		वर्ष
अ. नुसा दुआ सम्मेलन	-	2007
ब. क्योटो सम्मेलन	-	1995
स. जोहांसबर्ग शिखर सम्मेलन	-	2002
द. पेरिस सम्मेलन	-	2015

उत्तर- ब. क्योटो सम्मेलन - 1995

24. वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला कौन सा है (क्षेत्रफल के अनुसार)?
अ. शाजापुर ब. दतिया
स. श्योपुर द. उज्जैन
उत्तर- द. उज्जैन

25. 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत मंदसौर में किसे चुना गया है?
अ. अफीम ब. अंगूर
स. लहसुन द. कपास
उत्तर- स. लहसुन

26. सोडियम के किस यौगिक को हाइपो (HYPO) नाम से भी जाना जाता है?
अ. बोरेक्स
ब. केल्गन
स. सोडियम थायोसल्फेट
द. ग्लोबर साल्ट
उत्तर- स. सोडियम थायोसल्फेट

27. निम्न में से कौन सा प्रणोदक नहीं है
अ. द्रव अमोनिया ब. हाइड्राजीन
स. बायोगैस द. एल्कोहॉल
उत्तर- स. बायोगैस

28. निम्न में पार्श्व विकृति तथा अनुदैर्ध्य विकृति के अनुपात को क्या कहते हैं?
अ. दृढ़ता गुणांक
ब. आयतन प्रत्यास्थता गुणांक
स. यंग प्रत्यास्थता गुणांक
द. प्वासों का अनुपात
उत्तर- द. प्वासों का अनुपात

29. लेंज का नियम निम्नलिखित में से किसके लिए आवश्यक है?
अ. ऊर्जा का संरक्षण
ब. द्रव्यमान का संरक्षण
स. रेखीय संवेग संरक्षण
द. कोणीय संवेग संरक्षण
उत्तर- अ. ऊर्जा का संरक्षण

30. निम्न में से किस हार्मोन की कमी से 'डायबिटीज इन्सिपिड्स नामक रोग हो जाता है?
अ. वेसोप्रेसिन
ब. थाइरोट्रोपिक
स. ग्लूकोकॉर्टिक्वायर्ड्स
द. एड्रीनेलीन
उत्तर- अ. वेसोप्रेसिन

31. सुमित्रानंदन पंत की किस रचना हेतु उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
अ. लोकायतन
ब. युगांत
स. चिदम्बरा
द. गुंजन
उत्तर- स. चिदम्बरा

32. भरतपुड़ना स्थित केरल कलामंडल किस नृत्य शैली का प्रशिक्षण संस्थान है?
अ. मोहिनी अट्टम
ब. कथकली
स. कुचिपुडी
द. भरतनाट्यम
उत्तर- ब. कथकली

33. पारा थर्मामीटर का आविष्कार किसके द्वारा किया गया था?
अ. केमरलिंघ ओन्स
ब. फ़ॉरेनहाइट
स. एनरिको फर्मी
द. जॉन कारबट
उत्तर- ब. फ़ॉरेनहाइट

34. 'राक्षस भुवन की संधि किसके मध्य हुई थी?
अ. अंग्रेजों व मराठा
ब. अंग्रेजों व निजाम
स. अफगान व मराठा
द. मराठा व हैदराबाद के निजाम
उत्तर- द. मराठा व हैदराबाद के निजाम

35. निम्नलिखित में से 'मितास्परा' किसकी रचना है?
अ. सोढ़ढ़ल ब. विज्ञानेश्वर
स. पद्मगुप्त द. मेरूतुंग
उत्तर- ब. विज्ञानेश्वर

36. 'वैकुंठपेरूमाल मंदिर' का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया?
अ. कुलोतुंग III
ब. सिंह विष्णु
स. कृष्ण III
द. नंदी वर्मन-II
उत्तर- द. नंदी वर्मन-II

37. पुष्पी पादपों के बीज किससे निर्मित होते हैं?
अ. बीजपत्र से
ब. युग्मनज
स. अंडाशय और अंडाशय भित्ती
द. भ्रूण, खाद्य निचय और आवरण
उत्तर- अ. बीजपत्र से

38. मानव शरीर में न्यूट्रोफिल्स का निर्माण कहां होता है?
अ. अस्थिमज्जा ब. तिल्ली में
स. लसीका में द. लीवर में
उत्तर- अ. अस्थिमज्जा में

39. AB रक्त समूह वाले व्यक्ति के सन्दर्भ में कौन सा कथन सत्य है?
अ. AB रक्त समूह वालों को रक्त दान कर सकता है।
ब. किसी भी वर्ग से रक्त ले सकता है।
स. कभी-कभी सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता कहा जाता है।
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

40. निम्न में से मनुष्य के वृक्क के वल्कुट के वे कौन से भाग हैं, जो मध्यांश के पिरामिड के बीच धंसे रहते हैं?
अ. हेनले लूप
ब. बोमेन सम्पुट
स. बरतीनी के स्तंभ
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. हेनले लूप

41. इन्सुलिन के अतिस्रवण से कौन सा रोग होता है?
अ. डाइबिटीज मेलिटस
ब. कॉन्स रोग
स. हाइपोग्लाइसीमिया
द. एड्रीनल विरिलिज्म
उत्तर- स. हाइपोग्लाइसीमिया

42. विश्व वैडमिंटन संघ (WBF) का मुख्यालय कहां अवस्थित है?
अ. माइस ब. लुसाने
स. मोनाको द. कुआलालामपुर
उत्तर- द. कुआलालामपुर

43. निम्न में से कौन सी खेल संस्था/एकेडमी भोपाल में अवस्थित नहीं है?
अ. मध्यप्रदेश नेशनल सेलिंग स्कूल
ब. मध्यप्रदेश इक्वेस्ट्रेअन एकेडमी
स. मध्यप्रदेश तैराकी एकेडमी
द. मध्यप्रदेश शूटिंग एकेडमी
उत्तर- स. मध्यप्रदेश तैराकी एकेडमी

44. 'एम.सी. मैरीकॉम' के संदर्भ में कौन सा कथन सत्य है?
अ. इन्हें 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न' से सम्मानित किया गया है।
ब. 2013 में इन्हें पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
स. विश्व चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण जीतने वाली दुनिया की पहली मुक्केबाज
द. उपरोक्त सभी
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

45. 'पायका' योजना का संबंध किस क्षेत्र से है?
अ. उद्योग ब. विनिर्माण
स. पंचायती राज द. खेल क्षेत्र से
उत्तर- द. खेल क्षेत्र से

46. निम्न में से कौन सा आर्द्रभूमि क्षेत्र तमिलनाडु में अवस्थित नहीं है?
अ. करीकिली पक्षी अभ्यारण्य
ब. वेदाथन्गल पक्षी अभ्यारण्य
स. पिचवरम मेंग्रोव
द. पोंगडेम झील
उत्तर- द. पोंगडेम झील

47. निम्न में से किस राज्य को 'Foundation Literacy and Numeracy Index 2022' में ज़ीरो प्रदर्शन करने पर प्रथम स्थान मिला है?
अ. आंध्रप्रदेश ब. मध्यप्रदेश
स. उत्तरप्रदेश द. पश्चिम बंगाल
उत्तर- द. पश्चिम बंगाल

48. निम्न में से किस क्षेत्र को 'मध्यप्रदेश का रेणुकूट' कहा जाता है?
अ. सिंगरौली ब. अमरकंटक
स. गुरहार पहाड़ द. मलाजखण्ड
उत्तर- ब. अमरकंटक

49. निम्न में से कौन सा पोर्टल 'बालश्रम निरोधक पोर्टल' श्रम मंत्रालय द्वारा संचालित है?
अ. शगुन पोर्टल
ब. बंधन तोड़ पोर्टल
स. पेंसिल पोर्टल
द. दीक्षा पोर्टल
उत्तर- स. पेंसिल पोर्टल

कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी साहित्य

1. रस कलश किसकी रचना है?
अ. श्रीधर पाठक
ब. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
स. गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'
द. मैथली शरण गुप्त
उत्तर- ब, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

2. द्विवेदी युग का नामकरण किसके नाम पर हुआ है?
अ. शांतिप्रिय द्विवेदी
ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी
स. राम अवध द्विवेदी
द. महावीर प्रसाद द्विवेदी
उत्तर- द. महावीर प्रसाद द्विवेदी

3. गोदान किसकी कृति है?
अ. फणीश्वर नाथ रेणु
ब. मुन्शी प्रेमचन्द
स. जय शंकर प्रसाद
द. रामधारी सिंह दिनकर
उत्तर- ब. मुन्शी प्रेमचन्द

4. 'कुकुरमुत्ता' कविता किस कवि ने लिखी है?
अ. सुमित्रानंदन पंत
ब. रामनरेश त्रिपाठी
स. सूर्य कांत त्रिपाठी 'निराला'
द. माखनलाल चतुर्वेदी
उत्तर- स. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

5. इनमें से कौन मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकार हैं?
अ. जैनेन्द्र
ब. वृन्दावन लाल वर्मा
स. फणीश्वरनाथ रेणु
द. जयशंकर प्रसाद
उत्तर- अ. जैनेन्द्र

6. निम्नलिखित में से कौन सा खण्ड काव्य रामनरेश त्रिपाठी का नहीं है?
अ. मिलन
ब. पथिक
स. नहुष
द. स्वप्न
उत्तर- स. नहुष

7. 'अरे यायावर रहेगा याद' किसके द्वारा रचित यात्रा वृत्त हैं?
अ. राम वृक्ष बेनीपुरी
ब. अज्ञेय
स. राहुल साकृत्यायन
द. यशपाल
उत्तर- ब. अज्ञेय

8. पंच परमेश्वर (कहानी) के लेखक हैं?
अ. रामधारी सिंह दिनकर
ब. प्रेमचन्द
स. मैथलीशरण गुप्त
द. निराला
उत्तर- ब. प्रेमचन्द

9. 'कलम का सिपाही' क्या है?
अ. आत्मकथा ब. रेखाचित्र
स. संस्मरण द. जीवनी
उत्तर- द. जीवनी

10. 'काशी में हम प्रगट भए रामानंद चेताये' किसकी पंक्ति है?
अ. कबीरदास
ब. तुलसीदास
स. सूरदास
द. रैदास
उत्तर- अ. कबीरदास

11. 'अनुमति वाद' के प्रतिष्ठाता कौन है?
अ. भरतमुनि
ब. आनन्दवर्धन
स. शंकुक
द. अभिनव गुप्त
उत्तर- स. शंकुक

12. मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत' है?
अ. पुराण काव्य
ब. धर्म काव्य
स. रूपक काव्य
द. चम्पू काव्य
उत्तर- स. रूपक काव्य

13. 'अमिय हलाहल मद भरे श्वेत श्याम रतनार' प्रस्तुत पंक्तियां किस कवि की हैं?
अ. बिहारी
ब. रसलीन
स. केशवदास
द. घनानंद
उत्तर- ब. रसलीन

14. 'हिन्दी साहित्य का अतीत' के लेखक हैं?
अ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
ब. विश्वनाथ त्रिपाठी
स. श्यामसुन्दर दास
द. गणपति चन्द गुप्त
उत्तर- अ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

15. 'ललित ललाम' किसका ग्रंथ है?
अ. जसवंत सिंह ब. भूषण
स. पद्माकर द. मतिराम
उत्तर- द. मतिराम

16. वल्लभाचार्य किस सम्प्रदाय के जनक हैं?
अ. शुद्धा द्वैतवाद
ब. अद्वैतवाद
स. विशिष्ट द्वैतवाद
द. द्वैताद्वैतवाद
उत्तर- अ. शुद्धा द्वैतवाद

17. 'रास पंचाध्यायी' के रचयिता कवि कौन थे?
अ. परमानन्द दास
ब. हरीराम व्यास
स. नन्ददास
द. ध्रुवदास
उत्तर- स. नन्ददास

18. डॉ. धर्मवीर भारती किस साप्ताहिक के सम्पादक रहे हैं?
अ. साप्ताहिक हिन्दुस्तान
ब. वर्तमान साहित्य
स. नन्दन
द. धर्मयुग
उत्तर- द. धर्मयुग

19. इनमें से कौन की कृति मैथलीशरण गुप्त कृत नाट्य रचना है?
अ. तिलोत्मा ब. जयद्रथ वध
स. चित्राधार ब. द्वापर
उत्तर- अ. तिलोत्मा

20. इनमें से निराला ने किस पत्रिका का सम्पादन किया था?
अ. माधुरी ब. सुधा
स. चांद द. इन्द्र
उत्तर- ब. सुधा

21. 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं?
अ. डॉ. नागेन्द्र
ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी
स. राहुल सांकृत्यायन
द. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
उत्तर- ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी

22. 'कवि वचन सुधा' के सम्पादक का नाम बताइए?
अ. बालकृष्ण भट्ट
ब. देवकी नंदन खत्री
स. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
द. प्रेमचन्द
उत्तर- स. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

23. 'छायावाद' के प्रवर्तक कौन थे?
अ. सुमित्रा नन्दन पंत
ब. श्रीधर पाठक
स. मुकुटधर पाण्डेय
द. जयशंकर प्रसाद
उत्तर- द. जयशंकर प्रसाद

24. 'तोड़ती पत्थर' (कविता) के कवि हैं?
अ. सुभद्रा कुमारी चौहान
ब. महादेवी वर्मा
स. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
द. माखनलाल चतुर्वेदी
उत्तर- स. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

25. खड़ी बोली के सर्वप्रथम लोकप्रिय कवि कौन माने जाते हैं?
अ. रामधारी सिंह दिनकर
ब. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
स. मैथलीशरण गुप्त
द. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
उत्तर- द. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

26. 'महाभोज' रचना की प्रधान समस्या को उजागर करने वाले विकल्प को चुनिए?
अ. भ्रष्टाचार की समस्या
ब. नारी समस्या
स. राजनीतिक समस्या
द. मनोवैज्ञानिक समस्या
उत्तर- स. राजनीतिक समस्या

27. निम्नलिखित में से कौन सा प्रबंध काव्य है?
अ. रामचरित मानस
ब. आंसू
स. एक केठ विषपायी
द. बिहारी रत्नाकर
उत्तर- अ. रामचरितमानस

28. 'शिव शंभु के चिट्ठे' से संबंधित रचनाकार हैं?
अ. बाबू तोताराम
ब. केशवराम भट्ट
स. अम्बिकादत्त व्याम
द. बालमुकुंद गुप्त
उत्तर- द. बालमुकुंद गुप्त

29. इनमें से कौन भक्तिकाल का कवि नहीं है?
अ. नाभादास ब. रसखान
स. मंद दास द. अमीर खुसरो
उत्तर- द. अमीर खुसरो

30. 'आपका बंटी' रचना की प्रधान समस्या को उजागर करने वाले विकल्प को चुनिए?
अ. राजनीतिक समस्या
ब. मनोवैज्ञानिक समस्या
स. शिक्षा समस्या
द. तलाक से जुड़ी बाल समस्या
उत्तर- द. तलाक से जुड़ी बाल समस्या

31. 'कामायनी' किस प्रकार का ग्रंथ है?
अ. खण्डकाव्य ब. मुक्तक काव्य
स. महाकाव्य द. चम्पू काव्य
उत्तर- स. महाकाव्य

32. सर्कस (उपन्यास) के रचनाकार हैं?
अ. यशपाल
ब. मन्नू भंडारी
स. संजीव
द. अमृतलाल नागर
उत्तर- स. संजीव

33. आंचलिक रचनाएं किससे संबंधित होती हैं?
अ. देश विशेष से
ब. लोक विशेष से
स. क्षेत्र विशेष से
द. जाति विशेष से
उत्तर- स. क्षेत्र विशेष से

34. 'उसने कहा था' (कहानी) के मुख्य पात्र का नाम है?
अ. खालसा सिंह
ब. करतार सिंह
स. लहना सिंह
द. परमिंदर सिंह
उत्तर- स. लहना सिंह

35. 'शिवपाल गंज' किस उपन्यास से संबंधित है?
अ. मैला आंचल
ब. आधा गांव
स. राग दरबारी
द. विश्रामपुर का सन्त
उत्तर- स. राग दरबारी

36. 'साहित्य का इतिहास जनता की चिरवृत्ति का इतिहास है' यह कथन किसका है?
अ. डॉ. रामकुमार वर्मा
ब. हजारी प्रसाद द्विवेदी
स. गणपतिचन्द्र गुप्त
द. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
उत्तर- द. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

37. 'चरणदास चोर' किसकी नाट्य कृति है?
अ. मुद्राराक्षस ब. बलराज पंडित
स. हबीब तनवीर द. नाग बोडस
उत्तर- स. हबीब तनवीर

38. फणीश्वरनाथ रेणु कृत उपन्यास है?
अ. गबन
ब. गीतांजलि
स. मैला आंचल
द. कामायनी
उत्तर- स. मैला आंचल

39. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' को कैसा कवि माना जाता है?
अ. अवसरवादी
ब. क्रांतिकारी
स. पलायनवादी
द. भाग्यवादी
उत्तर- ब. क्रांतिकारी

40. निम्नलिखित में से कौन सा कहानी संग्रह फणीश्वरनाथ रेणु का नहीं है?
अ. आदिम रात्रि की महक
ब. अग्नि खोर
स. अच्छे आदमी
द. गरीबी हटाओ
उत्तर- द. गरीबी हटाओ

41. 'एक भारतीय आत्मा' किसे कहा जाता है?
अ. जयशंकर प्रसाद
ब. माखनलाल चतुर्वेदी
स. रामधारी सिंह दिनकर
द. सुमित्रा नंदन पंत
उत्तर- ब. माखनलाल चतुर्वेदी

42. 'गागर में सागर' भरने का कार्य किस कवि ने किया है?
अ. बिहारी ब. रसखान
स. घनानंद द. सूरदास
उत्तर- अ. बिहारी

43. 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?
अ. जयशंकर प्रसाद
ब. सुमित्रा नंदन पंत
स. महादेवी वर्मा
द. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
उत्तर- ब. सुमित्रा नंदन पंत

44. 'पुष्प की अभिलाषा' नामक कविता के रचयिता कौन हैं?
अ. मैथलीशरण गुप्त
ब. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
स. माखनलाल चतुर्वेदी
द. गोपाल शरण सिंह 'नेपाली'
उत्तर- स. माखनलाल चतुर्वेदी

45. 'शिखर से सागर तक' किस रचनाकार की जीवनी है?
अ. निराला
ब. मुक्तिबोध
स. अज्ञेय
द. धर्मवीर भारती
उत्तर- स. अज्ञेय

46. 'सतपुड़ा के जंगल' नामक काव्यकृति के रचयिता कौन हैं?
अ. भवानी प्रसाद मिश्र
ब. शमशेर बहादुर सिंह
स. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
द. रांगेय राघव
उत्तर- अ. भवानी प्रसाद मिश्र

47. अज्ञेय जी के अनुसार 'तार सप्तक' का क्या अर्थ है?
अ. सात कवियों का संकलन
ब. एक ही प्रकार की भाव चेतना के तार में पिरोए गए सात कवियों की रचनाओं का संग्रह
स. सात तारों का समूह
द. सात विचार धाराओं का समूह
उत्तर- ब. एक ही प्रकार की भाव चेतना के तार में पिरोए गए सात कवियों की रचनाओं का संग्रह

48. 'नूतन ब्रह्मचारी' उपन्यास किसने लिखा है?
अ. बालकृष्ण भट्ट
ब. चतुर सेन शास्त्री
स. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
द. लाला श्री निवास दास
उत्तर- अ. बालकृष्ण भट्ट

49. 'वह नर नहीं नर पशु निरा है, और मृतक समान है' यह पंक्ति किस कवि की है?
अ. मैथलीशरण गुप्त
ब. रामनरेश त्रिपाठी
स. गया प्रसाद सनेही
द. रायदेवी प्रसाद पूर्ण
उत्तर- अ. मैथलीशरण गुप्त

50. बिहारी लाल किस राजा के दरबारी कवि थे?
अ. महाराणा प्रताप
ब. शिवाजी
स. जय सिंह
द. तेजसिंह
उत्तर- स. जय सिंह

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

SHRI VAISHNAV COLLEGE OF TEACHERS TRAINING
(Recognized by NCTE & Affiliated to DAVV, Indore)
REQUIRED
- **B.Ed./D.El.Ed (Faculty) Professor/Assistant Professor/Lecturer**
- **Lab Assistant/ Technical Assistant-**

One Post
(Qualification according to NCTE/UGC Norms.)

Qualifying candidates may apply in the prescribed format available at the college campus. Attach your resume. Passport size Photograph and send it to the Principal within 15 days from the date of this advertisement.

Campus :
Scheme No. 71 Gumasta Nagar, Indore - 452009 (M.P.)
Email: svcttindore@gmail.com
Contact: 0731-2387360, 97709 07720

R-48804/2023

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Anita has.....pet dog of foreign breed.
a) a b) an
c) the d) no article

2. Man is.....social animal.
a) a b) an
c) the d) no article

3. I saw.....accident of a truck on the highway.
a) a b) an
c) the d) no article

4. She needs.....kilogram sugar.
a) a b) an
c) the d) no article

5. This is.....beautiful painting.
a) a b) an
c) the d)no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. The front cover.....this book is white.
a) on b) in
c) by d) of

7. Reema searched her house.....the lost book.
a) in b) of
c) into d) for

8. Take your sister..... you to the school.
a) to b) with
c) within d) by

9. It is always hot..... May-June in Chandrapur.
a) of b) in
c) with d) into

10. She must apologize..... her wrong doings.
a) in b) with
c) for d) from

11. We can meet ..... the cafe.
a) from b) into
c) at d) on

12. The police held an inquiry ..... the murder case of business tycoon.
a) by b) into
c) of d) on

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. Ramesh ..... two projects on 'Social Issues' this year.
a) had been submitted
b) had submitted
c) has submitted
d) submitted

14. I ..... onions at kitchen when he reached home yesterday.
a) was chopping
b) had chopped
c) chopped
d) am chopping

15. She.....the final examination next week.
a) was take b) will take
c) take d) has taken

16. Do they ..... Tamil?
a) have understood
b) understanding
c) understand
d) understood

17. Seema.....this novel for three days.
a) Has read
b) has been reading
c) had been reading
d) is reading

18. I.....my wallet in the college the other day.
a) had lost
b) lost
c) had been lost
d) have lost

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. Release the film.
a) You must release the film.
b) You should release the film.
c) Let the film be released.
d) You are requested to release the film.

20. Australia defeats England in Ashes Test Match.
a) England was defeated in Ashes Test Match by Australia.
b) England has been defeated in Ashes Test Match by Australia.
c) Australia is defeated in Ashes Test Match by England.
d) England is defeated by Australia in Ashes Test Match.

21. The labourers are painting the building wall.
a) The building wall is painted by the labourers.
b) The building wall was painted by the labourers.
c) The building wall is being painted by the labourers.
d) The building wall is painting by the labourers.

22. Mr. Ranjan has submitted the loan file.
a) The loan file was submitted by Mr. Rajan.
b) The loan file has been submitted by Mr. Ranjan.
c) The loan file had been submitted by Mr. Rajan.
d) The loan file was being submitted by Mr. Rajan.

23. You are requested to submit the Bonafide certificate.
a) I request you to submit Bonafide certificate.
b) Submit the Bonafide certificate, please.
c) You submit the Bonafide certificate.
d) Submit the Bonafide certificate.

24. He told us to buzz off.
a) We were being told to buzz of by him.
b) We are told by him to buzz of.
c) We were told to buzz of by him.
d) He was told to buzz of by us.

25. Every difficult problem was solved by the principal.
a) The principal solves every difficult problem.
b) The principal had solved every difficult problem.
c) The principal was solving every difficult problem.
d) The principal solved every difficult problem.

Idioms and phrases. (Question No. 26 to 30)

26. Hit the nail on the head.
a) Difficult to describe something.
b) Do injuries to someone badly.
c) Describe something accurately or correctly identify.
d) Put the nail in wall to hang something.

27. Barking up the wrong tree.
a) Follow the right path in life.
b) Habit of barking of a dog.
c) Pursuing a wrong course of action.
d) A dog barks on stranger.

28. Miss the boat.
a) Catch the opportunity.
b) Avail the opportunity.
c) To miss an opportunity.
d) To be on the shore.

29. On cloud nine.
a) Being very unpleasant.
b) Build castle in the air.
c) Being very happy.
d) Mixed feeling of being sad and happy.

30. Go the extra mile.
a) Make no efforts.
b) Go on a long journey.
c) Reach to the destination.
d) To make an extra effort.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Dread
a) Burden
b) Anxiety
c) Anticipate
d) Alarm

32. Repel
a) Deter b) Captivate
c) Resist d) Qualm

33. Demolish
a) Raze b) Knock down
c) Destroy d) Construct

34. Benevolent
a) Kind b) Cruel
c) Benign d) Caring

35. Separate
a) Part
b) Split
c) Divide
d) Combine

Synonym (Question No. 36 to 40)

36. Convince
a) Dissuade
b) Deter
c) Discourage
d) Persuade

37. Resist
a) Acknowledge
b) Oppose
c) Accept
d) Extol

38. Captivate
a) Freedom
b) Pamper
c) Fascinate
d) Detract

39. Devour
a) Vomit b) Heave
c) Consume d) Concord

40. Ascend
a) Descend
b) Tumble down
c) Go down
d) Climb

One word substitution (Question No 41 to 45)

41. A fear of the dark.
a) Notorious
b) Nyctophobia
c) Virago
d) Dipsomania

42. One who walks on foot.
a) Embargo
b) Pedestrian
c) Footpath
d) Pavement

43. One who is fond of collecting stamps.
a) Florist b) Sycophant
c) Collector d) Philatelist

44. Compulsion to tell lies.
a) Nightomania
b) Megalomania
c) Pyromania
d) Mythomania

45. Government by a few powerful people.
a) Diarchy b) Theocracy
c) Oligarchy d) Plutocracy

In each of the following questions, find out the correctly spelt word (Questions 46 to 48)

46. a) Prospectus
b) Praspectus
c) Prauspectes
d) Prospectes

47. a) Charector
b) Charactor
c) Charocter
d) Character

48. a) Asthema
b) Asthma
c) Asthama
d) Asathama

ANSWERS

1. a	2. a	3. b	4. a
5. a	6. d	7. d	8. b
9. b	10. c	11. c	12. b
13. c	14. a	15. b	16. c
17. b	18. b	19. c	20. d
21. c	22. b	23. b	24. c
25. d	26. c	27. c	28. c
29. c	30. d	31. c	32. b
33. d	34. b	35. d	36. d
37. b	38. c	39. c	40. d
41. b	42. b	43. d	44. d
45. c	46. a	47. d	48. b

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Associate Professor of English, Sardar Patel Mahavidyalaya Chandrapur)

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर
(इण्डो-जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

291-बी, 302-ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)-452015
ई-मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731-4210700, 4210709, 4210743

एससी एसटी के अभ्यिार्थयों के लिए ट्यूशन फीस निःशुल्क

एससी एसटी के अभ्यिार्थयों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

प्रवेश सूचना-2023-24

ए.आई.सी.टी.ई. / एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा / आई.टी.आई पाठ्यक्रम

इंजीनियरिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कोर्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है।

क्र.	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	न्यूनतम पात्रता	कोर्स की मान्यता	
1	एडवास डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मेकिंग (ADTDM)	4 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 19 वर्ष	AICTE	समूह 'A' के लिए स्केन करें
2	डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स (DIM)	3 साल			
3	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS)	3 साल			
4	डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc)	3 साल	10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष		
5	सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिष्ट ट्रेड	2 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष	NCVT (ITI)	समूह 'B' के लिए स्केन करें
6	सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड	2 साल			
7	सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड	1 साल			

- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए आवेदन फॉर्म कॉलेज में आकर या क्यू आर कोड स्केन करके जमा कर सकेंगे।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल काउंसिलिंग आधार पर 12/07/2023 से शुरु हो चुके हैं।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सेस में प्रवेश के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
- प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है।

deepak

सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 तक

291/बी-302/ए, सेक्टर-ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर- 452015

7415816011 अथवा 9977703559 पर Whatsapp द्वारा भी जानकारी प्राप्त कर सकते है

R-48805/2023

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा - 2020 में प्रथम रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार से साक्षात्कार

संपूर्ण ध्यान कर्म पर दें - अजय गुप्ता

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा में प्रथम रैंक हासिल करने वाले अजय गुप्ता से साक्षात्कार। अजय गुप्ता ने 'रोज़गार और निर्माण' के लिए अपना कीमती समय निकालते हुए कुछ सवालों के जवाब दिए हैं। प्रस्तुत हैं उनके साक्षात्कार के प्रमुख अंश .....

- **आपने परीक्षा में कौन से विषय लिये?**
  - मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की इस परीक्षा में चार सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र, पांचवां प्रश्न पत्र - सामान्य हिन्दी एवं छठवां प्रश्न पत्र निबंध लेखन (लेटर राइटिंग) का होता है। राज्य सेवा परीक्षा में विषय चयन नहीं है। सामान्य अध्ययन के चार पेपर हैं, एक पेपर 'निबंध' एवं हिन्दी विषय का होता है। इसलिए विषय के चयन की आवश्यकता नहीं है।
- **इन विषयों की पढ़ाई के लिए कौन सी किताबें पढ़ीं। किताब का नाम और लेखक का नाम बतायें?**
  - मैंने सभी विषयों की सामान्य किताबें जैसे- Polity के लिए लक्ष्मीकांत, इतिहास के लिए MC Graw Hill की किताबें, अर्थशास्त्र के लिए रमेश सिंह की किताबें, साथ ही Science tech. के लिए विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन किया।
- **परीक्षा की तैयारी के लिये आपके स्टडी मटेरियल कौन से थे, यह आपने कहां से जुटाये?**
  - मैंने उपरोक्त किताबों से नोट्स बनाकर पढ़ाई की, साथ ही उन्हें करेंट अफेयर्स से अपडेट करके मैंने पढ़ाई की। यदि किसी हिन्दी किताब का मटेरियल मुझे अच्छा लगता था तो उसे भी मैं ट्रांसलेट करके अपने नोट्स में जोड़ लेता था।
- **इस परीक्षा के लिए आपको मोटीवेशन कहां से मिला, परीक्षा की तैयारी के लिए आपको सहयोग कहां से मिला?**
  - कॉलेज की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद मुझ में सिविल सेवा का रुझान आया। मुझ में मेरे प्रिय मित्र का IAS में सिलेक्शन होने से मैं काफी प्रभावित था। मैंने पहले सभी विषयों की स्टैंडर्ड किताबों का अध्ययन किया फिर अपने दोस्तों के साथ मिलकर डिस्कशन के माध्यम से अपनी तैयारी की। किसी भी कोचिंग में मैंने पढ़ाई नहीं की।
- **परीक्षा की तैयारी कैसे की?**
  - मैं सहपाठियों से डिस्कस कर परीक्षा की तैयारी करता रहा। मैंने अपने सिलेक्टेड दोस्तों को अपने लिखे हुए प्रश्न-उत्तर चैक कराए व मैंने इंटरव्यू की तैयारी के लिए कई जगह मॉक इंटरव्यू देकर अपनी तैयारी की।
- **रणनीति के तहत प्रत्येक दिन पढ़ाई के लिए कैसे समय तय करते थे?**
  - मैं दिन भर के लिए अपनी डायरी में चार्ट बनाता था और दिन भर उसे फालो करने की कोशिश करता था। यदि कुछ छूट जाता था तो कोशिश करता था कि अगले दिन ऐसा न हो एवं रविवार का दिन रिवीजन के लिए रिजर्व रखता था, जो सप्ताह में कार्य रह गया उसे पूरा करने के लिए। परीक्षा की रणनीति में उसके पैटर्न को समझना, पुराने प्रश्नों का आकलन करना, उसे टॉपिक के अनुसार अध्ययन करना, सर्वाधिक महत्वपूर्ण Topic को सबसे पहले करना और निरंतर उत्तर लेखन को प्राथमिकता दी।
- **परीक्षा में लिए गए विषयों में से प्रत्येक विषय को कितना समय देते थे?**
  - परीक्षा में सामान्य अध्ययन के चार पेपर होते हैं तो जो विषय मुझे कठिन लगते थे उन्हें पहले समाप्त कर उनके नोट्स तैयार करने को प्राथमिकता दी।
- **किन विषयों को सबसे ज्यादा समय दिया?**
  - मैं निरंतर प्रत्येक दिन जो भी याद करता था। उसे रात में एक घंटे रिवीजन के लिए देता था साथ ही उन विषयों को याद रखने के लिए उनके नोट्स बना लेता था। उन्हें समय-समय पर रिवाइज करता था।
- **कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई?**
  - निरंतर रिवीजन के माध्यम से और नोट्स बनाकर साथ ही अभ्यास के दौरान लिख-लिखकर मैंने जानकारियों को याद किया।
- **परीक्षा देते समय टाइम मैनेजमेंट कैसे किया?**
  - टाइम मैनेजमेंट के लिए स्वयं का टाइम टेबल बनाया, उसको फॉलो किया साथ ही प्रत्येक दिन के टारगेट को पूरा करने की कोशिश की और व्यर्थ समय को कम करने की कोशिश की। परीक्षा के पूर्व Mock टेस्ट दिए।
- **आपसे जो सवाल पूछे गए। आपने उनके उत्तर कैसे दिये?**
  - वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को टू-द-पॉइंट लिखना और विवरणात्मक में इंट्रोडक्शन प्रश्न का महत्वपूर्ण तथ्य एवं अंत में सारगर्भित कंडीशन जिसमें आगे की सॉल्यूशन को हल करने की कोशिश की।
- **इन्टरव्यू की तैयारी कैसे की, इसके लिए क्या योजना बनाई विस्तार से बतायें?**
  - इन्टरव्यू के लिए स्वयं के व्यक्तिगत विवरण पर पूरा फोकस किया। सहज-सरल भाषा की प्रैक्टिस की, अपने कार्यक्षेत्र को नोट्स के माध्यम से तैयार किया। तैयारी को कई भागों में बांटा जैसे स्कूल और कॉलेज तथा करेंट अफेयर्स को व्यवस्थित ढंग से तैयार किया। अंत में अधिक से अधिक मॉक इंटरव्यू देने और उनकी गलतियों को सुधारने का प्रयत्न किया।
- **नोट्स बनाने की क्या स्किल थी, नोट्स कैसे बनाए?**
  - नोट्स टू-द-पॉइंट तथा फ्लो चार्ट, टैग लाइन शॉर्ट और सिम्पल रखने की कोशिश की। डायग्राम एवं पाई चार्ट का उपयोग किया साथ ही Current से अपडेट करने की कोशिश की।
- **अगर वर्तमान पद पर चयनित होने से पहले कोई और नौकरी कर रहे थे, तो वह नौकरी छोड़कर वर्तमान पद पर क्यों आये?**
  - मैं पहले उप पुलिस अधीक्षक के रूप में मध्यप्रदेश शासन में सेवायें दे रहा था। राज्य सेवा का सर्वोच्च पद होने से DC (डिप्टी कलेक्टर) का पद प्राप्त करना मेरे सपने में था, जिसे मुझे पूरा करना था और व्यापक कार्यक्षेत्र में मुझे अपना अनुभव और स्किल का बेहतर उपयोग करना था।
- **क्या आप ''रोज़गार और निर्माण'' पढ़ते हैं इनमें से आपको कौन से कॉलम पसंद हैं?**
  - मुझे रोज़गार और निर्माण का वस्तुनिष्ठ प्रश्न संग्रह चर्चा में, सामयिकी एवं विषय विशेष से संबंधित जानकारी संग्रह काफी पसंद है। यह करेंट अफेयर्स का एक सारगर्भित पेपर है।
- **जिस पद के लिए आपका चयन हुआ है उस पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके क्या विचार हैं। इस पद को लेकर आपका क्या दृष्टिकोण है?**
  - मेरा चयन डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रथम रैंक के साथ हुआ है, निश्चित तौर पर इस पद की वृहद जिम्मेदारियां हैं। अपनी पूर्ण क्षमता, अनुभव एवं Skills के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग निःशक्तजन एवं महिला से संबंधित सभी विभागों के लिए नवाचार एवं प्रशासन की योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। मेरा दृष्टिकोण Public Oriented Administration की तरह रहेगा।
- **''रोज़गार और निर्माण'' के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?**
  - सभी विद्यार्थियों एवं पाठकों को मेरा संदेश है कि निरंतर परिश्रम करते रहिए एक दिन आप निश्चित ही सफल होंगे। पूर्ण समर्पण एवं लगन से तैयारी करें। संपूर्ण ध्यान कर्म पर दें एक दिन फल अवश्य मिलेगा।

मेरा यही कहना है कि :-

कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं होते।
एक पत्थर तबियत से उछाल कर देखो यारो।।

साक्षात्कारकर्ता - रत्नदीप बांगरे

साक्षात्कार में क्या-क्या सवाल पूछे गये आपने उनके क्या उत्तर दिये?

साक्षात्कार के दौरान मुझसे पूछे गए कुछ प्रश्न ऐसे थे:-

- डिप्टी कलेक्टर क्यों बनना चाहते हैं।
- करेन्ट अफेयर्स से संबंधित प्रश्न, प्रवासी भारतीय दिवस की थीम, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट।
- असली और नकली शराब कैसे पहचानोगे।
- IT का प्रशासन में कैसे प्रयोग होता है।
- पुलिस में IT का कैसे उपयोग होता है।

बेटे-बेटी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए दी जाएंगी सुविधाएं

सीहोर, बेटा-बेटियों के जीवन में हमेशा खुशियां और चेहरे पर मुस्कान रहे। क्षेत्र के बेटा-बेटी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाकर खेलें, इसके लिए मैं हर सुविधा दूंगा। पूरा माइक्रो प्लान तैयार किया जाएगा, जिससे हर विधा में हमारे क्षेत्र के बच्चे हर खेल में आगे बढ़ें। खेल ही जीवन का अभिन्न अंग है। मैं अपने बेटे-बेटियों के सपनों को पूरा करूंगा। खूब पढ़ो, आगे बढ़ो, मामा आपके साथ हैं। बेटा-बेटियों के लिए तीन चीजें आवश्यक हैं खेल, शिक्षा और रोजगार। युवाओं के आनंद और प्रसन्नता के लिए खेल जरूरी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के भैरुंदा में प्रेम सुंदर स्मृति कबड्डी टूर्नामेंट-2023 के समापन पर खिलाड़ियों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने सपरियार कबड्डी टूर्नामेंट का आनंद लिया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। कबड्डी महाकुंभ में विधानसभा क्षेत्र की 226 टीमों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम, द्वितीय पुरस्कार के अलावा सभी प्रतिभागी टीमों को पहले दिये जाने वाले 5 हजार रुपये के पुरस्कार को बढ़ाकर अब 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के साथ-साथ बेहतर शिक्षा भी जरूरी है। इसलिए सीएम राइस स्कूल खोले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 12वीं में 70 प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहनस्वरूप 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। जिन बच्चों ने हायर सेकेंडरी परीक्षा में अपने-अपने स्कूलों में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए हैं, उन्हें स्कूटी दी जाएगी। पढ़ाई के लिए अपने गांव से दूसरे गांव जाने वाले पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण कर छठवीं के विद्यार्थियों एवं आठवीं पास कर 9वीं में आए विद्यार्थियों के खाते में 4500 रुपये की राशि डाली जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि मेडिकल तथा इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दिलायी जाएगी। साथ ही बेटा-बेटियों को उच्च शिक्षा में कोई समस्या नहीं आए, इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा उच्च शिक्षण संस्थाओं में एडमिशन होने पर पूरी फीस भरी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के लिए एक लाख से ज्यादा सरकारी भर्तियां 15 अगस्त तक पूरी हो जाएंगी। इसके बाद 50 हजार भर्तियां फिर से निकाली जाएंगी। बेटा-बेटी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तरीके से तैयारी कर सकें, इसके लिए मामा कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित की जा रही हैं।

दिव्यांग और निराश्रित कामकाजी बहनों ने पायी स्कूटी

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में 23 दिव्यांग बहनों और 2 निराश्रित महिलाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी। ये दिव्यांग और निराश्रित कामकाजी बहनें अपनी गाढ़ी कमाई का आधा हिस्सा परिवहन में खर्च कर रही थीं।

मुख्यमंत्री द्वारा दी गई चाबी सिर्फ स्कूटी की नहीं, बल्कि बहनों की सफलता, सम्मान की चाबी है। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी. के प्रयासों से इंडियन रेडक्रॉस इंदौर के सहयोग से 25 जरूरतमंद दिव्यांग एवं निराश्रित कामकाजी बहनों और महिलाओं को स्कूटी प्रदान की गई है। इन जरूरतमंद महिलाओं ने जन-सुनवाई के दौरान आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किए थे।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में सिरपुर निवासी फिरदौस बी को स्कूटी की चाबी सौंपी। फिरदौस अपने एक पैर से कमजोर हैं और कमजोरी के बाद भी पॉलीथिन सिलाई के काम में जुटी हैं। इस काम से वे हर माह 7 से 8 हजार रुपये की कमाई कर लेती हैं। सिलाई के लिए वो हर तीसरे दिन बम्बई बाजार से सामग्री खरीदने पहुंचती हैं। साथ ही रोज अपने बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने का काम करती हैं। उन्हें 15 से 20 रुपये सिटी बस के सफर में देना पड़ते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई स्कूटी से उन्हें और उनके परिवार को सुविधा होगी।

मालवीया नगर इंदौर निवासी अर्चना सोलंकी कोरोना काल में पति संजय सोलंकी की मृत्यु के बाद टिफिन सेंटर चलाकर दो बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। स्कूटी मिलने से अब उन्हें सामग्री लाने में आसानी होगी। राजेन्द्र नगर की शीला वर्मा महू नाके की मेडिकल शॉप पर कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम कर रही हैं। अब उन्हें सिटी बस के सफर से मुक्ति मिलेगी और समय से काम पर पहुंच सकेंगी। मूसाखेड़ी की मुस्कान वर्मा 15 वर्ष पहले एक दुर्घटना में पति की मृत्यु के बाद घर-घर खाना बनाकर परिवार चला रही हैं।

यूकी भांबरी ने जीता एटीपी युगल खिताब

नई दिल्ली, भारत के युवा टेनिस खिलाड़ी यूकी भांबरी ने मार्लोका ओपन में पुरुष युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के युगल वर्ग के फाइनल में यूकी भांबरी और दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस की जोड़ी ने रॉबिन हासे और फिलिप ओस्वाल्ड की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

अफगानिस्तान ने वन-डे सीरीज 2-1 से जीती

चटगांव, बांग्लादेश दौरे पर अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को उसी के घर में वन-डे सीरीज में 2-1 से पटखनी दी है। अफगानिस्तान ने सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 17 रन और दूसरे मैच में 142 रन से हराया। हालांकि सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से मात दी। मैच में अफगानिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 126 रन पर ऑल आउट हो गई। बांग्लादेश ने 127 रनों ने आसान लक्ष्य को 24 ओवरों के अंदर 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

लक्ष्य सेन ने जीता कनाडा ओपन

केलगेरी, भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में लक्ष्य ने चीन के अनुभवी खिलाड़ी और ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता ली शी फेंग को लगातार गेमों में 21-18, 22-20 से हराया।

लक्ष्य सेन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के केंटो निशिमोटो को हराकर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। फाइनल में दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।

मैच के पहले गेम में लक्ष्य ने अपना दबदबा बनाते हुए शी फेंग के खिलाफ बढ़त बनाई। लक्ष्य ने यह गेम 21-18 के अंतराल से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में शी फेंग ने लक्ष्य को कड़ी टक्कर दी। दोनों खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन जीत लक्ष्य को मिली।

खिताब जीतने के बाद लक्ष्य ने इसे यादगार जीत बताते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों में चोट के कारण मैदान से बाहर रहने के बाद वापसी करना सुखद रहा। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अच्छे टूर्नामेंटों में से एक है और इस तरह से फाइनल जीतकर वापसी करना बेहद रोमांचक पल है। इस जीत से मुझे ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।

कनाडा ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जापान की शटलर अकाने यामागुची ने जीता। यामागुची ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में थाइलैंड की दिग्गज खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन को कड़े मुकाबले में 21-19, 21-16 से हराया। ये यामागुची के कैरियर का 15वां बीडब्ल्यूएफ खिताब है। यामागुची इस वर्ष चार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट जीत चुकी हैं। कनाडा ओपन के महिला एकल वर्ग में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भी हिस्सा लिया, लेकिन वे सेमीफाइनल में अकाने यामागुची से हारकर बाहर हो गई।

- लक्ष्य सेन ने इस वर्ष अपना पहला खिताब जीता है।
- वर्ष 2022 में लक्ष्य ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और इंडिया ओपन टूर्नामेंट जीता था।
- लक्ष्य वर्ष 2021 में विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।
- इस जीत के साथ लक्ष्य सेन बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर आ गए हैं।

आईसीसी वन-डे विश्वकप

श्रीलंका और नीदरलैंड्स ने किया क्वालिफाई

हरारे, श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने इस वर्ष भारत में खेले जाने वाले आईसीसी वन-डे विश्वकप में जगह बना ली है। श्रीलंका के अलावा नीदरलैंड्स भी विश्वकप का टिकट हासिल करने में सफल रहा है। वन-डे विश्वकप में कुल 10 टीमें खेलेंगी। इनमें से आईसीसी रैंकिंग के आधार पर 8 टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं, वहीं 2 टीमें (श्रीलंका और नीदरलैंड्स) आईसीसी विश्वकप क्वालिफायर के जरिए तय हुई हैं। आईसीसी विश्वकप क्वालिफायर के फानइल में श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 128 रनों से हराकर क्वालिफायर टूर्नामेंट जीता। मैच में नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निशांका और सदीरा समरविक्रमा टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाए, लेकिन इनके बाद कुशल मेंडिस (43), सहन अर्चिगे (57) और चरिथ असलंका (36) ने शानदार बल्लेबाजी कर श्रीलंकाई पारी को संभाला। श्रीलंकाई टीम 47.5 ओवरों में 233 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम को सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह और मैक्स ओडाउड ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े, लेकिन इनके आउट होने के बाद नीदरलैंड्स की पारी बिखर गई। नीदरलैंड्स की पारी 105 रन पर सिमट गई।

एशियन गेम्स के लिए मध्यप्रदेश अकादमी के 25 खिलाड़ी चयनित

भोपाल, आगामी 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक चीन में 19वीं एशियन गेम्स-2022 की शुरुआत होगी। इन एशियन खेलों में एक बार पुन: मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अपनी पूरी तैयारी के साथ परचम लहराने के लिए तैयार हैं। एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के लगभग 23 खिलाड़ियों ने अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के शुभम केवट, विश्वजीत सिंह कुशवाह, शिखा चौहान, आहना यादव केनो स्लालम में भारतीय टीम के लिए चयनित हुए हैं। नेहा ठाकुर, शीतल वर्मा, हर्षिता तोमर - सेलिंग, अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, नितिन वर्मा, शिवानी वर्मा, कावेरी, ओ. बिनीता देवी - क्वाकिंग-केनोइंग में एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोहंग में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की कु. रुक्मणी दांगी और अकादमी की पूर्व खिलाड़ी अंशिका भारती का चयन किया गया है। वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की ही पैरा केनो के खिलाड़ी प्राची यादव और मनीष कौरव भारतीय क्याकिंग केनोइंग टीम का हिस्सा होंगे।

मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के स्टार घुड़सवार राजू सिंह एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी के शंकर पाण्डे फेंसिंग के ई.पी. एकल और टीम इवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे रायफल शूटिंग में और अकादमी की ही मनीषा कीर शॉटगन ट्रैप इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही कु. प्रीति रजक, जो अकादमी की पूर्व खिलाड़ी रही हैं, शॉटगन के ट्रैप इवेंट में भारतीय टीम में शामिल होंगी।

मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की एसोसिएट मेंबर रही दीक्षा 1500 मीटर में तथा सपना बर्मन हेप्टलॉन इवेंट में 19वें एशियन गेम्स में भारतीय एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम घोषित

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय ट्वेंटी-20 टीम की घोषणा की है। ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या को 15 सदस्यीय भारतीय ट्वेंटी-20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, वहीं स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उपकप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टीम का चयन अगले वर्ष आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप को ध्यान में रखकर किया है। चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की जगह युवा खिलाड़ियों को तरजीह दी है।

ट्वेंटी-20 सीरीज 3 से 13 अगस्त तक खेली जायेगी। सीरीज का पहला मैच 3 अगस्त, दूसरा मैच 6 अगस्त, तीसरा मैच 8 अगस्त, चौथा मैच 12 अगस्त और पांचवां मैच 13 अगस्त को खेला जाएगा।

भारतीय टीम में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा को भारतीय टीम में पहली बार जगह मिली है।

भारतीय ट्वेंटी-20 टीम - हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, ईशान किशन, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, उमरान मलिक, आवेश खान और मुकेश कुमार।

अंडर-21 तीरंदाजी में प्रियांश बने विश्व चैम्पियन

लिमेरिक, भारत के युवा तीरंदाज प्रियांश ने आयरलैंड में आयोजित अंडर-21 विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियशिप में स्वर्ण पदक जीता है। चैम्पियनशिप में प्रियांश ने अंडर-21 व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में स्लोवेनिया के अलजाज ब्रेंक को 147-141 से हराकर विश्व चैम्पियन का खिताब हासिल किया।

इस स्पर्धा का कांस्य पदक डेनमार्क के मथायस फुलर्टन ने जीता। इस चैम्पियनशिप में प्रियांश ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता है। इस स्पर्धा में प्रियांश और अवनीत कौर की जोड़ी ने खिताब जीता। इसके अलावा इस चैम्पियनशिप में भारत की महिला तीरंदाज अदिति स्वामी ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तथा पार्थ सालुंखे ने रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत ने इस चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।

अजीत अगरकर बने

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के पूर्व क्रिकेटर अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। अगरकर चयन समिति में चेतन शर्मा की जगह लेंगे। चेतन शर्मा ने एक विवादित स्टिंग ऑपरेशन सामने आने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही चयन समिति में मुख्य चयनकर्ता का पद खाली था, हालांकि शिव सुंदर दास को अंतरिम चयनकर्ता नियुक्त किया गया था।

बीसीसीआई ने मुख्य चयनकर्ता पद के लिए 22 जून को विज्ञापन जारी किया था। इसके बाद अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नाइक और जतिन परांजपे की क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने मुख्य चयनकर्ता पद के लिए अजीत अगरकर के नाम की सिफारिश की, जिस पर बीसीसीआई ने मुहर लगा दी है। अगरकर का कार्यकाल 5 जुलाई से शुरू हो गया है। अगरकर को कोचिंग का भी बड़ा अनुभव है। इसके अलावा अगरकर मुंबई क्रिकेट संघ के मुख्य चयनकर्ता भी रह चुके हैं।

अजीत अगरकर की गिनती भारत के बेहतरीन ऑलराउंडरों में होती है। अगरकर ने भारत के लिए 191 वन-डे मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 288 विकेट लेने के साथ ही 1269 रन भी बनाये हैं। अगरकर के नाम वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

अगरकर ने भारत के लिए 26 टेस्ट और 4 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। अगरकर ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच में एक शतक भी बनाया है। इसके अलावा अगरकर वर्ष 2007 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी रहे हैं।

- अगरकर भारत के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट खेल चुके हैं।
- आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच रह चुके हैं अगरकर।
- चयन समिति में अगरकर के अलावा सलिल अंकोला, श्रीधरन शरत, शिवसुंदर दास और सुब्रतो बनर्जी भी शामिल हैं।

इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराया

लीड्स, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही एशेज टेस्ट सीरीज रोमांचक हो गई है। पहले दो टेस्ट मैचों में हार का सामना करने वाली इंग्लिश टीम ने तीसरे मैच में शानदार पलटवार करते हुए 3 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की है। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 263 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 118 रन बनाये, इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 237 रन ही बना सकी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में 224 रन ही बना सकी और इंग्लैंड को 251 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में जबरदस्त प्रदर्शन किया और 3 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक ने 75 रनों की पारी खेली।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• चंद्रयान-3

मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। दोपहर 2

बजकर 35 मिनट पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से LVM3-M4 रॉकेट के जरिए चंद्रयान को स्पेस में भेजा गया है। 16 मिनट बाद रॉकेट ने इसे पृथ्वी के ऑर्बिट में भेज दिया।

इसरो चीफ एस सोमनाथ ने इस सफलापूर्वक लॉन्च के बाद कहा कि चंद्रयान 3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। करीब 40 दिन बाद लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे। मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि लूनर सरफेस कितनी सिस्मिक है एवं सॉइल और डस्ट की स्टडी की जाएगी।

गीता प्रेस का शताब्दी समारोह

नये भारत का निर्माण और विश्व कल्याण के विजन को साकार करेंगे - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में ऐतिहासिक गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन समारोह को संबोधित किया और चित्रमय शिव पुराण ग्रंथ का विमोचन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता प्रेस सिर्फ एक प्रिंटिंग प्रेस नहीं है, बल्कि एक जीवंत आस्था है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों लोगों के लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि गीता के साथ कृष्ण आते हैं, कृष्ण के साथ करुणा और कर्म होता है और ज्ञान के साथ-साथ वैज्ञानिक शोध की भावना भी बलवती होती है। प्रधानमंत्री ने गीता का उदाहरण देते हुए कहा, वासुदेव सर्वम् यानी वो सर्वस्व है, सब कुछ वासुदेव से ही है और सब कुछ वासुदेव में ही है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि 1923 में गीता प्रेस के रूप में जिस आध्यात्मिक प्रकाश का उदय हुआ था, वह आज पूरी मानवता का मार्गदर्शक बन गया है।

- **सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है।**
- **पिछले 100 वर्षों में गीता प्रेस ने करोड़ों पुस्तकें प्रकाशित की हैं जो लागत से कम कीमत पर बेची जाती हैं और घर-घर पहुंचाई जाती हैं।**
- **गीता प्रेस 15 विभिन्न भाषाओं में 1600 ग्रंथ प्रकाशित करती है और विभिन्न भाषाओं में भारत के मूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाती है।**

इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। गीता प्रेस से महात्मा गांधी के भावनात्मक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी जी, गीता प्रेस के बारे में कल्याण पत्रिका के माध्यम से लिखते थे। उन्होंने कहा कि वो महात्मा गांधी जी ही थे जिन्होंने यह सुझाव दिया था कि कल्याण पत्रिका में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए जाने चाहिए और इस सुझाव का अभी भी पालन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश ने गांधी शांति पुरस्कार प्रदान करके गीता प्रेस को अपना सम्मान दिया। यह पुरस्कार गीता प्रेस के योगदान और इसकी 100 साल पुरानी विरासत का सम्मान स्वरूप है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन 100 वर्षों में गीता प्रेस ने करोड़ों पुस्तकें प्रकाशित की हैं जो लागत से कम कीमत पर बेची जाती हैं और घर-घर पहुंचाई जाती हैं। उन्होंने गीता प्रेस की पुस्तकों द्वारा प्रदान किए गए ज्ञान के प्रवाह का उल्लेख किया और कहा कि इससे बड़ी संख्या में पाठकों को आध्यात्मिक और बौद्धिक संतुष्टि मिली तथा साथ ही साथ समाज के लिए समर्पित नागरिकों का निर्माण भी हुआ। प्रधानमंत्री ने उन विशिष्ट समर्पित व्यक्तियों को शुभकामनाएं दीं जो बिना किसी प्रचार के इस ज्ञान यज्ञ में निस्वार्थ रूप से योगदान और सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने सेठजी जयदयाल गोयन्दका और भाईजी श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार जैसी हस्तियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि गीता प्रेस जैसा संगठन न केवल धर्म और कर्म से जुड़ा है बल्कि इसका राष्ट्रीय चरित्र भी है। गीता प्रेस भारत को संगठित करती है, भारत की एकजुटता को सशक्त करती है। श्री मोदी ने देश भर में इसकी 20 शाखाओं के बारे में सूचित करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर गीता प्रेस के स्टॉल देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गीता प्रेस 15 विभिन्न भाषाओं में 1600 ग्रंथ प्रकाशित करती है और विभिन्न भाषाओं में भारत के मूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गीता प्रेस एक प्रकार से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस ने 1923 में अपनी स्थापना के साथ ही भारत में चेतना और चिंतन के प्रवाह को तीव्र कर दिया। उन्होंने कहा कि गीता सहित हमारे धर्मग्रंथ एक बार फिर घर-घर में गुंजायमान होने लगे और हमारा मन भारत के मानस में घुल-मिल गया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक परंपराएं और नई पीढ़ियां इन ग्रंथों से जुड़ने लगीं और हमारी पवित्र पुस्तकें आने वाली पीढ़ियों के लिए आधार बनने लगीं।

फ्रांस में 107 साल बाद

बैस्टिल डे परेड में पंजाब रेजीमेंट के सैनिकों ने किया मार्च

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस के दौरे पर रहे। इस बार वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो के आमंत्रण पर फ्रांस गए थे। यहां पर एलिसी पैलेस में आयोजित हुई बैस्टिल डे परेड में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस साल बैस्टिल डे परेड प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा की प्रतीक रही। 107 वर्षों में पहली बार, भारतीय सेना की पंजाब रेजीमेंट ने बैस्टिल डे परेड के दौरान पेरिस में फ्रांसीसी सैनिकों ने साथ मार्च किया। यह ऐतिहासिक मौका सैन्य इतिहास में भारतीय सैनिकों के द्वारा प्रदर्शित वीरता और बहादुरी को स्वीकार करने का एक पल रहा।

ज्ञात रहे कि फ्रांस में बैस्टिल दिवस को 'फेते नेशनले फ्रांसेइस या राष्ट्रीय दिवस के तौर पर भी जाना जाता है। 14 जुलाई सन् 1789 में हुई फ्रांसीसी क्रांति के दौरान इस दिन बैस्टिल के किले पर हमला हुआ था। इस दिन को उस हमले की याद के तौर पर मनाया जाता है। इस बार मिलिट्री परेड में तीनों भारतीय सेनाओं की 269 सैनिकों वाली टुकड़ी फ्रांस की सेनाओं के साथ मार्च करते हुए दिखाई दी। भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच प्रथम विश्व युद्ध से ही आपसी संपर्क जारी है।

रूस से युद्ध के बीच

नाटो में शामिल होने को तैयार यूक्रेन

लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि कीव भी आधिकारिक रूप से संगठन में शामिल होना चाहता है यह उसका हिस्सा होगा। उन्होंने कहा, इसकी पुष्टि के लिए हम अब घोषणा पर काम कर रहे हैं लेकिन यह तय है कि यूक्रेन नाटो में शामिल होगा।

- **जेलेंस्की ने कहा कि अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन अभी भी नाटो का हिस्सा है।**

हालांकि इस सम्मेलन से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि

युद्ध से तबाह यूक्रेन अभी नाटो में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है। बाइडेन ने इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका और अन्य सहयोगी यूक्रेनी बलों को रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए आवश्यक सुरक्षा और हथियार प्रदान करना जारी रखेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने विलनियस में रवाना होने से पहले एक साक्षात्कार में यह बातें कहीं। बता दें, दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन में शामिल होने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की लगातार जोर दे रहे हैं।

बाइडेन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि युद्ध के बीच नाटो इस बात पर एकमत है कि यूक्रेन को परिवार में शामिल किया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उदाहरण दिया कि यदि आपने ऐसा किया तो इसका मतलब है कि हम नाटो क्षेत्र के हर इंच के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि यूक्रेन को शामिल करते हैं तो युद्ध के बीच हम सभी भी युद्ध में होंगे। अगर ऐसा होता है तो रूस से युद्ध लड़ना पड़ेगा। बाइडेन ने कहा, हमें यूक्रेन को नाटो में शामिल होने के योग्य बनाने के लिए एक तर्कसंगत रास्ता तैयार करना होगा।

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता अंतिम चरण में

ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में भारत का फोकस रोज़गारपरक सेक्टर के निर्यात में बढ़ोत्तरी करना होगा,

- **अभी ब्रिटेन के बाजार में बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया जैसे देश भारत को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हैं।**
- **भारत और ब्रिटेन के बीच वित्त वर्ष 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर का व्यापार किया गया।**

ताकि निर्यात के साथ घरेलू स्तर पर रोज़गार भी बढ़ सके। भारत की कोशिश है कि ब्रिटेन में होने वाले गारमेंट्स, लेदर, जेम्स और

ज्वैलरी, इंजीनियरिंग गुड्स जैसे आइटम के निर्यात पर शुल्क जीरो हो जाए या यह शुल्क नाममात्र का हो जिससे भारतीय वस्तुएं ब्रिटेन के बाजार में दूसरे देशों के साथ आसानी से प्रतिस्पर्धा कर सकें।

सर्विस सेक्टर में भी भारत अपने प्रोफेशनल्स को ब्रिटेन में अधिक से अधिक कारोबारी अवसर दिलाने की कोशिश कर रहा है। पिछले एक साल से भी अधिक समय से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है और अब अगले चरण की बातचीत के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ब्रिटेन के दौरे पर जायेंगे।

वित्त वर्ष 2021-22 में दोनों देशों के बीच 17.5 अरब डॉलर का व्यापार किया गया था। मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक दोनों देशों के बीच एफटीए को लेकर चल रही वार्ता अंतिम दौर में है और इस साल दिसंबर तक एफटीए होने की पूरी उम्मीद है।

भारत और मालदीव ने किये कई समझौतों पर हस्ताक्षर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। हैदराबाद हाउस में शाहिद के साथ बैठक के बाद श्री जयशंकर ने ट्वीट किया कि हमारी विकास साझेदारी में निरंतर प्रगति के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह सीधे तौर पर आर्थिक वृद्धि और हमारे पड़ोसी के सामाजिक कल्याण में योगदान है।

विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने शाहिद के साथ हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता एवं समृद्धि तथा दोनों देशों के अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए साझेदारी को लेकर अपना रुख साझा किया। श्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोस प्रथम और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा एवं वृद्धि पहल के लिए एक अच्छा दिन रहा। वहीं, शाहिद ने कहा कि दोनों पक्षों ने उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास योजना के दूसरे चरण के तहत नौ सहमति पत्रों का आदान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के उन्नयन, स्कूलों के डिजिटलीकरण पर समझौते हुए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।